य एषु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, गुरुवार, 08 अगस्त, 2024 | श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्थी, संवत् 2081

वर्ष : 20 | अंक : 16 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



**पहली परीक्षा में फेल कोच गंभीर, श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत को वनडे सीरीज में हराया**

@स्पोर्ट्स &गेमिंग

**ओलंपिक में भारत... आज**

- **एथलेटिक्स** — **ज्योति याराजी,** 100 मी बाधा दौड़, रेपचेज राउंड, दोपहर 2.05 से | **नीरज चोपड़ा,** भाला फेंक फाइनल, रात 11.55 बजे
- **कुश्ती** — **अंशु मलिक,** महिला 57 किग्रा, दोपहर 2.58 बजे | **अमन सेहरावत,** पुरुष 57 किग्रा, दोपहर 2.58 बजे से
- **पुरुष हॉकी** — **भारत बनाम स्पेन,** कांस्य पदक मुकाबला, शाम 5.30 बजे
- **गोल्फ** — **अदिति अशोक,** दूसरा राउंड, दोपहर 12.30 बजे से

**पेरिस ओलंपिक** | **थोड़ा-सा अधिक वजन पाए जाने पर विनेश फोगाट अयोग्य घोषित**

# भारत का दिल टूटा

## देश के सपने पर भारी पड़ा 100 ग्राम

**खेल अदालत में की अपील, फैसला आज**



ओलंपिक खेलों में महिला कुश्ती स्पर्धा में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद निराश विनेश।

### कब और कैसे हुआ

**मंगलवार सुबह** 49.900 किग्रा

**मंगलवार रात** 52.700 किग्रा (2.700 किग्रा वजन बढ़ा)

**बुधवार सुबह** 50.100 किग्रा (100 ग्राम वजन बढ़ा पाया गया)

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस/ नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक में बुधवार को भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का वजन 100 ग्राम अधिक पाए जाने पर उन्हें 50 किग्रा की स्पर्धा से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने मंगलवार को जिस तरह लगातार तीन मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाकर ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव हासिल किया था, उससे भारत के करोड़ों लोग फाइनल में गोल्ड मेडल जीतने का सपना देखने लगे थे। लेकिन, बुधवार सुबह विनेश को अयोग्य घोषित होने की सूचना ने सबका दिल तोड़ दिया।

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के नियमों के अनुसार फोगट को इस स्पर्धा की रैंकिंग में अंतिम स्थान पर रखा जाएगा। इस निर्णय के साथ ही भारतीय पहलवान के असाधारण प्रदर्शन का एक नाटकीय और निराशाजनक अंत हो गया।

शेष@पेज 10

खेलमंत्री बोले- हर संभव सहायता दी गई, विपक्ष ने कहा... @पेज02

### कोच और सपोर्ट स्टाफ जिम्मेदार

**आखिर** विनेश फोगाट का वजन एक दिन में 2.700 किग्रा कैसे बढ़ा? डब्ल्यूएफआइ के अध्यक्ष संजय सिंह ने इस पूरे मामले के लिए कोच और न्यूट्रिशियन को जिम्मेदार बताया। संजय सिंह ने कहा, इसके लिए सपोर्ट स्टाफ जिम्मेदार होगा। वे विनेश के साथ लंबे समय से काम कर रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए था कि वजन को कैसे नियमानुसार कायम रखा जाए। विनेश 2018 से हंगरी के कोच वॉलर एकॉस से ट्रेनिंग ले रही हैं।

### क्या हैं वजन संबंधी नियम...

1. पहलवान को प्रतियोगिता के दिन सुबह वजन कराना होता है। **प्रत्येक भार वर्ग की प्रतियोगिता दो दिनों तक चलती है,** जिसमें फाइनलिस्ट व रेपेचेज प्रतिभागियों को दोनों दिनों में वजन की आवश्यकताओं को पूरा करना होता है।
2. शुरुआती दिन एथलीटों के पास वजन के लिए 30 मिनट का समय होता है। इस दौरान **पहलवान कितनी भी बार वजन नाप सकता है।** दूसरे दिन वजन के लिए 15 मिनट का समय दिया जाता है।
3. यदि किसी पहलवान का **वजन अपने भारवर्ग से 50 ग्राम भी ज्यादा होता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाता है।** लेकिन यदि उसका वजन थोड़ा कम है तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

### इसलिए नहीं मिला कोई पदक

- यदि किसी खिलाड़ी को अयोग्य घोषित किया जाता है तो वह खेलों से बाहर कर दिया जाता है। वह किसी पदक का दावेदार नहीं होता।
- यदि विनेश बाउट के दौरान चोटिल हो जाती तो उनका वजन नहीं मापा जाता। ऐसी स्थिति में यदि वह फाइनल भी नहीं खेलती तो उन्हें रजत पदक मिल जाता।

### विनेश की तबीयत बिगड़ी



**अयोग्य** घोषित होने से निराश विनेश की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ. दिनशॉ पारदीवाला कहा कि उन्हें डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए आइवी फ्लुइड्स दिए गए। वह ठीक महसूस कर रही हैं। विनेश ने आइओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा से बातचीत की और बताया कि वह अयोग्य घोषित किए जाने से निराश हैं।

### स्तब्ध और निराश हूं

विनेश को अयोग्य ठहराए जाने से मैं स्तब्ध और निराश हूं। मैं विनेश से मिली और आइओसी, भारत सरकार व देश के समर्थन का आश्वासन दिया। हम विनेश को चिकित्सा और भावनात्मक सहायता प्रदान कर रहे हैं।' **- पीटी उषा,** आइओए अध्यक्ष

### साजिश की बू...कुछ लोग खुश नहीं

**भारत** के दिग्गज मुक्केबाज और ओलंपिक मेडल विजेता विजेंदर सिंह का कहना है कि विनेश को अयोग्य करार दिया जाना साजिश भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि उसके जैसे खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंटों से पहले वजन कम करने की तकनीक बखूबी आती है। ऐसे में 100 ग्राम वजन के लिए अयोग्य होना मजाक लगता है। कुछ लोग खेलों में भारत के बढ़ते कद को देखकर खुश नहीं है। इस घटना से हर कोई सदमे में है।

### आप चैंपियनों में चैंपियन

विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव और प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज का झटका दुखदाई है। काश शब्द उस निराशा की भावना को व्यक्त कर पाते जो मैं अनुभव कर रहा हूं। मैं जानता हूं कि आप जुझारूपन का प्रतीक हैं। चुनौतियों का मुकाबला करना आपका स्वभाव रहा है। मजबूत होकर वापस आइए! हम सब आपके साथ हैं।' **- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

---

**अधिसूचना 14 को**

### राज्यसभा की 12 सीटों के उपचुनाव तीन सितंबर को

**नई दिल्ली.** नौ राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव तीन सितंबर को होंगे। लोकसभा चुनावों में 10 राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचित होने से 10 सीटें खाली हुई थीं, जबकि दो अन्य रिक्तियां राज्यसभा सांसदों के इस्तीफे से हुई। बारह सीटों में से दो-दो असम, बिहार, महाराष्ट्र, जबकि एक-एक मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा की हैं। उपचुनाव की अधिसूचना 14 अगस्त को जारी होगी।

विस्तृत@पेज02

## न्यूज विंडो

### डेल से निकाले गए 12,500 कर्मचारी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** दिग्गज कंप्यूटर कंपनी डेल ने 12,500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने सेल्स डिवीजन में बड़े पुनर्गठन की घोषणा की है। ऑपरेशंस को आधुनिक बनाने व एआइ पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति के तहत छंटनी की गई। छंटनी ने मुख्य रूप से प्रबंधकों को प्रभावित किया। इनमें से कुछ दो दशक से काम कर रहे थे।

### नेपाल : हेलिकॉप्टर क्रैश, पांच की मौत

**काठमांडू@ पत्रिका.** नेपाल में नुवाकोट जिले के शिवपुरी इलाके में बुधवार को हेलिकॉप्टर क्रैश होने से उसमें सवार चार चीनी नागरिकों समेत सभी पांच लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सयाफ्रूबेंसी के लिए उड़ान भरी थी। इसे कैप्टन अरुण मल्ला उड़ा रहे थे। हादसे के कारण का पता नहीं चला है।

### तमिलनाडु के दो मंत्रियों को झटका



**चेन्नई@ पत्रिका.** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के दो मंत्रियों के.एस.एस.आर. रामचंद्रन व थंगम थेनारासु को आय से अधिक संपत्ति मामलों में बरी करने के निचली अदालत का आदेश रद्द कर दिया। कोर्ट ने निचली अदालत को आरोप तय करने व कानून के अनुरूप कार्यवाही के साथ रोजाना सुनवाई का आदेश दिया।

## झरोखा




---

**सुप्रीम कोर्ट :** 'अनुचित और अपमानजनक' बताया

### हाईकोर्ट के जज की टिप्पणियों पर नाराजगी, आदेश से हटाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस राजबीर सहरावत की एकल पीठ की ओर से अवमानना के एक मामले में शीर्ष अदालत के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर बुधवार को कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उसे आदेश से हटा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई के दौरान जस्टिस सहरावत की टिप्पणियों को 'अनुचित और अपमानजनक' करार दिया।

हालांकि सीजेआइ डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने जस्टिस सेहरावत की टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि देश में संविधान ही सर्वोच्च है। न तो हाईकोर्ट और न ही सुप्रीम कोर्ट। सीजेआइ ने कहा कि पीठ हाईकोर्ट के जज की टिप्पणियों से आहत है। कई चीजों के संबंध में अनावश्यक टिप्पणियां की गईं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का अनुपालन पसंद का नहीं, बाध्यकारी कानूनी प्रणाली का मामला है। पीठ ने न्यायिक अनुशासन का उल्लेख करते हुए कहा कि भविष्य में उसे हाईकोर्ट द्वारा मामलों से निपटने के दौरान अधिक सावधानी बरतने की उम्मीद है।

#### क्या था मामला

**जस्टिस** सेहरावत ने 17 जुलाई के आदेश में हाईकोर्ट की ओर से शुरू की गई अवमानना कार्यवाही पर स्थगन आदेश जारी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करते हुए उसके हस्तक्षेप के अधिकार पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि मनोवैज्ञानिक स्तर पर देखा जाए तो इस प्रकार का आदेश मुख्य रूप से दो कारकों से प्रेरित होता है। पहला, आदेश के परिणाम की जिम्मेदारी लेने से बचने की प्रवृत्ति। दूसरा, सुप्रीम कोर्ट को वास्तव में जितना है, उससे अधिक सर्वोच्च मानने और हाईकोर्ट को संवैधानिक रूप से जितना है, उससे कम उच्च मानने की प्रवृत्ति।

**बवाल के बीच :** हालात ज्यादा बिगड़ने पर बांग्लादेश से और की होगी वापसी

### एयर इंडिया और इंडिगो की ढाका के लिए विशेष उड़ानों से लाए गए 405 भारतीय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** बांग्लादेश में जारी बवाल के बीच एयर इंडिया और इंडिगो ने ढाका के लिए विशेष उड़ानें संचालित कीं। इनके जरिए 405 भारतीयों को स्वदेश लाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया की विशेष उड़ान से बुधवार सुबह 6 बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया। इसी तरह इंडिगो की उड़ान से 200 भारतीय कोलकाता पहुंचे। बांग्लादेश आरक्षण प्रणाली के खिलाफ कई हफ्तों से जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोडने के कारण अपूर्व राजनीतिक संकट से जूझ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश में 12 से 13 हजार भारतीय हैं। फिलहाल सभी को वहां से निकालने की जरूरत नहीं है, लेकिन हालात ज यादा खराब होते हैं तो सरकार उन्हें भारत लाने की कोशिश करेगी। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि ढाका में हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे की चुनौतियों के बावजूद बेहद कम समय में विशेष उड़ान का संचालन किया गया। दिल्ली से ढाका गए विमान में कोई यात्री नहीं था। एयर इंडिया ने दिल्ली से ढाका के बीच दो दैनिक उड़ानों का संचालन बुधवार से बहाल कर दिया। विस्तारा ने भी बुधवार को ढाका के लिए उड़ानों का संचालन किया।

विस्तृत@इंडिया&वर्ल्ड

#### सुरक्षा का सवाल...लौटकर आए अपने देश



एयर इंडिया की फ्लाइट के बुधवार को ढाका से नई दिल्ली पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से बाहर आते लोग।

#### भारत ने उच्चायोग में कर्मचारी किए कम

**बांग्लादेश** में जारी उथल-पुथल को लेकर भारत ने वहां उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास में तैनात गैर-जरूरी कर्मचारियों को बुलाने का फैसला किया है। इसको लेकर सरकार ने एडवायजरी भी जारी की। उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास के कई कर्मचारियों और परिजनों को विमान से भारत लाया गया। उच्चायोग में कामकाज जारी रहेगा। सभी राजनयिक फिलहाल उच्चायोग में ही रहेंगे।

**संसद :** सीतारमण ने दिया सवाल का जवाब

### जन धन खातों में जीरो बैलेंस रखने पर नहीं लगेगा जुर्माना

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि जन धन और बेसिक बचत खातों में न्यूनतम बैलेंस रखना आवश्यक नहीं है। बैंक केवल उन्हीं मामलों में जुर्माना लगाते हैं, जहां ग्राहक खाते में अपेक्षित राशि बनाए रखने में विफल रहते हैं और जिनमें पहले से न्यूनतम बैलेंस रखने का नियम निर्धारित है।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सार्वजनिक बैंकों की ओर से बीते पांच साल में खातों में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर ग्राहकों से 8,500 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूलने के बारे में एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी के मामलों में सरकारी बैंकों ने ग्राहकों को 140 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया। यह 2022-23 के 42.70 करोड़ रुपए के मुकाबले तीन गुना से ज्यादा है।

#### लोकसभा में वित्त विधेयक पारित

**लोकसभा** में बुधवार को वित्त विधेयक 2024-25 पारित हो गया। वित्त मंत्री सीतारमण ने विधेयक पर चर्चा के बाद जवाब में होमबायर्स को प्रॉपर्टी बेचने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स की बजट घोषणा में संशोधन करते हुए राहत देने का ऐलान किया। मिडिल क्लास पर टैक्स का बोझ कम नहीं करने के आरोपों पर उन्होंने कहा, मिडिल क्लास को बजट से फायदा होगा। टैक्सपेयर्स पर टैक्स के बोझ में 37,500 रुपए की कमी आई है।

---

## ट्रेंडिंग न्यूज

**दिल्ली**

### 15 अगस्त को आतिशी करेंगी झंडारोहण

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** छत्रसाल स्टेडियम में 15 अगस्त को दिल्ली सरकार के स्वाधीनता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बदले मंत्री आतिशी झंडारोहण करेंगी। तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल ने दिल्ली के एलजी वी.के. सक्सेना को लिखे पत्र में यह जानकारी दी।



**बॉम्बे हाईकोर्ट**

### ममता कुलकर्णी के खिलाफ केस खारिज

**मुंबई@पत्रिका.** बॉम्बे हाईकोर्ट से पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के खिलाफ 2016 में दर्ज ड्रग तस्करी मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ममता के खिलाफ कार्यवाही 'तुच्छ और अफसोसजनक' है। इस मामले में सुनवाई जारी रखना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

**फ्लैट डिलीवरी**

### युवराज सिंह के विवाद में मध्यस्थ नियुक्त

**नई दिल्ली@पत्रिका.** दिल्ली हाईकोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह व एक रियल एस्टेट फर्म के बीच विवाद सुलझाने के लिए कैट के पूर्व उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता को मध्यस्थ नियुक्त किया है। युवराज ने याचिका में फर्म पर बुक फ्लैट की डिलीवरी में देरी का आरोप लगाया है।

---

**काकोरी एक्शन** | **शहीदों की याद में आज से शुरू होगा एक साल का शताब्दी समारोह**

## 100 साल पहले क्रांतिकारी ट्रेन डकैती से हिल गए थे अंग्रेज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के 100 साल पूरे होने पर एक साल के शताब्दी समारोह में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों को याद किया जाएगा। समारोह का उद्घाटन गुरुवार को दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में होगा। इसके बाद देश में विभिन्न जगह नौ अगस्त, 2025 तक कई कार्यक्रम होंगे। समारोह की रूपरेखा दिल्ली के सभ्यता अध्ययन केंद्र ने बनाई है।

केंद्र के निदेशक रवि शंकर ने बताया कि अंग्रेज शासकों की भारतीयों से वसूली व लूट को लेकर नौ अगस्त, 1925 को क्रांतिकारियों ने लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन के पास अंग्रेजों के खजाने वाली सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन पर हमला किया था। इस घटना ने अंग्रेजी शासन को चुनौती देकर हिला दिया था। इसलिए सीसीएस ने काकोरी सशस्त्र प्रतिरोध की शताब्दी को समारोह का स्वरूप देने का फैसला किया।

सभ्यता अध्ययन केंद्र ने बनाई देश में कई जगह कार्यक्रमों की रूपरेखा




### 4679 रुपए की लूट, 4 को हुई थी फांसी

**क्रांतिकारियों** ने काकोरी के पास ट्रेन रोककर 4679 रुपए, एक आना और छह पाई की लूट की थी। उस जमाने में यह बड़ी रकम थी। अंग्रेजी हुकूमत ने 29 क्रांतिकारियों पर मुकदमा चलाया। इनमें से चार राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह को फांसी, जबकि दो को कालापानी की सजा दी गई। मुकदमे पर अंग्रेज हुकूमत के करीब आठ लाख रुपए खर्च हुए थे।

#### जर्मनी की माउजर पिस्तौलों का इस्तेमाल

**काकोरी** ट्रेन एक्शन का मकसद ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष के लिए हथियार खरीदना था। इस हमले में जर्मनी की चार माउजर पिस्तौलों का इस्तेमाल किया। इनमें बट के पीछे लकड़ी का कुंदा लगाकर रायफल की तरह इस्तेमाल किया जा सकता था। इस घटना को हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सिर्फ दस सदस्यों ने अंजाम दिया था।

**सावधान :** डब्ल्यूएचओ की सूची जारी, भारत में मिला निपाह वायरस शामिल

## वैज्ञानिकों ने की तीस खतरनाक रोगाणुओं की पहचान, दुनियाभर में फैला सकते हैं महामारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जिनीवा.** वैज्ञानिकों ने 30 ऐसे खतरनाक वायरस और बैक्टीरिया की पहचान की है, जो दुनिया में अगली महामारी के हालात पैदा कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल ही इन रोगाणुओं की सूची जारी की है। इनमें भारत में पाया गया निपाह वायरस शामिल है।

नेचर जर्नल में छपी डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में बताया गया कि ये रोगाणु लोगों को तेजी से संक्रमित कर सकते हैं। इनमें से बहुत कम वायरस के लिए वैक्सीन उपलब्ध है। वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम के 200 सदस्यों ने दो साल तक 1,652 सूक्ष्म जीवों का विश्लेषण किया।

शेष@पेज 10

#### रोका जाएगा प्रसार

**दक्षिण-पूर्व** एशिया में जो रोगाणु खतरनाक साबित हो सकते हैं, उनमें वाइब्रियो कॉलरा 0139, शिंजेला डिस्ट्रेट्री सेरोटाइप 1, हेनिपा, निपाह व अल्फा वायरस शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि वैज्ञानिक रोगाणुओं पर अनुसंधान कर रहे हैं, ताकि इनके प्रसार को रोका जा सके।

#### प्रोटोटाइप के आधार पर बनेगी वैक्सीन

**डब्ल्यूएचओ** ने बताया कि वैज्ञानिकों ने कुछ रोगाणुओं के प्रोटोटाइप की पहचान की है, जो अध्ययन के लिए मॉडल साबित हो सकते हैं। इनके आधार पर वैक्सीन विकसित की जा सकती है। इससे पहले पैथोजन एक्स को भविष्य में महामारी फैलाने वाले वायरस के रूप में पहचाना गया था।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ▪ अलवर ▪ अहमदाबाद ▪ इंदौर ▪ उज्जैन ▪ उदयपुर ▪ कोटा ▪ कोलकाता ▪ खंडवा ▪ ग्वालियर ▪ चेन्नई ▪ छिंदवाड़ा ▪ जगदलपुर ▪ जबलपुर ▪ जयपुर ▪ जोधपुर ▪ झुंझुनूं ▪ दिल्ली ▪ नागौर ▪ नर्मदापुरम ▪ पाली ▪ बाड़मेर ▪ बांसवाड़ा ▪ बिलासपुर ▪ बीकानेर ▪ बेंगलूरु ▪ भरतपुर ▪ भिलाई ▪ भीलवाड़ा ▪ भोपाल ▪ रतलाम ▪ रायपुर ▪ सतना ▪ सागर ▪ सीकर ▪ सूरत ▪ शहडोल ▪ श्रीगंगानगर

उम्मेदाराम ने की रेल मंत्री से मुलाकात

## जैसलमेर-भाभर प्रोजेक्ट का बजट मांगा

**नई दिल्ली@पत्रिका ब्यूरो.** बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने बुधवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के जैसलमेर- बाड़मेर-भाभर रेलवे प्रोजेक्ट का बजट आवंटित करने की मांग की। साथ ही बाड़मेर और जैसलमेर स्टेशन से पूर्व में संचालित व हाल ही में बंद की गई ट्रेनों को पुनः शुरू करने का आग्रह किया।

सांसद बेनीवाल ने रेल मंत्री को बताया कि यह रेल परियोजना बाड़मेर संसदीय क्षेत्र की 30 साल से लंबित मांग है। 2016-17 में 5 हजार करोड़ की घोषणा की गई, लेकिन सर्वे और फिजीबिलिटी की गलत रिपोर्ट पेश की गई। इसमें 7% घाटा बताया गया, जिस कारण स्वीकृति नहीं मिलने से कार्य एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा। सांसद ने रेलवे लाईन क्षेत्र और भौगोलिक स्थितियों में हुए सुधार सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का हवाला दिया। साथ ही सांसद ने बाड़मेर रेलवे स्टेशन को विकसित करने और वाशिंग यार्ड निर्माण के लिए आवंटित 200 करोड़ के बजट का कार्य को जल्द शुरू करवाने की भी मांग की।

संसद में गूंजा पहलवान विनेश फोगाट का मामला

# खेलमंत्री बोले- हर संभव सहायता दी गई, विपक्ष ने कहा- काला दिन

### भारत ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विरोध दर्ज कराया

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित किए जाने पर संसद में भी हंगामा हुआ। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में कहा कि ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा जो पेरिस में हैं, प्रधानमंत्री ने उनसे बात करके उचित एक्शन लेने को कहा है। भारत ने महिला पहलवान विनेश फोगाट के मुद्दे को लेकर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। विपक्ष ने इसे ब्लैक डे बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भारतीय खेल इतिहास के लिए यह काला दिन है।



खेल मंत्री मनसुख मंडाविया

### विपक्ष ने किया वॉकआउट

खेल मंत्री ने कहा कि जहां तक उनकी तैयारी के लिए सहायता का प्रश्न है, भारत सरकार ने विनेश की उनकी आवश्यकता के अनुसार हर संभव सहायता प्रदान की है। उसके लिए पर्सनल स्टाफ भी नियुक्त किया गया है जो कि अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। उनके साथ हंगरी के विख्यात कोच वोलेर अकोस और फिजियो अश्विनी पाटिल हमेशा साथ रहते हैं।

इनको ओलंपिक के लिए इनके अतिरिक्त व्यक्तिगत सहायक स्टाफ जैसे विभिन्न स्पारिंग पार्टनर्स, स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विशेषज्ञ, के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मंडाविया ने फोगाट को उपलब्ध कराई सुविधाओं को गिनाया तो विपक्ष ने लोकसभा से वॉकआउट किया।

### पूरे मामले की जांच हो

इस मामले पर कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और भारत सरकार को इसमें हरसंभव हस्तक्षेप करना चाहिए। आप की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता ने कहा कि विनेश ने पहले ही साजिश की आशंका जताई थी और कहा था कि उनकी पूरी टीम बृजभूषण शरण सिंह ने चुनी है। ये टीम कहीं कुछ ऐसा न मिला दे, जिससे सबकुछ गड़बड़ हो जाए। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व उप-प्रधान अभय सिंह चौटाला ने भी कहा कि इसमें साजिश की बू आ रही है। हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री अनिल विज ने विपक्ष को भी नसीहत दी कि खेल को खेल रहने देना चाहिए, राजनीति में खेल होते देखा है लेकिन खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### विनेश के खिलाफ नफरती साजिश का आरोप



**कई** खिलाड़ी और राजनेता विनेश फोगाट को ओलंपिक से अयोग्य घोषित किए जाने की घटना में साजिश की बू महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि देश की बेटी के खिलाफ बहुत बड़ी नफरती साजिश है। पहले मोदी के चहेते बृजभूषण सिंह ने उसे प्रताड़ित किया। उसके बाद भी उस बेटी ने ओलंपिक में तिरंगा फहराया। लेकिन, अब एक साजिश के तहत उसे डिसक्वालीफाई करवा दिया गया। ऐसे में सवाल हैं कि कौन है जिसे विनेश फोगाट की जीत हजम नहीं हुई?

## राजमैस के पांच मेडिकल कॉलेजों में मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट स्थापित की जाए : डांगी

**नई दिल्ली@पत्रिका ब्यूरो.** राज्यसभा में राजस्थान के सांसद नीरज डांगी ने राजस्थान के भरतपुर, भीलवाडा, चूरू, पाली एवं डूंगरपुर के राजमैस मेडिकल कॉलेजों में मल्टी डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एम.डी.आर.यू.) की स्थापना की मांग की।

डांगी ने बताया कि राजस्थान सरकार के हस्ताक्षरयुक्त एमओयू 28 नवम्बर 2019 को केंद्र सरकार को भेजे गए। इन प्रस्तावों पर टेक्निकल कमेटी की ओर भीलवाड़ा तथा डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के लिए आब्जर्वशन प्राप्त हुए हैं। जबकि भरतपुर, चूरू एवं पाली के लिए ऑब्जर्वेशन प्राप्त होना अभी बाकी है। एमडीआरयू की डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के लिए 30 सितंबर 2021 को प्रथम किस्त 1.25 करोड़ रुपए की स्वीकृति, स्थान चिन्हित व पीडब्ल्यूडी को एजेन्सी नियुक्त करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज हेतु पंजीकरण 21 सितम्बर 2022 को पूर्ण किया। तीन आपत्तियों में से दो का समाधान हो चुका है और एक पशु आवास के संबंध में प्रक्रियाधीन है।

# 12 राज्यसभा सीटों पर 3 सितंबर को होंगे चुनाव

### 9 राज्यों में 10 नेताओं के लोकसभा चुनाव जीतने और 2 के इस्तीफे से खाली हुईं सीटें

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश के राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित 9 राज्यों में राज्यसभा की खाली हुईं 12 सीटों पर 3 सितंबर को चुनाव होंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार को ये जानकारी जारी की है। इन सीटों पर 21 अगस्त तक नामांकन हो सकेंगे।

असम, बिहार, महाराष्ट्र से दो-दो सीटें, जबकि मध्यप्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना, ओडिशा और हरियाणा में एक-एक राज्यसभा सीट रिक्त चल रही है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने इस बार केरल से लोकसभा चुनाव जीतने पर राजस्थान से राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा दिया था।

इसी तरह एमपी से ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र से पीयूष गोयल और उदयराजे भोंसले, त्रिपुरा से बिप्लब देब, असम से सर्बानंद सोनोवाल और कामाख्या प्रसाद तासा, बिहार से मीसा भारती और विवेक ठाकुर वहीं हरियाणा से दीपेंद्र हुड्डा ने भी लोकसभा चुनाव जीतने पर राज्यसभा की सीट छोड़ी थी। जबकि ओडिशा से बीजेडी सांसद ममता मोहंता और तेलंगाना से बीआरएस के राज्यसभा सांसद के केशव राव के इस्तीफा देने से दोनों राज्यों में सीट खाली हुई है।

लोकसभा में उठाया राजस्थान में सर्वाधिक टोल नाकों का मुद्दा, दिल्ली-अजमेर हाईवे की बदहाली

# बदहाल सड़कें, फिर भी वसूल रहे टोल: बेनीवाल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** आरएलपी प्रमुख और नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 983 टोल नाके होना चिंताजनक हैं। वहीं, 142 टोल बूथ अकेले राजस्थान में हैं। इतने टोल नाकों पर करोड़ों रुपए टोल के चुकाने के बावजूद लोगों को खस्ताहाल हाइवे से वाहन निकालने पड़ रहे हैं।


राजस्थान में सर्वाधिक 142 टोल नाके, सबसे ज्यादा वसूली
दो घंटे का सफर 6-7 घंटे में करा

पत्रिका में प्रकाशित

बेनीवाल ने लोकसभा में वित्त विधेयक को चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली-अजमेर हाईवे पर कई जगह फ्लाई ओवर बनाने का काम चल रहा है। इसके बावजूद सर्विस लेन को ठीक नहीं किया। वहीं वैकल्पिक मार्ग भी नहीं बनाए। खस्ताहाल हाइवे से होकर वाहनों को निकालना पड़ रहा है। उन्होंने राजस्थान सहित पूरे देश में टोल मुक्त करने की मांग की है। बेनीवाल ने बीकानेर से नागौर होते हुए दिल्ली जाने वाली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन नियमित करते हुए इसका नाम गौ-रक्षक वीर तेजाजी महाराज के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा है। बेनीवाल ने कहा कि पीएम मोदी केवल ट्वीट करने से काम नहीं चलेगा, विनेश फोगाट को वापस खिलवाने के लिए मोदी को हस्तक्षेप करना चाहिए।

**दस लाख तक की आय हो टैक्स फ्री:** बेनीवाल ने कहा कि केन्द्रीय कर्मचारियों व पैरा मिलिट्री के जवानों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम पुनः लागू की जाए। साथ ही 10 लाख तक की आय को इनकम टैक्स फ्री किया जाए।

## सोनिया से मिलीं मेडल गर्ल मनु भाकर



**नई दिल्ली.** पेरिस ओलंपिक में दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाने वाली मनु भाकर ने बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी से मुलाकात की।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ कल जोधपुर में

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जोधपुर.** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिवसीय यात्रा पर 9 अगस्त को आएंगे। उपराष्ट्रपति राज्य न्यायिक अधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शरीक होंगे। दस अगस्त को सुबह 10.30 बजे राजस्थान उच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ पर मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति ए.जी. मसीह, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीपति संदीप मेहता, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति अरुण भंसाली, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एमएम श्रीवास्तव, मंत्री जोगाराम पटेल, सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता और भारतीय बार परिषद के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा आदि भाग लेंगे।

केन्द्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने सांसद सीपी जोशी को बताया

# रावतभाटा एटॉमिक पॉवर प्लांट पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य इस साल होगा शुरू

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** राजस्थान के रावतभाटा एटॉमिक पॉवर प्लांट पर 18 करोड़ रुपए को लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य इस साल शुरू होगा। केन्द्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने यह जानकारी चित्तौड़गढ़ के सांसद सी पी जोशी को दी।



दरअसल, लोकसभा में केन्द्रीय परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह से जोशी भेंट की और चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा में स्थित राजस्थान एटॉमिक पावर प्लांट से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस बैठक में परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री से एन.पी.सी.आई.एल. उपक्रम में सामाजिक सरोकार के माध्यम से हो रहे कार्यो के संबध में जानकारी प्रदान की तथा क्षेत्र के विकास के लिए इसके माध्यम से विकास कार्यो के प्रस्ताव दिए। राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि रावतभाटा साईट पर एन.पी.सी.आई.एल. के की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं, पेयजल आदि के क्षेत्र में विभिन्न प्रस्तावों के आधार पर कार्य लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही जोशी ने सिंह से स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान करने, सामाजिक सरोकार के दायरे को 16 किमी क्षेत्र से बढ़ाकर सम्पूर्ण पंचायत समिति क्षेत्र करने समेत विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत से चर्चा की।

एससी-एसटी आरक्षण सब कैटेगरी करने का मामला

# सुरक्षित रास्ता निकालने की कोशिश में कांग्रेस

### पार्टी फिलहाल इस पर स्टैंड लेने से पीछे हटी

### खरगे के आवास पर बैठक आयोजित

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट के एससी और एसटी आरक्षण में सब कैटेगरी करने के निर्णय पर कांग्रेस सुरक्षित रास्ता खोजने में जुटी हुई है। इस मामले पर पार्टी सिविल सोसायटी व हितधारकों से बात करने के निर्णय कर फिलहाल इस पर स्टैंड लेने से पीछे हट गई है।

सुप्रीम कोर्ट के एससी और एसटी आरक्षण में सब कैटेगरी के फैसले पर कांग्रेस फूंक-फूंक कर कदम बड़ा रही है। इस मसले पर पार्टी का रुख तय करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बैठक हुई, जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, रणदीप सुरजेवाला, जयराम रमेश समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसके साथ ही कानूनी जानकार व कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और पार्टी के दलित नेता मुकुल वासनिक, कुमारी शैलजा, पीएल पुनिया, उदित राज, राजेश लिलोठिया मौजूद रहे। सूत्रों ने बताया कि दलित नेता और पदाधिकारी कोर्ट के फैसले के खिलाफ नजर आए। उन्होंने एससी और एसटी आरक्षण में सब कैटेगरी करने के निर्णय का विरोध किया। वहीं अन्य नेताओं ने इस पर सोच-विचार कर प्रतिक्रिया देने की बात रखी। बैठक में यह तय किया गया कि इस मामले में सिविल सोसायटी व इससे प्रभावित होने वाले संगठनों के लोगों से बात कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### कर्नाटक व तेलंगाना ने किया स्वागत

कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक और तेलंगाना कोर्ट के आदेश के बाद ही इस फैसले का स्वागत कर चुके हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के सिद्धरमैया और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी इस फैसले को लागू करने की बात कह चुके हैं।

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में हुए सवाल पर दी जानकारी

# मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए की कई तकनीकी पहल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** देश में नशे के खिलाफ लड़ाई को धार देते हुए मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए गृहमंत्रालय ने कई पहल की है। केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सहित तकनीक आधारित कई पहलें की हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि नार्को समन्वय (एनसीओआरडी) पोर्टल बनाया गया है। यह जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के सभी चार स्तरों की मादक पदार्थ विधि प्रवर्तन एजेंसियों सहित केंद्रीय मंत्रालयों के लिए सभी मादक पदार्थ व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) से संबंधित जानकारी प्राप्त करने को लेकर एक स्रोत है।

### मानस हेल्पलाइन शुरू

नित्यानंद राय ने बताया कि सरकार ने 1933- मानस हेल्पलाइन शुरू की है, जिसे नागरिकों के लिए विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से मादक पदार्थों से संबंधित मुद्दों की रिपोर्ट करने के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में डिजाइन किया गया है।

इसी तरह जांच और सक्रिय पुलिसिंग के लिए जांच एजेंसियों की सहायता के लिए गिरफ्तार नार्को-अपराधियों पर राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निदान) पोर्टल विकसित किया गया है। यह नारकोटिक्स ड्रग्स और साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम- 1985 के तहत मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में शामिल नार्को-अपराधियों का डेटा प्रदान करता है।

लोकसभा में उठा श्रीगंगानगर क्षेत्र का मुद्दा

# दूषित पानी से 15 जिले और दो करोड़ लोग प्रभावित

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** राजस्थान के श्रीगंगानगर क्षेत्र में दूषित पानी के चलते कृषि व पेयजल की हो रही समस्या का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में गूंजा। श्रीगंगानगर के सांसद कुलदीप इंदौरा ने कहा कि दूषित पानी से 15 जिले के करीब 2 करोड़ लोग प्रभावित हो रहे हैं। इस समस्या का शीघ्र समाधान होना चाहिए।

### किसान धरना दे रहे



इंदौरा ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान लोक महत्व के स्थानीय मुद्दा उठाते हुए कहा कि श्रीगंगानगर के संगरिया विधानसभा में दूषित पानी के खिलाफ किसान करीब 6 महीने से धरना दे रहे हैं। इस क्षेत्र में तीन परियोजनाओं से पेयजल व सिंचाई का पानी मिलता है। इन तीनों परियोजनाओं में क्षमता से कम पानी मिलता है और वो भी दूषित आ रहा है। इससे सिंचाई व पेयजल की समस्या हो रही है। वहीं दूषित पानी के कारण वहां लोगों में कैंसर, लीवर खराब होने समेत कई बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

### किसानों की आय तो नहीं, लागत दो गुनी हुई: ओला



झुंझुनू से सांसद बृजेन्द्र ओला ने वित्त विधेयक-2 की चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मोदी सरकार का यह बजट देखकर लगता है कि ये धनवानों के लिए, धनवानों के दोस्तों द्वारा, धनवानों से सहानुभूति रखने वाले लोगों के लिए बनाया गया है। यह बजट आम आदमी से दूर है। सबसे बड़ी मार किसान और किसानी पर की है। किसानों की आय दो गुनी की बजाय फसल उत्पादन की लागत दो गुनी कर दी। कृषि उपकरण पर जीएसटी लगाई गई। खाद महंगा कर दिया।

# मेहंदी, लहरिया और तीज की सवारी बनी आकर्षण



पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** श्रावण महीने में रंग-बिरंगी साज सज्जा, रंग बिरंगी पोशाके, हैंडीक्राफ्ट्स की प्रदर्शनी से बीकानेर हाउस साप्ताहिक तीज उत्सव के चौथे दिन तीजमय हो गया। यह उत्सव राजस्थानी कला एवं संस्कृति की अमिट छाप संजोए हुए हैं।

इस उत्सव में तीज माता की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से पूजा अर्चना करके राजस्थानी रीति रिवाज के साथ निकाला गया। इस यात्रा में सभी आगंतुक भपंग, जोगियासारंगी और रावनहत्ता की धुन पर लोक संगीत का आनंद लेते हुए राजस्थानी संस्कृति से सराबोर झूमते नाचते नजर आए। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता में कीर्ति, छोटू और नीलम, लहरिया पोशाक स्पर्धा में ममता सिंह, निशा राज और सुनीता को पुरस्कृत किया गया।

राजस्थान की अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजू ओमप्रकाश ने बताया कि दिल्ली में बसे प्रवासी राजस्थानियों और निवासियों को राजस्थानी कला संस्कृति की झलक दिखाता है। इस उत्सव में राजस्थानी कला संस्कृति से जुड़े प्रत्येक पहलू का एक ही जगह संगम देखने को मिलता है, जो राजस्थान को एक विशिष्ट पहचान दिलाता है।

मुख्यमंत्री ने एचएएल में देखी कार्यप्रणाली, स्वदेशी विमान तेजस में बैठकर समझा सिस्टम, आज उद्योगपतियों से चर्चा-एमओयू

# सीएम ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स को दिया मप्र में यूनिट खोलने का आमंत्रण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल/नई दिल्ली.** प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए मुंबई और कोयंबत्तूर के बाद सरकार कर्नाटक के प्रमुख औद्योगिक केंद्र और देश की सिलिकॉन वैली बैंगलूरु में गुरुवार को तीसरे इंटरेक्टिव सेशन का आयोजन कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को बैंगलूरु पहुंचे। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का निरीक्षण किया। स्वदेशी लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट तेजस में बैठकर सुरक्षा और मारक प्रणाली की जानकारी ली। सीएम ने एचएएल निर्मित कई विमान व हेलीकॉप्टर के निर्माण एवं कार्यपद्धति को समझा। मुख्यमंत्री ने एचएएल को मप्र में यूनिट लगाने का न्योता दिया।

सीएम ने कहा, एचएएल की एयरोस्पेस एवं रक्षा में से किसी एक विंग की मप्र में स्थापना हो। हम जमीन व आधारभूत सुविधाएं सिंगल विंडो से जल्द पूरी कराएंगे। यूनिट लगाने के लिए नोडल अफसर भी नियुक्त करेंगे, ताकि प्रक्रिया आसान हो।




मुख्यमंत्री को एचएएल के चेयरमैन और एमडी सीबी कृष्ण अनंत ने समझाई तेजस की प्रणाली।

### स्पेसटेक कंपनियों से राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस

सीएम ने बुधवार रात में स्पेस टेक कंपनीज और नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एवं सर्विसेज कंपनीज-नैसकॉम के साथ राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की। इसमें मप्र में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और आइटी में निवेश पर चर्चा की गई।

### आज एनवीडिया और गूगल के प्रतिनिधियों से होगी चर्चा

सीएम गुरुवार सुबह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और आइटी क्षेत्र में काम कर रही दिग्गज कंपनी एनवीडिया और गूगल के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे और प्रदेश में निवेश का न्योता देंगे। सीएम आइटी, आइटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं विनिर्माण, टेक्सटाइल-गारमेंट, एयरोस्पेस एवं डिफेंस, ऑटोमोबाइल व अन्य क्षेत्रों के उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।

## राजस्थान अक्षय ऊर्जा बिजनेस प्रमोशन सम्मेलन आज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** ऊर्जा विभाग की ओर से गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान अक्षय ऊर्जा बिजनेस प्रमोशन सम्मेलन का होगा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे और अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर करेंगे।

ऊर्जा विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने बताया कि इस सम्मेलन में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित अक्षय ऊर्जा के डवलपर्स, वित्तीय संस्थानों, ईपीसी वेंडर, सोलर उपकरणों के निर्माता शामिल होंगे।

**पोलमपोल** भायो

गफलत कुण की रह गयी, अणघट रहग्यो भार।
हिम्मत जबर विनेश की, जीती छै हर बार!!

**प्रदेशभर में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अलग से नहीं कैडर,** न नए स्कूल न नए पदों पर नियुक्ति, समायोजन के भरोसे चल रहा काम

# उधारी के शिक्षक-कार्मिकों के भरोसे सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल

पत्रिका **चन्द्र प्रकाश जोशी**
patrika.com

**अजमेर.** प्रदेश में राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में शिक्षकों, प्रधानाचार्यो एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों के पद हिन्दी माध्यम स्कूल के पदों में कटौती करके बढ़ाए जा रहे हैं। महात्मा गांधी स्कूल के लिए अलग कैडर बनाने के बजाय हिन्दी माध्यम स्कूल के पदों में कटौती करके इनका संचालन किया जा रहा है।

महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को सिर्फ नाम परिवर्तन कर चलाया जा रहा है। अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की अलग से नियुक्ति नहीं की गई है। सरकार की ओर से न तो अलग से महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए और न अलग से स्टाफ की नियुक्ति की गई। इससे हिन्दी माध्यम स्कूल के शैक्षणिक स्तर में भी गिरावट आने की आशंका है।


**अजमेर.** बालुपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय उमा विद्यालय।

**प्रदेश के एमजीजीएस में पदों की स्थिति**

**एडिशनल** एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर 111, एसिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर 339, बेसिक कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर 877, चतुर्थ ग्रेड 2937, कोच 2, जमादार 55, जूनियर असिस्टेंट 1424, लेब असिस्टेंट 551, लेब बॉय 140, लेक्चरर 4965, लेक्चरर फिजिकल एज्यूकेशन 19, लाइब्रेरियन फर्स्ट ग्रेड 2, लाइब्रेरियन सैकण्ड ग्रेड 143, लाइब्रेरियन थर्ड ग्रेड 333, फिजिकल एज्युकेशन टीचर 851, प्री प्राइमरी टीचर 2018, प्रिंसीपल या समकक्ष 1925, सीनियर असिस्टेंट 606, सीनियर टीचर 10829, टीचर लेवल -एक 9501, टीचर लेवल -दो 5170, वाइस प्रिंसीपल 1056 सहित अन्य पद स्वीकृत हैं।

**हो रहा नुकसान:** अंग्रेजी माध्यम का अलग कैडर बनाकर कोई शिक्षकों की भर्ती भी नहीं की गई है। इससे दोनों माध्यम के स्कूलों में नुकसान हो रहा है।

**इनका कहना है...**

सरकार ने वाहवाही लूटने के लिए हिन्दी माध्यम के स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदल दिया। हिन्दी माध्यम के स्कूलों में पद कम करके अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी स्कूलों में शिफ्ट कर दिया। इससे नुकसान हो रहा है।

**बसन्त कुमार ज्याणी,** प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा

**आदर्श सोसायटी घोटाला**

# 262 करोड़ का ऋण बकाया, कर्जदारों की सम्पत्ति अटैच

### ऋणी वीरेन्द्र मोदी की पत्नी दक्षा मोदी की आपत्ति की खारिज

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**सिरोही.** आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी घोटाला मामले में सोसायटी लिक्विडेटर की ओर से सोसायटी के पैसे से खरीदी गई सम्पत्तियों व सोसायटी का लोन चुकता नहीं करने वाले कर्जदारों की करोड़ों रुपए की सम्पत्तियों को अटैच किया जा रहा है। सोसायटी के तत्कालीन ऋणी वीरेन्द्र मोदी द्वारा सोसायटी से लिए 262 करोड़ का लोन चुकता नहीं करने पर सोसायटी लिक्विडेटर रिटायर्ड आईएएस एच एस पटेल ने सिरोही-शिवगंज रोड पर नेहरू नगर के सामने स्थित खसरा नम्बर 1220 /406 की 1.4297 हैक्टेयर भूमि को अटैच कर सूचना चस्पा की है।

लिक्विडेटर ने इन सम्पत्तियों को अटैच करने के मामले में सोसायटी के कर्जदार वीरेंद्र मोदी की पत्नी दक्षा मोदी की ओर से 21 जुलाई को पत्र लिखकर प्रस्तुत की गई आपत्ति को भी खारिज कर दिया।

लिक्विडेटर के पत्र के मुताबिक वीरेन्द्र मोदी की ओर से कुल 262 करोड़ का लोन नहीं चुकाने पर यह सम्पतियां अटैच की हैं। जिनमें सोसायटी से लिया गया 41 करोड़ का ऋण बकाया है। इसमें वीरेन्द्र मोदी की लीगल उत्तराधिकारी व जमानती दक्षा मोदी है। वीरेंद्र मोदी के नाम से 117 करोड़ का लोन है, उसमें भी दक्षा मोदी जमानती है और तीसरा लोन कृष्णा डेयरी, पाडीव के नाम से 104 करोड़ का है, उसमे दक्षा मोदी पार्टनर बताई जा रही है। ऐसे में लिक्विडेटर ने दक्षा मोदी की आपत्ति को खारिज कर दिया।



सिरोही में सम्पत्ति पर चिपकाया गया नोटिस

### 21 लाख जमाकर्ताओं के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे

आदर्श सोसायटी घोटाले में देश के करीब 21 लाख जमाकर्ताओं के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे हैं। घोटाले का खुलासा होने के बाद से एसएफआईओ, ईडी, इनकम टैक्स व एसओजी 6 सालों से जांच कर ही हैं। सोसायटी के कई संचालक जेल में हैं।

मामले में लिक्विडेटर व सरकार के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। नामांतरण के संबंध में विभाग से जो भी निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे।

**-शुभम चौधरी,** जिला कलक्टर

**ट्रेंडिंग वीडियो** पत्रिका TV

1. 

उड़ने वाली गिलहरी देखी है कभी।

2. 

विनेश के पास था ये विकल्प इस्तेमाल करती तो ...

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV
राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

**खिलाड़ियों का आरोप:** कांग्रेस सरकार ने चहेतों के लिए बदल दिए कायदे

# राजस्थान के लिए पदक जीतकर भी नौकरी नहीं... हरियाणा-पंजाब में गारंटी

पत्रिका स्पॉट लाइट

**अजय शर्मा**
patrika.com

**सीकर.** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय खेल कोटे के दो फीसदी आरक्षण को लेकर बने नियम कायदों के चलते प्रदेश के खिलाड़ियों को बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ रहा है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भी खिलाड़ियों को राहत नहीं मिल रही है। हालांकि प्रदेश की भाजपा सरकार ने आठ महीने में कई बार खेल नीति में बदलाव को लेकर ऐलान किया लेकिन धरातल पर हुआ कुछ नहीं। नजीजा 30 हजार से अधिक खिलाड़ी नौकरी के लिए तरस रहे हैं। खिलाड़ियों का आरोप है कि कांग्रेस सरकार ने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए मंत्रालय से सम्बद्ध कई खेल संगठनों के खिलाड़ियों को नॉन ओलम्पिक श्रेणी में शामिल कर नौकरियों से बाहर कर दिया। खिलाड़ियों की पीड़ा है कि प्रदेश के लिए पदक जीतने के बाद भी यदि नौकरी नहीं मिलती है तो फिर खेलने से क्या फायदा...। जबकि हरियाणा-पंजाब सहित कई राज्यों में दो फीसदी के खेल कोटे में पदक जीतते ही नौकरी की गारंटी मिल रही है।

**सिर्फ ओलम्पिक संघ से सम्बद्ध खेलों को तरहीज:** वर्ष 2022 में कार्मिक विभाग ने सरकारी भर्तियों में दो फीसदी खेल कोटे के आरक्षण के नियमों में अचानक बदलाव कर दिया था। इससे पहले राजस्थान में भी खेल मंत्रालय व ओलम्पिक संघ से सम्बद्ध खेलों के खिलाड़ियों को दो फीसदी आरक्षण का फायदा मिल रहा था। लेकिन तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के दौरान सरकार ने सिर्फ ओलम्पिक खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को ही इस दायरे में लाने का फरमान जारी किया।


**सीकर.** एसके स्कूल के खेल मैदान पर अभ्यास करती खिलाड़ी।

**केस 01**

**खिलाड़ी** सरिता कुमारी ने बताया कि राजस्थान में 2022 से पहले तक सभी भर्तियों में दो फीसदी आरक्षण मिल रहा था। लेकिन पिछली सरकार ने अचानक नियम बदल दिए। इस वजह से कई भर्तियों में खेल कोटे में चयनित होने के बाद भी नौकरी नहीं मिली।

**केस 02**

**ग्राम** विकास अधिकारी, शिक्षक, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास सहित कई भर्तियों में छह हजार खिलाड़ी मंत्रालय से सम्बद्ध खेलों से जुड़े होने के बाद भी बाहर हो गए। खेल कोटे से आवेदन करने वाले नरेन्द्र सहारण ने बताया कि इस साल एक लाख से अधिक पदों पर भर्तियां होनी हैं। मौका नहीं मिला तो ओवरएज हो जाएंगे।

### हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, केरल में ज्यादा मौके

**हरियाणा** सरकार पहले ओलम्पिक संघ से सम्बद्ध खेलों के खिलाडियों का चयन करती है। पद रिक्त रहने पर मंत्रालय से सम्बद्धता प्राप्त खेल संगठनों के खिलाडियों को नौकरियों दी जाती है। राजस्थान में यह फॉर्मूला अपनाया जाता है तो 30 हजार खिलाडियों को फायदा मिल सकता है। वहीं, पंजाब में आउट ऑफ टर्न के पद खाली होने पर अन्य श्रेणी के खिलाडियों को मौका मिलता है। दिल्ली व केरल सहित अन्य राज यों में भी ओलम्पिक व मंत्रालय से सम्बद्ध खेलों के खिलाडियों को फायदा मिलता है।

### खेलों की तैयारी छोड़ पढ़ाई पर फोकस

मंत्रालय से सम्बद्ध खेल संगठनों के खिलाड़ी नौकरी नहीं मिलने की वजह से अब खेलों से दूर होने पर मजबूर हैं। चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जोधपुर, अजमेर, भरतपुर व कोटा सहित कई जिलों के पदक विजेता खिलाड़ियों ने बताया कि पिछली सरकार को कई समस्या बताई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ऐसे में अब खेलों की तैयारी छोड़कर पढ़ाई पर फोकस शुरू कर दिया है।

**एक्सपर्ट व्यू....**

जिन खेलों को खेल मंत्रालय ने मान्यता दे रखी है उन खेलों के खिलाड़ियों को राजस्थान सरकार को भी मान्यता देनी चाहिए। पड़ोसी राज्य खेल मंत्रालय से सम्बद्ध खेलों को बढ़ावा दे रहे है तो राजस्थान में क्यों नहीं। एक तरफ सरकार खेलों को बढ़ावा देने का दावा कर रही है दूसरी तरफ इस तरह की विसंगति से युवा मजबूरी में खेलों से दूर रहे हैं।

**करण सिंह शेखावत,** सेवानिवृत्त खेल अधिकारी

# खिले राखी फूल


**उदयपुर.** रक्षाबंधन पर्व नजदीक आने के साथ ही जहां बाजार में राखियों की स्टॉल सज गई है। वही प्रकृति में भी राखी फूल खिल गए। शहर के बगीचों एवं नर्सरी में इन दिनों राखी फूल। फोटो: **प्रमोद सोनी**

**न्यूज शॉर्ट्स**

**खाद्य सुरक्षा योजना**

### 15 तक ई-केवाईसी नहीं तो सूची से हटेगा नाम

**जयपुर @ पत्रिका.** खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय व भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राज्य में चयनित 4 करोड 40 लाख लाभार्थियों को 15 अगस्त तक राशन की दुकान पर जाकर ई-केवाईसी कराना जरूरी है। ई-केवाईसी नहीं कराने पर लाभार्थी का नाम खाद्य सुरक्षा योजना की सूची से हटा दिया जाएगा।

### तीन वर्ष के बच्चे को श्वान ने नोचा


घायल बच्चे के साथ मां।

**डूंगरपुर @ पत्रिका.** जिले के जोरावरपुरा गांव में बुधवार सुबह एक तीन साल के बच्चे को एक श्वान ने नोच डाला इससे वह लहूलुहान हो गया। जानकारी के अनुसार जोहरावपुरा पीठ निवासी तीन वर्षीय भावेश पुत्र मरता डाबी बुधवार सुबह अपने घर-आंगन में बैठकर नाश्ता कर रहा था। इस दौरान एक श्वान आया और उसको नोचने लगा। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर माता-पिता बाहर आए और श्वान से बच्चे को छुड़ाया। लेकिन तब तक श्वान बच्चे का जबड़े नोच चुका था। बच्चे शरीर के अन्य अंगों पर भी चोटें आई। बच्चे को लहूलुहान हालात में लेकर सीमलवाड़ा चिकित्सालय पहुंचे। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसको जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। इस पर माता पिता उस बच्चे को लेकर जिला चिकित्सालय लाए। यहां पर परिजनों का उपचार किया।

## जैसलमेर...और स्टेडियम बन गया झील


**जैसलमेर.** यह फोटो किसी तालाब या झील का नहीं है बल्कि जैसलमेर शहर के बीचोबीच स्थित शहीद पूनमसिंह स्टेडियम का है। जहां पिछले दिनों की मूसलाधार बारिश की वजह से बड़े हिस्से में पानी भर गया है और घास भी उग आई है। स्टेडियम के पार्श्व में विख्यात सोनार दुर्ग नजर आ रहा है। पत्रिका

### सीबीएसई: 10वीं के रीटोटलिंग आवेदन 9 से

**अजमेर @ पत्रिका.** सीबीएसई के दसवीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी 9 और 10 अगस्त को अंक गणना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि दसवीं के विद्यार्थियों को भी अंक गणना की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा जंची हुई कॉपी की फोटो प्रति के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 अगस्त और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन 20 अगस्त को किए जा सकेंगे।

**बारहवीं के अंक गणना आवेदन किए**

बारहवीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थियों ने बुधवार को अंक गणना के आवेदन किए। बोर्ड ने अंक गणना के लिए प्रति विषय 500 रुपए फीस ली है। इसी तरह जंची हुई उत्तर कॉपी की प्रति के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 अगस्त को किए जा सकेंगे। प्रति विषय फीस 700 रुपए देनी होगी। पुनर्मूल्यांकन कराने के लिए 17 अगस्त को ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। प्रति प्रश्न 100 रुपये शुल्क होगा।

**बजरी माफिया का खौफ**

# पुलिसकर्मी पर ट्रैक्टर चढ़ाने का किया प्रयास, कूदकर बचाई जान

### एक किमी तक ट्रैक्टर में लटका रहा, चालक ने रास्ते में मारपीट तक की

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**देवली.** बेखौफ बजरी माफिया ने एक पुलिसकर्मी पर टैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मी बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचा पाया।

इसकी रिपोर्ट देवली थाने में कार्यरत कांस्टेबल चेतन कुमार शर्मा एवं क्षतिग्रस्त कार मालिक अनिल जांगिड़ निवासी घोषी मोहल्ला देवली ने दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह शहर के घोषी मोहल्ले में अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को चालक ने घनी आबादी में तेजगति से चलाया। इससे रास्ते में खड़े दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों के टक्कर लगाकर क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान कांस्टेबल चेतन कुमार शर्मा ने ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकने का प्रयास किया तो, चालक ने उसे कुचलने की कोशिश की। कांस्टेबल ने ट्रैक्टर को पकड़ लिया, ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक पुलिस कांस्टेबल को करीब एक किमी तक लटकाता हुआ ले गया। रास्ते में कांस्टेबल के साथ मारपीट तक की। मोरला चौराहे से पहले अस्पताल के समीप ब्रेकर पर कांस्टेबल ने ट्रैक्टर से कूद कर जान बचाई।


**देवली.** कांस्टेबल चेतन कुमार।

## 'परिनिंदा का दंड पदोन्नति से इनकार करने का मापदंड नहीं'

**जोधपुर @ पत्रिका.** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक याचिका स्वीकार करते हुए निर्धारित किया कि परिनिंदा का दंड पदोन्नति से इनकार करने का मापदंड नहीं हो सकता। न्यायाधीश विनित कुमार माथुर की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता मनोज शर्मा की उम्मीदवारी की वर्ष 2013-14 की रिक्तियों के विरुद्ध रिव्यू डीपीसी कर छह सप्ताह के भीतर पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति के लिए विचार करने के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने कहा कि याचिकाकर्ता को 2006 में पुलिस निरीक्षक रहने के दौरान एक प्राथमिकी देरी से दर्ज करने के आरोप में विभागीय जांच में प्रमाणित नहीं होने के बावजूद जून, 2007 में परिनिंदा की लघु शास्ति से दंडित किया गया था।

**बदलाव** प्रदेश में करीब दो साल में बस व ट्रेन के जरिए तस्करी करते 13 मामले पकड़े गए

# सड़क मार्ग पर मुश्किल हुई तो शराब तस्करों ने ट्रेन की राह पकड़ी

पत्रिका पड़ताल

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**नागौर.** कभी चावल के कट्टे तो कभी बिस्किट के कर्टन की आड़ में डोडा-पोस्त अथवा शराब समेत अन्य नशीली सामग्री की तस्करी तो ट्रक/ट्रेलर के जरिए खूब होती आई है पर अब तस्कर ट्रेन को इसका जरिया बना रहे हैं। न नाकाबंदी के दौरान चैकिंग का लफड़ा न ही पकड़े जाने का डर। माल को लावारिस की तरह जनरल डिब्बे में छोड़ दो, मंजिल आने पर इसे उठाओ। बीच में कोई पकड़ भी ले तो अनजान बनकर बचने की सही जुगत तस्करों ने तलाश ली है। करीब दो साल में ऐसे 13 मामले पकड़े गए, जिनमें मादक पदार्थ की तस्करी ट्रेन अथवा बस के जरिए हो रही थी।

हाल ही मेड़ता रोड स्टेशन पर हरिद्वार-भावनगर साप्ताहिक एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में 17 लावारिस बैग में हरियाणा निर्मित शराब मिली। यह शराब गुजरात के भाव नगर जा रही थी। मजे की बात यह कि मेड़ता जीआरपी टीम की इस कार्रवाई के दौरान माल तो मिल गया पर तस्कर पुलिस पकड़ नहीं पाई। तस्करों का यह कोई पहला कारनामा नहीं है। करीब दो साल से नागौर के आसपास जोधपुर/ बाड़मेर के अलावा भीलवाड़ा/ नीमच ही नहीं चित्तौड़ से भी नशे की तस्करी अब ट्रेन के जरिए होने लगी है।

**तब तीन किलो डोडा-पोस्त पकड़ा था:** वैसे तो कोरोना काल के खत्म होते ही ट्रेन के जरिए मादक पदार्थ की तस्करी शुरू हो गई थी। बीकानेर से कोलकाता की एक्सप्रेस में कानपुर के नजदीक तीन किलो डोडा-पोस्त पकड़ा गया था, इस मामले में भी आरोपी नहीं मिला। एक लावारिस सा कट्टा जनरल कोच की बर्थ पर पाया गया था।


**नागौर.** बीते दिनों रेल के अंदर इन बैग में मिली लावारिस अंग्रेजी शराब।

**अलग-अलग तरीके निकाल रहे तस्कर**

**जानकार** सूत्र बताते हैं कि ट्रेन तक पहुंचने के लिए तस्कर मुख्य गेट का इस्तेमाल नहीं करते। इधर-उधर से जनरल डिब्बे में प्रवेश कर माल को कहीं पटक देते हैं और खुद उससे दूरी बनाकर अनजान बन जाते हैं ताकि पकड़ा जाए तो उन पर कोई आंच न आए। बताया तो यह जाता है कि माल लेकर दो-तीन शातिर अलग-अलग रहते हैं। तय स्टेशन आने पर इसकी डिलीवरी लेने वहां कोई अन्य शातिर मौजूद मिलता है। कई बार बिस्तर, पीपे, पुराने कपड़ों की गठरी के रूप में मादक पदार्थ सप्लाई किया जा रहा है। यही नहीं कई बार महिलाओं के जरिए यह सप्लाई होती है और घरेलू बैग/अटैची में माल पड़ा होता है।

**इनका कहना है**

मादक पदार्थ/शराब की तस्करी के लिए तस्करों ने अब ट्रेन को साधन बनाया है। अभी जीआरपी की ओर से अभियान के तहत मेड़ता रोड स्टेशन पर ट्रेन में शराब पकड़ी है। ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है, इसे रोकने के लिए जीआरपी पूरी तैयारी कर रही है।

**-अभिजीत सिंह.** एसपी जीआरपी, उत्तर-जोधपुर

**आईसीडीएस विभाग का नवाचार**

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0-5 वर्ष के बच्चों के बनेंगे आधार कार्ड

### प्रदेश के 60 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का होगा आधार नामांकन

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**नागौर .** महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस) की ओर से अब प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 0-5 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाएंगे। जयपुर निदेशालय ने इस संबंध में सभी जिलों के उपनिदेशकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेशभर में 62 हजार 20 आंगनबाड़ी केन्द्रों के करीब 16.89 लाख पंजीकृत बच्चों के आधार कार्ड बनेंगे।

आधार पंजीयन जिले के प्रत्येक सीडीपीओ कार्यालय में होगा। आवश्यकतानुसार होने पर संबंधित कर्मचारी बच्चों के घर पहुंचकर आधार कार्ड बनाएगा। इसके पहले पंजीयन कराना होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के दस्तावेज का सत्यापन करेंगी। निदेशक ओपी. बुनकर ने बताया कि इसके पीछे उद्देश्य यह है कि एक भी बच्चा आधार कार्ड से वंचित ना रहे। आंगनबाड़ी केन्द्र पर आधार कार्ड का नवीनीकरण किया जाएगा।

20 हजार से अधिक महिलाओं को किया जागरूक

# नौकरी छोड़, संभाली महिलाओं को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी






पत्रिका विजया सैनी
patrika.com

लोग सरकारी नौकरी पाने के लिए क्या कुछ नहीं करते, लेकिन बिहार के गया की सुरभि कुमारी ने अपनी नौकरी छोड़ महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का जिम्मा उठाया है। सुरभि पिछले पांच साल से बिहार के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में माहवारी के समय महिलाओं को होने वाली परेशानियों को दूर करने का प्रयास कर रही हैं। वह करीब 20 हजार महिलाओं को अवेयरनेस कैम्प के माध्यम से माहवारी के दौरान कपड़े का उपयोग करने से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक कर चुकी हैं और अब महिलाओं को मेंस्ट्रुअल कप का इस्तेमाल करवाने का प्रयास कर रही हैं।

## भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास

**सुरभि** कहती हैं कि हम भले ही माहवारी को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन स्थिति आज भी खराब है। इसे लेकर पिछड़े इलाकों में कई तरह की भ्रांतियां फैली हुई हैं। वह उन्हें दूर करने का प्रयास कर रही हैं। महिलाओं को सेनेटरी पैड्स उपलब्ध करवाने के लिए सेनेटरी पैड यूनिट स्थापित की है। वह कहती हैं कि उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मेंस्ट्रुअल कप के उपयोग के लिए प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस कप के उपयोग से महिलाएं माहवारी के समय कपड़ा यूज करने से होने वाली समस्या को दूर करने के साथ सेनेटरी पैड का खर्च बचा सकती हैं।

## मानसिकता में बदलाव जरूरी

**ग्रामीण** परिवेश पली-बढ़ी 32 वर्षीय सुरभि कहती हैं कि बचपन से ही मैंने यहां लोगों के मन में पीरियड्स को लेकर जो माहौल देखा था, उसे बदलने के लिए लोगों को समझाना जरूरी था। मैं पढ़ाई के बाद एक न्यूज चैनल में नौकरी करने लगी। तब वहां खेतों में काम करने वाली महिलाओं की माहवारी को लेकर जो स्थिति देखी उसने मेरी जिंदगी को नया मकसद दिया। अपनी नौकरी छोड़ दी और हाइजीन को लेकर काम करने के लिए वर्ष 2019 में समर्थ संस्थान से जुड़ी। इसके बाद 2021 में मेरी सरकारी नौकरी लगी, घरवालों का दबाव था कि मैं सरकारी नौकरी कर लूं, लेकिन मुझे यह मंजूर नहीं था, और मैंने उसे भी छोड़ दिया।

## हमारी बात

### खाली समय में अर्निंग भी करती हैं महिलाएं

महिलाओं के पास बहुत से हुनर होते हैं जिनका उपयोग वह अपने खाली समय में करती हैं। जो महिलाएं कुकिंग में होशियार हैं वह विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर अपने समय सदुपयोग कर सकती हैं तो कोई घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकती हैं। अनेक महिलाएं सिलाई-बुनाई, कढ़ाई का काम कर समय के सदुपयोग के साथ अर्निंग भी करती हैं।



लता अग्रवाल

### क्रिएटिविटी निखारती हैं महिलाएं

महिलाएं खाली समय में कई काम करती हैं। महिलाएं दैनिक कार्यों से निवृत होकर अपने मनपसंद कार्य जैसे संगीत सुनना या सीखना, नृत्य सीखना या नए व्यंजन बनाना, अपनी रुचि की पुस्तक पढ़ना या पेंटिंग करना जैसे काम करती हैं। कहने का मतलब है कि महिलाएं खाली समय में अपनी क्रिएटिविटी में और निखार लेकर आती हैं। जो उनके लिए जरूरी भी है।



रोनिका

अगला विषय | वैश्विक मुद्दों पर महिलाएं कितनी सजग हैं?

## होम डेकोर टिप्स

### बालकनी: करें बदलाव पाएं सुकून

*बरसात के मौसम में बालकनी में खड़े होकर गर्म चाय की प्याली के साथ रिमझिम फुहारों को देखने का अपना एक अलग मजा है। ऐसे में अगर आप अपनी बालकनी को थोड़ा और स्टाइलिश बनाते हैं तो यह जगह और आरामदायक और सुकून भरी हो सकती है। साथ ही दिखने में भी आकर्षक और लाजवाब लग सकती है।*

- सबसे पहले बालकनी में आराम से बैठने के लिए बिल्ट इन या स्टैंडअलोन गद्देदार बेंच का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही बालकनी अगर छोटी है तो कॉम्पैक्ट फोल्डेबल टेबल्स का यूज न करें।
- छोटी बालकनी में वर्टिकल गार्डन बनाने के लिए दीवार पर प्लांटर्स लगाएं। पौधों के लिए बड़े और छोटे टेबल गमलों का इस्तेमाल करें। साथ ही, गार्डन लुक क्रिएट करने के लिए मिनी फाउंटेन लगा सकते हैं।
- बालकनी की खूबसूरती बढ़ाने के लिए हैंडमेड, वुडन या टेकारोटा के डेकोरेटिव शोपीस लगाएं। आप यहां विंड चाइम्स भी लगा सकते हैं।
- बालकनी को पॉप डिजाइन और मिट्टी के रंग से डेकोरेट करें।



मुकेश कुमार, आर्किटेक्ट इंजीनियर

News ऑफ द डे

### भारतीय सैनिक होने पर गर्व महसूस करतीं मेजर शेल्के

केरल के वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित ब्रिज के पुनर्निर्माण दल का नेतृत्व कर रहीं मेजर सीता अशोक शेल्के की तस्वीरें इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिसमें वह चूरमाला गांव के नवनिर्मित बेली ब्रिज की रेलिंग पर खड़ी हैं। मद्रास सैपर्स नाम से जानी जाने वाली मेजर शेल्के बेंगलूरु सेना के मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप के 70 पुरुष अधिकारियों वाली टीम में एकमात्र महिला अधिकारी हैं। उनकी टीम को सेना के लिए रास्ता साफ करने, पुल बनाने, युद्ध के दौरान बारूदी सुरंगों को खोजने और निष्क्रिय करने का काम सौंपा है। महाराष्ट्र की मेजर शेल्के के नेतृत्व में टीम में 31 घंटों में ब्रिज का पुनर्निर्माण किया। टीम का हिस्सा होने पर गर्व जताते हुए उन्होंने कहा कि मैं खुद को केवल एक महिला नहीं मानती बल्कि मैं एक भारतीय सैनिक हूं।



पत्रिका शी न्यूज़
आप पत्रिका शी न्यूज फेसबुक पेज के माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

सुंदेलाव में ड्रेनेज का लेवल तीन फीट ऊंचा करने का नतीजा

# इंजीनियरिंग फेल, लापरवाही पास

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जालोर.** लापरवाह सरकारी सिस्टम ने शहर को बदहाली के मुहाने खड़ा कर दिया है। दो दिन में हुई अच्छी बारिश ने व्यवस्थाओं की न केवल पोल खोली, बल्कि कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनके जवाब प्रशासन के पास मौजूद नहीं हैं। सुंदेलाव तालाब के ओवरफ्लो एरिया में छेड़छाड़ करने से इस साल बड़ी दिक्कत होने वाली है।

ओवरफ्लो एरिया का लेवल सही होने का दावा विभाग और प्रशासन कर रहा था। दावे के विपरीत मंगलवार सुबह 7 बजे तक तालाब पूरी तरह भर जाने के बाद पानी की निकासी ओवरफ्लो एरिया से नहीं हुई, बल्कि ओवरफ्लो एरिया से 100 मीटर पहले जल संसाधन विभाग के पास बनी सीसी रोड होते हुए ऊपर तक पहुंचा। पूरे दायरे में 3 जगह से पानी सड़क पर पहुंचना शुरू हो गया। सीधे तौर पर पानी की अधिक आवक होने के बाद जो पानी ओवरफ्लो से निकल जाना चाहिए था, वह लेवल ऊंचा होने से सड़क के ऊपर तक पहुंच गया।



**ओवरफ्लो** की ऊंचाई बढ़ने से सीसी रोड पर जमा हो गया पानी व निकासी के लिए जेसीबी से धार्मिक स्थल के सामने से बनाया जा रहा नाला।

## धार्मिक स्थल के सामने से जबरन निकासी

**ओवरफ्लो** एरिया में दिक्कत होने से दोपहर बाद पानी सड़क पर आ गया और मजबूरन पानी की निकासी के लिए सीसी रोड के दूसरे छोर पर जेसीबी से खुदाई कर कच्चा नाला बनाया गया। इस ओर पाळ पर स्थित मंदिर को जाने वाली सीसी रोड है, जिसे तोडकर जबरन निकासी का प्रयास किया गया, जिसका महंत पवनपुरी महाराज की मौजूदगी में लोगों ने विरोध किया। बावजूद इसके तालाब के ओवरफ्लो एरिया से निकासी के प्रबंधन की बजाय जबरन वैकल्पिक निकासी के प्रयास लापरवाह अधिकारियों की निगरानी में होते रहे।

## अधिकारियों ने दिए थे बेतुके तर्क

**इस** मामले में नगरपरिषद आयुक्त दिलीप माथुर और जिला प्रशासन ने संभावित परेशानी से इनकार किया था। सुंदेलाव विकास के नाम पर प्रशासन को गुमराह करने वाले जिन लोगों से राय मशविरा लेकर तालाब के ओवरफ्लो एरिया में क्रॉस पाइप लगाने के बजाय ओवरफ्लो एरिया के सामने ही दीवार खड़ी कर दी गई थी। उसी एरिया में इस साल भी परेशानी होने वाली है।

## पत्रिका ने आगाह किया, पर प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया

**तालाब** के ओवरफ्लो एरिया में सीसी रोड निर्माण कार्य शुरु होने पर स्थानीय लोगों ने विरोध दर्ज करवाया था। यहां लेवल बहाल रखने के साथ क्रॉस पाइप लगाने की मांग की थी, लेकिन उसे दरकिनार किया गया। इस मानसून सीजन से पूर्व राजस्थान पत्रिका ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सिलसिलेवार खबरें प्रकाशित की। उसके बावजूद नगरपरिषद ने अपनी आंखें मूंद ली और प्रशासन ने सुंदेलाव तालाब के विकास में सहयोग करने वाले लोगों के झूठे दावे को स्वीकार कर लिया।

एसडीएम ने किया निरीक्षण

# तीन दशक बाद बाबरा बांध लबालब, छलकने को आतुर



**पाली @ पत्रिका.** बाबरा के ग्रामीणों की प्यास बुझाने तथा सिंचाई के लिए 42 वर्ष पहले लीलड़ी नदी पर बना 350 मीटर लम्बा एवं 133.17 एमसीएफटी भराव क्षमता वाला बाबरा बांध इस बार अगस्त माह में मानसून अवधि के महज चार दिन में ही लबालब हो गया।

हालांकि बांध के ओवरफ्लो होने में अब एक मीटर और पानी आना शेष है। इससे पहले वर्ष 1995, 1996 व 1997 में लगातार तीन साल ओवरफ्लो रहने वाला बाबरा बांध बीच के वर्षों में एक दशक तक रीता रहा। जल संसाधन विभाग के अनुसार सताईस साल बाद में बांध में पानी का गेज 6.50 मीटर मापा गया है। बांध के पूर्ण भराव क्षमता 7.50 मीटर से महज एक मीटर पानी दूर है। जबकि जलभराव बांध के ओटा क्षेत्र तक पहुंच गया है। बांध में अब भी पानी की मंथर गति से आवक बनी हुई है। बांध में पानी की अच्छी आवक होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। हालांकि मंगलवार को जलग्रहण क्षेत्र में बारिश का दौर थमने के बावजूद बांध के ऊपरी क्षेत्र के ब्यावर खास के मकरेड़ा बांध पर एक इंच चादर चलने से बाबरा बांध में पानी की मंथर गति से आवक हो रही है।

> बाबरा बांध में पानी की वर्षों बाद अच्छी आवक हुई है। मौके पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबंधन के प्रभावी उपाय बरतने को लेकर निर्देश दिए हैं। **पूरण कुमार,** उपखंड अधिकारी, रायपुर

# पंजाब निर्मित अवैध शराब के 101 कार्टन जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जालोर@पत्रिका.** जालोर पुलिस ने सायला थानांतर्गत हरियाणा पासिंग दो कार से पंजाब निर्मित 101 कार्टन अवैध शराब बरामद कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसपी ज्ञानचंद्र यादव ने बताया कि सांगाणा टोलनाका सरहद दहिवा भारतमाला पर नाकाबंदी की गई।

हरियाणा पासिंग पहली कार से 55 कार्टन अवैध शराब व बीयर बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसी तरह दूसरी कार से 46 कार्टन अवैध शराब व बीयर जब्त कर एक को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि 21 जुलाई को एक कार से पंजाब निर्मित अवैध शराब जब्त की गई थी, जिसके अनुसंधान में उक्त शराब नरेश कुमार पुत्र पुत्र गंजानंद जाट निवासी बिजाणा तोसम जिला भिवानी हरियाणा पे परिवहन करना पाया था। एसपी जालोर ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी को भिवानी (हरियाणा) और उससे सटते पंजाब के क्षेत्रों की तरफ भेजा गया। टीम को तकनीकी सहायता से सूचना मिली कि वांछित नरेशकुमार अवैध शराब लेकर गुजरात की तरफ जा रहा है। जिस पर नाकाबंदी की कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



**जालोर.** बरामद की गई शराब और जब्त शराब। पत्रिका

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को 5 साल का कठोर कारावास

**जालोर.** नाबालिग से छेड़छाड़ करने के मामले में पोक्सो कोर्ट ने आरोपी को पांच साल की सजा सुनाते हुए 2 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। 2 नवंबर 2023 को नाबालिग के पिता ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री दो बच्चों के साथ पानी भरने के लिए सेवा भारती समिति भवन के बाहर प्याऊ पर गई थी। वहां से पानी भरने के बाद जैसे ही रवाना हुई तो वहां खड़े युवक ने पुत्री का पीछा किया और छेड़छाड़ की और उसे उठाकर स्टेडियम में ले जाने का प्रयास किया। उसके और बच्चों के चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो युवक की पहचान आरिफ सैय्यद के रूप में हुई। पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को 5 साल के कठोर कारावास और 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

# 868 साल पुराने जैसलमेर दुर्ग के बुर्ज की दीवार ढही



**जैसलमेर@पत्रिका.** भारी बरसात के चलते 868 साल प्राचीन जैसलमेर के विश्व विख्यात सोनार दुर्ग के बुर्ज की दीवार मंगलवार सुबह अचानक भरभरा कर गिर गई और बड़े-बड़े पत्थर व मलबा नीचे गिर गया। गनीमत यह रही कि इस वाकये में कोई जनहानि नहीं हुई। शिव मार्ग की तरफ वाले हिस्से की इस ऐतिहासिक दीवार गिरने के बारे में सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बैरिकेड लगा कर दोनों तरफ से आवाजाही को बंद करवाया। दीवार के गिरने का वाकया सुबह करीब 11 बजे हुआ। जब जोरदार आवाज के साथ बारिश के पानी में भीगी ऐतिहासिक दीवार के पत्थर व मलबा गिरने लगे। एकबारगी तो इसके नीचे वाले हिस्से के दुकानदार व रहवासी सकते में आ गए।

# रपट पर पानी के बहाव में युवक बहा, 15 पानी से घिरे

**जोधपुर/लूनी@पत्रिका.** पाली जिले का खारड़ा बांध ओवरफ्लो होने के बाद बांडी नदी और फिर लूनी नदी में पानी चलने से जोधपुर जिले की लूनी तहसील के कई गांव मंगलवार को जलमग्न हो गए। कांकाणी में गोदारों की ढाणी के पास रपट में एक युवक बह गया। वहीं, करन्याली गांव में एक ही परिवार के छह महिलाओं सहित 15 ग्रामीण पानी से घिर गए। एसडीआरएफ के गोताखोरों ने रात एक बजे इनमें से 13 जनों को सुरक्षित निकाल लिया।

लूनी थानाधिकारी हुकमसिंह ने बताया कि पाली जिले की बांडी नदी ओवरफ्लो होने से कई गांवों में पानी घुस गया। कांकाणी में गोदारों की ढाणी के पास नदी की रपट से पानी बहने लगा। इस बीच, एक ग्रामीण पैदल ही रपट में जाने लगा। ग्रामीणों ने उसे रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वह नहीं माना और रपट में बीच पहुंच गया। पानी का तेज बहाव आया और ग्रामीण को बहा ले गया।

**रस्सा छोटा पड़ा :** मुख्य रोड से 2.5-3 किमी अंदर 15 लोग पानी में फंसे हुए हैं, जबकि गोताखोरों को इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। उन्हें 150 फुट लंबे रस्से से बांधकर पानी में उतारा गया। बीच में 150 फुट लंबा नाला भी है जिसमें 4-5 फुट पानी भरा है। गोताखोर उसे भी पार करके जाने लगे, लेकिन कुछ दूरी पर रस्सा कम पड़ गया। गोताखोरों को वापस बाहर आना पड़ा। फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए नौका भी नहीं मंगवाई गई। रात को एसडीआरएफ नौका की मदद से प्रभावितों तक पहुंची।

## सोजत: नाडी में डूबने से बालक की मौत

**सोजत @ पत्रिका.** बगड़ी थाना क्षेत्र के गुड़ा रामसिंह ग्राम में मंगलवार शाम नहाते समय नाड़ी में डूबने से 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई। शव बगड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। गुड़ा रामसिंह निवासी जीतू नायक पुत्र बंशीलाल खेत गया था। शाम को लौटते वक्त नाड़ी में स्नान करते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई।

## कपड़े सुखाते विवाहिता के लगा करंट, मौत

**मोहनगढ़@पत्रिका.** नहरी क्षेत्र में मंगलवार शाम को एक विवाहिता को करंट लग गया। उसे परिजन बेहोशी की हालत में मोहनगढ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां पर चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मोहनगढ पुलिस थानाधिकारी प्रेमप्रकाश अस्पताल पहुंचे। जहां पर घटना की पूरी जानकारी ली। मर्ग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार लीला देवी पत्नी नरपतसिंह उम्र 22 वर्ष निवासी तीन एमडी बांकलसर सांय पांच बजे के करीब छत पर कपड़े सुखा रही थी। इस दौरान करंट लग गया। करंट लगने के बाद विवाहिता को अस्पताल लेकर आए। जहां पर महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच पुलिस की ओर से की जा रही है।

## नदी में बहे युवक का नहीं लग पाया सुराग

**सोजत @ पत्रिका.** गुड़िया नदी बासना ग्राम सरहद में एक युवक का पांव फिसलने से नदी में तेजी से बह गया था। जिसका कोई सुराग नहीं मिला है। बासना निवासी गजाराम बावरी (22) पुत्र घीसाराम बासना पैदल चलकर नदी पार करते समय उसका पांव फिसलने से नदी में बह गया था। युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

खेलकूद प्रतियोगिता व प्रथम परख की तिथियों में टकराव

# खेलेंगे या परीक्षा देंगे, असमंजस की स्थिति

**बीकानेर @ पत्रिका.** सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी अच्छे अंक लाएं, इसके लिए शिक्षा विभाग स्कूल के शिक्षकों पर ही दबाव बनाता है।

स्कूल का परीक्षा परिणाम कमजोर रहने पर उसका ठीकरा भी शिक्षकों के माथे फोड़ता है। हालांकि, उसकी ओर से ही कई बार ऐसे आदेश और नियम जारी किए जाते रहे हैं, जिससे न सिर्फ असमंजस की स्थिति पैदा होती है, बल्कि इसका सीधा असर परीक्षा परिणामों पर भी पड़ता है। हाल ही विभाग की ओर से एक माह देरी से जारी किए गए शिविरा पंचांग को गौर से निगाह डालें, तो साफ नजर आता है कि प्रथम परख तथा खेलकूद प्रतियोगिता की तिथियां आपस में टकरा रही हैं। पंचांग के अनुसार स्कूलों में प्रथम परीक्षा तथा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तिथियों में टकराव है। ऐसे में विद्यार्थियों के सामने यह संकट खड़ा हो गया है कि प्रथम परख में शामिल हों या फिर खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लें।

**अभी तक खेल कैलेंडर भी जारी नहीं:** शिविरा पंचांग एक माह विलंब से जारी किया गया है, लेकिन अब तक स्कूलों का खेल कैलेंडर जारी नहीं किया गया है। जबकि शिक्षा सत्र शुरू हुए एक माह से अधिक का समय निकल चुका है। हर साल जुलाई के अंतिम सप्ताह में खेल कैलेंडर जारी किया जाता है। इसके आधार पर स्कूलों में प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती हैं।

**तिथियों में संशोधनकी मांग:** राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा के प्रदेश प्रवक्ता बसंत कुमार ज्याणी ने भी इस ओर ध्यान दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रथम परख तथा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तिथियों में टकराव साफ दिख रहा है। इसलिए विभाग को तिथियों में संशोधन करना चाहिए।

### ऐसे हो रहा टकराव

**शिविरा** पंचांग के अनुसार जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम समूह के खेल 20 से 24 अगस्त तक करवाए जाएंगे। वहीं पंचांग में प्रथम परख की तिथियां 21 से 23 अगस्त निर्धारित की गई हैं। ऐसे में प्रथम परख की तीन तारीखों पर खेल प्रतियोगिताएं दिख रही हैं। इसे लेकर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों में असमंजस की स्थिति है।

## आज का राशिफल गुरुवार 08 अगस्त, 2024

| | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी। विवादों के कारण चिंतित रहेंगे। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* नया वाहन, मशीनरी पर धन खर्च होगा। दूसरों के झंझटों में न पड़ें। परिवारिक कार्यक्रमों से भागदौड़ अधिक होगी। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* हुनर को दिखाने का अवसर मिलेगा। किसी की सुनी सुनाई बातों पर विश्वास न करें। संतान सुख मिलेगा। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* प्रियजन से मन की बात बताने का अवसर मिलेगा। दिनचर्या व्यस्त रहेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे* अपने व्यवहार को नम्र रखें। परिवार में बुजुर्गों का साथ मिलेगा। प्रमाद रहेगा। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* कार्यस्थल पर विवाद से बचें। निजी जीवन में तनाव रहेगा। नौकरी में परिश्रम अधिक होगा। चोट व चोरी से हानि संभव। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* विवाह के लिए किए प्रयास सफल रहेंगे। समाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* भविष्य की चिंता रहेगी। किसी की जमानत देकर जोखिम न लें। निवेश शुभ रहेगा। शुभ समाचार मिलेंगे। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* नए कार्य की शुरुआत लाभप्रद रहेगी। मिजाज खुशनुमा रहेगा। जीवन आध्यात्म की तरफ मुड़ सकता है। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* समय रहते कार्यों का विभाजन कर दें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद न करें। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* आदतों को बदले और प्रयास करें जो भी फैसला लें उस पर कायम रहेरहें। संतान से मनभेद होगा। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* अपनों से मन की बात कहने का अवसर मिलेगा। अनाज तिलहन के निवेश, नौकरी व यात्रा से लाभ होगा। |

ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

## ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | वर्षा |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | सफर-02 | मास: | श्रावण |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

## आज का दिन

गुरुवार, 08 अगस्त, 2024

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज सूर्योदय से प्रात: 07-37 तक शुभ, पूर्वाह्न 10-54 से अपराह्न 03-49 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा सायं 05-28 से सूर्यास्त तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12-06 से दोपहर 12-58 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि अर्द्धरात्रि12-37तकहै। तन्तदर पंचमी पूर्णा संज्ञक तिथि प्रारम्भ हो जायेगी। चतुर्थी तिथि में शत्रुमर्दन, बन्धन, अग्नि-विषादिक असद् कार्य और शस्त्र प्रहार आदि असद् कार्य सिद्ध होते हैं। शुभ व मांगलिक कार्य शुभद नहीं हैं।

**नक्षत्र:** उत्तराफाल्गुनी ''ध्रुव व ऊर्ध्वमुख'' संज्ञक नक्षत्र रात्रि 11-34 तक, तदन्तर हस्त ''क्षिप्र व तिर्य्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में विवाह, यज्ञोपवीत, स्थिरता, अलंकार, गृहारम्भ और प्रवेश आदि के कार्य शुभ कहे गए हैं। इसी प्रकार हस्त्र नक्षत्र में विद्या व विवाहादि के कार्य, प्रतिष्ठा व वास्तु सम्बन्धी कार्य करने योग्य हैं।

**योग:** शिव नामक नैसर्गिक शुभ योग दोपहर 12-30 तक, तदन्तर सिद्ध नामक नैसर्गिक शुभ योग है।

**विशिष्ट योग:** रवियोग नामक दोष समूह नाशक शक्तिशाली शुभ योग रात्रि 11-34 तक है। रवियोग तिथि, वार, नक्षत्र जन्य कुयोगों की अशुभताओं को नष्ट कर शुभकार्यों के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

**करण:** वणिज नामकरण पूर्वाह्न 11-21 तक तदुपरान्त रात्रि 12-37 तक भद्रा व इसके बाद बवादि करण हैं।

**व्रतोत्सव:** आज वरद् विनायक चतुर्थी, मेला बूढ़ी तीज जयपुर (राज.), दूर्वा गणपति व्रत तथा श्रवण तपस्या प्रारम्भ (जैन) हैं।

**चंद्रमा :** चंद्रमा कन्या राशि में सम्पूर्ण दिवारात्रि।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज विवाह, सगाई व रोका उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में तथा विवाह का अतिआवश्यकता में (राहु वेध व केतु युति दोष युक्त) हस्त नक्षत्र में मुहूर्त हैं।

**दिशाशूल:** गुरुवार को दक्षिण दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्रमा आज कन्या राशि में है, जो दक्षिण दिशा की यात्रा में सम्मुख होगा। यात्रा में सम्मुख चन्द्रमा लाभदायक व शुभप्रद माना गया है।

**राहुकाल** (मध्यममान से): दोपहर बाद 1-30 बजे से अपराह्न 3-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (टो, प, पी, पू) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि कन्या है। कन्या राशि के स्वामी बुध हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यरूप से ये जातक भाग्यशाली, अनुशासित, साहसी, स्वतन्त्र, परिश्रमी, सुखमय जीवन व्यतीत करने वाले, मैत्री निभाने वाले, धनवान और सिद्धान्तवादी होते हैं। इनका भाग्योदय 30 वर्ष की आयु तक होता है। कन्या राशि वाले जातकों का राशि स्वामी बुध बारहवें स्थान में होने से अत्यधिक परिश्रम व प्रयासों के बाद धन-लाभ हो सकेगा। आज का दिन संघर्ष पूर्ण रहेगा।

प्रयागराज में बांध के नीचे बना है मंदिर का गर्भगृह

# संगम नगरी में बाढ़, डूबी हनुमान लला की लेटी प्रतिमा



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**प्रयागराज.** संगम नगरी प्रयागराज में बाढ़ का प्रकोप बढ़ने लगा है। संगम तट पर स्थित लेटे हनुमान मंदिर में हनुमान की प्रतिमा बुधवार सुबह पूरी तरह बाढ़ में डूब गई है।

प्रयागराज के कोतवाल कहे जाने वाले बंधवा स्थित हनुमान मंदिर पूरी में लेटे हनुमान जी की प्रतिमा जलमग्न हो गई। दुनिया में शायद यह एकमात्र मंदिर हैं, जहां विशाल हनुमान लला लेटी मुद्रा में हैं। इसका विवरण पुराणों में विषद रूप से मिलता है। मंदिर का रख-रखाव लंबे समय से बाघम्बरी गद्दी करती आ रही है। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि गंगा मां हर साल बरसात में हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी का जलाभिषेक और चरण पखारती हैं। उसके बाद बाढ़ का पानी घटने लगता है। उन्होंने बताया कि जब मां गंगा हनुमान जी को स्नान कराने मंदिर पहुंचती हैं, तब हम उनका अभिषेक कर पूजा-अर्चना कर आरती उतारते हैं।

### श्रद्धालुओं की बड़ी कतार

**मान्यता** है कि मंदिर में लेटे हनुमान जी का गंगा में स्नान देश के लिए सौभाग्य सूचक माना जाता है। मंदिर में गंगा मां का प्रवेश सम्पूर्ण विश्व के लिए कल्याणकारी माना जाता है। प्रयाग आने वाले सभी श्रद्धालु, संत और महात्मा हनुमान मंदिर पहुंचकर अपनी हाजिरी अवश्य लगाते हैं। संगम आने वाले कल्पवासी घर वापसी से पहले यहां आते हैं और भूल-चूक के लिए क्षमा याचना करते हैं। प्रतिदिन यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। मंगल और शनिवार को यहां सुबह से श्रद्धालुओं की बडी कतार रहती है।

### यह मंदिर दुनिया में एकमात्र स्थल

**मंदिर** के व्यवस्थापक महंत बलबीर गिरी महाराज ने बताया कि यह मंदिर दुनिया में एकमात्र स्थल है, जहां रूद्रावतार में हनुमत लला की लेटी मूर्ति है। बांध के नीचे बने इस मंदिर में गर्भ गृह करीब 8 से 10 फिट नीचे है।

## न्यूज विंडो

**शातिर लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार: सहारनपुर @ पत्रिका.** सहारनपुर नगर के थाना कुतुबशेर पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी रोहित सिंह सजवान ने बताया कि थाना मंडी की चांद कॉलोनी निवासी गिरफ्तार तस्लीम पुत्र तहसीन अपने एक साथी के साथ बिना नंबर प्लेट के मोटर साइकिल से बुधवार सुबह हौज खेड़ी के पास वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस की नजरों में चढ़ गया और रूकने का इशारा करने पर बाइक वापस मोड़कर चिलकाना रोड़ की तरफ भागने लगा। पुलिस दल ने उसका पीछा किया। बदमाशों की बाइक फिसलकर गिर गई तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की।

**कैंटर की चपेट में आने से मां-बेटे सहित तीन की मौत: आगरा @ पत्रिका.** जिले में बुधवार की सुबह भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवारों को कुचल दिया। मां-बेटे सहित तीन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना देख आसपास के लोग भागकर पहुंचे। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। हादसा डौकी थाना क्षेत्र के गुर्जा गांव के पास हुआ। कैंटर की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर की बाद बाइक 50 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में बाइक सवार दंपती और मां की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार डौकी थाना क्षेत्र में नगला देवहंस के पास हादसा हुआ। कैंटर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है।

**प्रधान ने योगी को भेंट किया मियाजाकी आम: सहारनपुर @ पत्रिका.** जिले के बलियाखेड़ी ब्लाक की ढाई हजार की आबादी का आदर्श गांव थरौली सुर्खियों में है। दरअसल, थरौली में ग्राम प्रधान रीता चौधरी ने जापान से मंगाकर दो पेड़ लगाए हैं। नौ माह में दो पेड़ों पर तीन आम लगे हैं।

चौधरी कहती हैं कि उन्होंने एक आम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किया है, जबकि वह एक आम प्रधानमंत्री मोदी और एक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु को भेजेंगी। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि एवं उनके पति चौधरी संदीप गुर्जर ने बताया कि उन्होंने योगी से गोरखपुर में मुलाकात की थी और अपने गांव में पैदा जापान के मशहूर मियाजाकी आम प्रजाति का एक आम भेंट किया। सीएम इस आम के बारे में बखूबी जानते थे।

अयोध्या में सीएम ने परमहंस रामचंद्र दास की मूर्ति का किया अनावरण

# सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए मिल कर लड़ने की जरूरत : योगी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अयोध्या.** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर ज्यादती के प्रति चिंता का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर एकजुट होकर कार्य करने और लड़ने की जरूरत है।

योगी ने बुधवार को दिगंबर अखाड़ा में श्रीराम जन्मभूमि न्यास के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया और पूजन-अर्चन व पौधरोपण भी किया। इसके पश्चात सीएम ने साधु-संतों संग भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज दुनिया की तस्वीर हम सभी देख रहे हैं। भारत का आस-पड़ोस जल रहा है, मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। तब भी हम इतिहास के तथ्यों को ढूंढने का प्रयास नहीं कर रहे कि वहां ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्यों पैदा हुई है। जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। सनातन धर्म पर आने वाले संकट के लिए फिर एकजुट होकर कार्य करने व लड़ने की आवश्यकता है।

### राममंदिर मंजिल नहीं पड़ाव है

**योगी** ने कहा कि राम मंदिर निर्माण मंजिल नहीं, पड़ाव है। इसे आगे भी निरंतरता देनी है। सनातन धर्म की मजबूती इन अभियानों को नई गति देती है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के परम भक्त पूज्य ब्रह्मलीन परमहंस रामचंद्र दास का पूरा जीवन रामजन्मभूमि के लिए समर्पित रहा। उन्होंने इस आंदोलन को जीवन का मिशन बनाया। संतों का संकल्प एक साथ एक स्वर में बढ़ा तो अयोध्या में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। मेरा सौभाग्य है कि 21 वर्ष बाद ही सही, उनकी प्रतिमा के स्थापना का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है।

### निषादराज के नाम से बन रहे हैं विश्रामालय

**उन्होंने** कहा कि हमें जातिवाद व छूआछूत से मुक्त ऐसे समाज की स्थापना करनी है, जिसके लिए श्रीराम ने अपना जीवन समर्पित किया था। निषाद राज के नाम पर अयोध्या के यात्री विश्रामालय बन रहे हैं। राम की जन्मभूमि अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बना है। भंडारे की रसोई का नाम माता शबरी के नाम पर है। राम ने सबको जोड़ा था, हमें भी उनके आदर्शों के जरिए उन मार्गों का अनुसरण करना होगा। राम का भक्त बनने के लिए हमें भी उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करनी चाहिए।

### परमहंस महाराज चमत्कारिक नेतृत्व वाले थे

मुख्यमंत्री ने कहा कि परमहंस रामचंद्र दास महाराज पूज्य गुरु के तुल्य थे। गोरखपुर से अयोध्या, लखनऊ और प्रयागराज जाते समय गुरु जी मुझसे पूछते थे कि अयोध्या के दिगंबर अखाड़ा गए थे, परमहंस जी का हालचाल लिया। मैं यदि भूल गया तो वे मुझे डांटते भी थे। कहते थे वह मेरे लिए गुरु भाई हैं, जब भी इस रास्ते जाता था तो मुझे पता था कि मेरे गुरुदेव पूछेंगे कि परमहंस जी की तबियत कैसी है, मेरे पास जवाब नहीं होता था, इसलिए पहले में उनके पास पहुंचकर हालचाल लेता था। वह अपने दरवाजे पर बैठकर मस्ती के साथ लोगों से बातचीत करते थे। लोग समझ नहीं पाते थे यह संत दिव्य, भव्य, चमत्कारिक नेतृत्व करने वाले हैं। उनका वात्सल्य भी हमें देखने को मिलता था।

## तालाब से निकलकर गांव की सैर पर निकला सात फीट लंबा मगरमच्छ



### ग्रामीणों में फैली दहशत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बिजनोर.** सोशल मीडिया पर यूपी के बिजनौर जिले का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पानी से निकलकर एक मगरमच्छ गांव की गली में घूमता नजर आ रहा है। उसके पीछे लोगों की भीड़ हल्ला करती हुई चली आ रही है। मगरमच्छ को देखकर एक श्वान भी परेशान करने की कोशिश कर रहा है। नागल गांव की गली में मगरमच्छ काफी देर तक विचरण करता रहा। उसे देखते ही लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। कई घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर आई, तब जाकर मगरमच्छ को पकड़ा जा सका।

मगरमच्छ को यूं विचरण करता देख गांव वालों की भीड़ मच गई। ग्रामीणों का कहना है कि मगरमच्छ पास के तालाब से निकलकर आबादी में आ गया था। उसे देखकर लोग घबरा गए और घरों के दरवाजे बंद कर लिए। मगरमच्छ को देखकर आवारा श्वान लगातार भौंकते रहे।

चेतावनी स्तर के पास पहुंची चंबल नदी

## आगरा में खाली कराए जाएंगे 38 गांव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगरा.** मध्य प्रदेश और राजस्थान में हो रही बारिश और कोटा बैराज से 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद चंबल नदी का जलस्तर 124.9 मीटर पहुंच गया। सोमवार को चंबल नदी का जलस्तर 120 मीटर पर था। यह 123 मीटर पर पहुंच गया था। 24 घंटे में चंबल नदी का जलस्तर 5 मीटर बढ़ गया। ऐसे में तटवर्ती गांवों में हड़कंप मचा हुआ है। गांवों में राजस्व टीमें तैनात कर दी हैं।

आगरा के पिनाहट घाट चंबल नदी पर नहर विभाग के पंप हाउस नंबर एक पर पैरामीटर के अनुसार चेतावनी का निशान 127 पर है और खतरे का निशान 130 पर है। अधिकारियों ने तटवर्ती गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को चंबल नदी किनारे न जाने की कड़ी हिदायत दी है। नदी में तेज उफान व लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टीमर संचालन को भी बंद करा दिया है।

**खेत और खादरों में भरा पानी, घड़ियाल व मगरमच्छों के पहुंचने की आशंका:** खबरों के अनुसार, आगरा स्थित चंबल नदी में बाढ़ के चलते पानी खेत और खादरों में भर गया है। फसलें डूब गई हैं। नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर व तेज बहाव के चलते मगरमच्छ और घड़ियाल खादरों की तरफ बढ़ने की आशंका है। तटवर्ती गांवों के लोग भयभीत हैं। ग्रामीणों ने अपने जरूरी सामान को ऊंचे स्थान की ओर पहुंचाना शुरू कर दिया है।

## मिर्जापुर में हत्या के अभियुक्त को उम्रकैद

**मिर्जापुर @ पत्रिका.** जिले की एक कोर्ट ने हत्या दोषी को आजीवन कारावास और 15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के गजियाटोला निवासी अफजल अहमद ने 27 दिसंबर 2017 को गुलाम बारिस के खिलाफ भाई मकबूल अहमद की गोली मार कर हत्या करने के आरोप में तहरीर दी। पुलिस ने गुलाम बारिस को हत्या के आरोप में मय तमंचा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। केस जिला जज अनमोल पाल की कोर्ट में विचार के लिए प्रस्तुत हुआ।

## दुष्कर्म मामले में योगी की कार्रवाई से निषाद समाज संतुष्ट

**अयोध्या @ पत्रिका.** जिले के भदरसा कस्बे में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में योगी सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई पर निषाद समाज ने संतुष्टि जताई है।

बुधवार को निषाद समाज के प्रतिनिधियों ने अयोध्या में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। वहीं, मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलेगी, इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। सीएम की ओर से पीड़िता के परिवार की मदद के लिए तत्काल 5 लाख रुपए की धनराशि मुहैया कराई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूराकलंदर थानाध्यक्ष, भदरसा चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया। साथ ही, राजस्व विभाग ने मुख्य आरोपी सपा नेता मुईद खान की तकरीबन 6 अवैध संपत्तियों का पता लगा लिया है।

गंभीर रोगों के लिए भी नहीं जाना पड़ता दिल्ली-मुंबई

# उत्तर प्रदेश में बेहतर हुई चिकित्सा सुविधा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लखनऊ .** पिछले सात सालों के दौरान उत्तर प्रदेश ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि के चलते उत्तर प्रदेश विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा का केंद्र बनता जा रहा है।

इन केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलने से प्रदेशवासियों को काफी लाभ हो रहा है। अब उन्हें गंभीर रोगों के इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई या दक्षिण भारत के महानगरों में नहीं जाना पड़ता। पिछले दिनों इसका जिक्र भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी एक कार्यक्रम के दौरान किया था। स्वास्थ्य (चिकित्सा व चिकित्सा शिक्षा) क्षेत्र योगी आदित्यनाथ का पसंदीदा क्षेत्र रहा है। दरअसल 1998 से 2017 तक उन्होंने गोरखपुर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व किया है।

गोरखपुर के आसपास का पूरा क्षेत्र तराई का है। इस इलाके में मच्छरों की बहुलता है। चंद फीट की गहराई में पानी उपलब्ध होने के कारण वह भी प्रदूषित है। ऐसे में करीब 6 से 7 करोड़ लोगों की आबादी वाला यह इलाका मच्छर और जलजनित रोगों के प्रति संवेदनशील है। इस वजह से, खासकर इंसेफेलाइटिस एवं एईएस से हर साल सैकड़ों-हजारों की संख्या में मौत होती रही हैं। मरने वालों में अधिकांश मासूम होते थे।



जितनों की मौत होती थी, उससे अधिक संख्या शारीरिक एवं मानसिक रूप से दिव्यांग होने वालों की रही है। ऐसे लोग ताउम्र परिवार और समाज के लिए बोझ बन जाते थे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी की मंशा हर जिले में एक-एक मेडिकल कॉलेज खोलने की है। इस योजना के तहत 65 मेडिकल कालेज बन चुके हैं। 22 निर्माणाधीन हैं। इनमें से पीएम मोदी ने एक साथ यूपी के नौ नए राजकीय मेडिकल कालेजों का लोकार्पण किया था।

**गोरखनाथ विश्वविद्यालय में भी मेडिकल की सुविधा:** आम नागरिक को पास में सस्ता, बेहतर और अद्यतन इलाज मिले, इसके लिए भी योगी लगातार प्रयास करते रहे हैं। गोरखपुर में 1011 करोड़ रुपए की लागत से 112 एकड़ के विस्तृत रकबे में एम्स और बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज के परिसर में रीजनल मेडिकल रिचर्स सेंटर , विश्वस्तरीय इन दोनों संस्थानों का लोकार्पण भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर चुके हैं। गोरक्षपीठ की तरफ से बने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में भी मेडिकल एवं पैरा मेडिकल शिक्षा की शानदार व्यवस्था है। संस्थान के तहत भी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को इस साल से एमबीबीएस की पढ़ाई की मान्यता मिल चुकी है।

### इंसेफेलाइटिस पर पाया नियंत्रण

**इंसेफेलाइटिस** पर लगभग नियंत्रण कर उन्होंने इसे कर भी दिखाया। मई 2024 तक एईएस और जेई से होने वाली मृत्यु दर घटकर शून्य तक पहुंचना किसी चमत्कार से कम नहीं। मच्छर जनित कालाजार, चिकनगुनिया, डेंगू जैसी बीमारियों पर भी काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद भी इस क्षेत्र में उनकी रुचि का सिलसिला उसी शिद्दत से जारी रहा। उत्तर प्रदेश अपेक्षाकृत कम संसाधन और पिछली सरकारों द्वारा चिकित्सा व इसकी शिक्षा के क्षेत्र की अनदेखी के कारण यह काम नामुमकिन तो नहीं पर आसान भी नहीं था। पर, जो ठान लिया उसे हर संभव कोशिश कर अंजाम तक पहुंचाना योगी की फितरत रही है।

## बिहार-झारखंड अपडेट
BIHAR-JHARKHAND UPDATE

# बालू लदी नावों से रंगदारी वसूली में भिड़े दो गुट, फायरिंग में चार घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मनेर (पटना).** थाना क्षेत्रान्तर्गत लोदीपुर बाजार के समीप मंगलवार को गंगा नदी किनारे बालू रंगदारी में पैसा वसूली को लेकर दो गुटों के बीच जमकर फायरिंग हुई, जिसमें चार लोग जख्मी हो गए। वहीं एक लापता है।

मिली जानकारी के अनुसार, लोदीपुर-ब्यापुर में दो गुट नाविकों से रंगदारी में पैसा वसूली करते हैं। इसी को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से फायरिंग होने लगी। इस बीच, ओम साईं भट्ठा पर बैठे मुंशी लोदीपुर निवासी मुरारी राय के पुत्र विनय कुमार व काशी राय के पुत्र देवनाथ उर्फ करियवा को रंगदारों ने खदेड़ कर गोली मारना चाहा, लेकिन दोनों भट्ठे पर बने कमरे में छिप गए। रंगदार दरवाजे पर ताबड़तोड़ गोली चालने लगे।जिसमें विनय कुमार व देवनाथ उर्फ करिया को गोली लग गई। गोली लगने के बाद मुंशी ने इधर-उधर भागकर जान बचाई, जबकि जख्मी देवनाथ अभी तक लापता है। दूसरे पक्ष से भी दो लोगों के जख्मी होने की सूचना है। मामले में एडिशनल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घटना में दो लोग जख्मी हैं। लापता जख्मी का पता लगाया जा रहा है। एक जख्मी का इलाज कराया जा रहा है।



### पुलिस व एफएसएल टीम जांच में जुटी

**ग्रामीणों** ने बताया कि फायरिंग में अत्याधुनिक हथियारों का प्रयोग किया गया है। सवाल है कि हथियार आया कैसे। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम जांच में जुटी है। इधर, अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक-2 पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की सुबह बिनय कुमार ने आकर सूचना दी कि सोमवार की रात गंगा नदी किनारे ओम साईं भट्ठा पर पार्टी मना रहे थे, इसी दौरान कुछ लोग आकर गोलियां चलाने लगे।

## गोड्डा में महिला पुलिसकर्मी ने की आत्महत्या

**गोड्डा @ पत्रिका.** झारखंड में गोड्डा जिले के पुराने पुलिस लाइन सिकटिया में एक महिला पुलिस जवान ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि महिला सिपाही मीना मरांडी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थापित थी। मीना मरांडी ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया गया है।

## सारण में मारपीट की घटना में घायल महिला की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र में 26 जुलाई को मारपीट की घटना में घायल एक महिला की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बाड़ोपुर गांव निवासी नयनपति देवी को उसके पड़ोसी विवेक कुमार और उसके परिजनों ने मामूली विवाद में मारपीट करने के साथ ही चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा के चिकित्सक ने पटना भेज दिया था। पटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मृतका के परिजनों से मिले आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## सारण : बिजली का करंट लगने से बच्चे की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि बेदवलिया गांव निवासी सरोज गुप्ता का पुत्र सन्नी कुमार घर के समीप खेलने के दौरान बिजली के पोल के अर्थिंग से सट गया, जिसके कारण वह अचेत होकर गिर गया।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सन्नी को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### सारण में सर्पदंश से बच्चे की मौत

**छपरा @ पत्रिका.** सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रघुनाथपुर ककढिया गांव निवासी अरूण साह का पुत्र राजा बाबू गंगा नदी के किनारे अपनी फूस की झोपड़ी में सो रहा था।इसी दौरान विषैले सांप ने उसे डस लिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन राजा को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

मानव तस्करी का शिकार

## 10 वर्ष से लापता बालक को दिल्ली में कराया गया मुक्त

**रांची.** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक और बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली द्वारा मानव तस्करी के शिकार 10 वर्ष से लापता बालक को रेस्क्यू किया गया।

मानव तस्करी के शिकार 10 साल से लापता बालक को झारखंड भवन, नई दिल्ली ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नई दिल्ली एवं हरियाणा में एक सघन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर बालक को रेस्क्यू किया गया। झारखंड भवन नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक टीम का गठन किया गया । बालक के पिता द्वारा एक प्लेसमेंट एजेंसी वाले का मोबाइल नंबर दिया गया था। उस मोबाइल की जानकारी निकालने पर पता चला कि वह नंबर एक ट्रैवलिंग एजेंसी वाले का है।

### बरहेट थाने में सनहा दर्ज था

**बालक** 10 साल पहले जब मानव तस्करों द्वारा दिल्ली लाया गया था, तब उसकी उम्र 13 वर्ष थी। 10 वर्षों से परिवार से बालक का कोई भी संपर्क नही था । पिता द्वारा विगत कई सालों से खोजबीन करने पर भी बालक की कोई जानकारी नही मिल पा रही थी। झारखंड के साहेबगंज जिले के बरहेट थाने में सनहा दर्ज था। कई साल झारखंड पुलिस ने भी बालक की खोजबीन की, कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद झारखंड भवन नई दिल्ली को इस संदर्भ में 5 दिन पूर्व सूचना प्रदान की गई।

## पश्चिम चंपारण में महिला की गला रेतकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बेतिया @ पत्रिका.** पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मझरिया शेख पंचायत के वार्ड नंबर 5 में मंगलवार की देर रामराज मुखिया की पत्नी आशा देवी की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी आशा देवी के भैसुर धर्मराज मुखिया को गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि आशा देवी के पति रामराज मुखिया एक वर्ष पूर्व से नौकरी करने विदेश दुबई गये हुये हैं।आशा देवी, तीन वर्षीय पुत्र प्रिंश कुमार और एक वर्षीय पुत्री प्रियंका के साथ अकेले घर पर रहती थी। आशा देवी अपने दो बच्चों के साथ अकेले अपने घर मे सोई हुई थी, तभी मंगलवार की रात्रि उसके भसुर ने अकेले का फायदा उठाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या का कारण अभी स्पष्ट नही हो पाया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## बिहार पुलिस परीक्षा में फर्जीवाड़े की साजिश रचने में तीन गिरफ्तार, दो वाहन जब्त, मोबाइल से खुला राज

**शंभुगंज (बांका).** बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े की साजिश रचने के आरोप में 3 युवकों को पुलिस ने दबोच लिया है। पुलिस ने दो वाहन भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार युवकों में मेहरपुर के राजेश साह, भागलपुर जिले के दुलहर निवासी अभिनव कुमार एवं भागलपुर के ही वाहन चालक दिवाकर कुमार हैं। पुलिस ने बताया कि बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में मुन्ना भाई के बैठने सहित अन्य फर्जीवाड़े की योजना तैयार करने की सूचना मिली थी।

पावरग्रिड POWERGRID

**निविदा आमंत्रण (आईएफबी)** 06 संख्या 397 एमवीए कन्वर्टर ट्रांसफार्मरों की खरीद के लिए तालचर और कोलार एचवीडीसी स्टेशनों के तहत एड-ऑन 2024-29 हेतु **विनिर्देश नं.:** CC/NT/W-TR/DOM/A00/24/06359
घरेलू प्रतिस्पर्धात्मक बोली (डीसीबी)
एकल चरण दो लिफाफा (एसएसटीई) बोली प्रक्रिया। (वित्त पोषण: घरेलू)
दिनांक: 08/08/2024
पावरग्रिड निम्नलिखित पैकेज के लिए ई-पोर्टल https://etender.powergrid.in के माध्यम से ऑनलाइन बोलियों के लिए आमंत्रित करता है:

| कार्यों का विवरण / साइट / मुख्य विवरण | बोली दस्तावेज डाउनलोड करना / बोली दस्तावेजों की लागत | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| तालचर और कोलार एचवीडीसी स्टेशनों के लिए 06 संख्या 397 एमवीए कन्वर्टर ट्रांसफार्मर। | 22/08/2024 को 11:00 बजे तक। INR 25,000/- | 22/08/2024, प्रातः11:00 बजे तक |

1. अधिक जानकारी सहित बिडिंग प्रोग्राम में कोई भी परिवर्तन / संशोधन https://etender.powergrid.in पर देखा जा सकता है।
2. बोली जमा करने की समय सीमा के 30 मिनट बाद पहला लिफाफा (टेक्नो-कॉमर्शियल भाग) खोला जाएगा।
3. निविदा दस्तावेज हमारी वेबसाइट https://www.powergrid.in (निविदा संदर्भ संख्या: 24162) और भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (https://eprocure.gov.in) पर भी संदर्भ के लिए उपलब्ध हैं।
4. एनआईटी / आईएफबी पहले से ही ई-पोर्टल https://etender.powergrid.in पर 05/08/2024 (आर.एफ.एक्स. संख्या: 5002003600) को प्रकाशित किया जा चुका है।
5. किसी अन्य जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें: 0124-282-2383/2393; 9650089825/ 9599814189

PG/CC/NIT-05/Ad-63/24-25/Kaka

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
निगमित कार्यालय : "सौदामिनी", प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
पंजी. कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
www.powergrid.in, सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# सवालों के कटघरे में विनेश का सपोर्ट स्टाफ

पेरिस ओलंपिक की महिला कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतने का जो सपना करोड़ों भारतीयों ने देखा था वह बुधवार को उस वक्त टूट गया जब विनेश फोगाट को फाइनल मैच से पहले ही अयोग्य घोषित कर दिया गया। निश्चित ही यह दिन भारतीय ओलंपिक के इतिहास में सबसे पीड़ादायक दिनों में शुमार किया जाएगा। फोगाट का अयोग्य घोषित होना इसलिए भी तकलीफदेह है क्योंकि जिस वजह से उसको अयोग्य घोषित किया गया उसके लिए उसका सीधे तौर पर कसूर नजर नहीं आ रहा।

विनेश 50 किलो कैटेगरी में भाग्य आजमा रही थी। बुधवार की सुबह पचास किलो से थोड़ा अधिक वजन आने के कारण उसे नियमों के तहत फाइनल खेलने से मना कर दिया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने भी दिल तोड़ देने वाली इस घटना की पुष्टि तो की है लेकिन उसका बयान ही कई सवाल खड़े कर रहा है। संघ का कहना है कि रात भर टीम द्वारा किए गए बेहतरीन प्रयासों के बावजूद विनेश का वजन 50 किलोग्राम से कुछ ग्राम अधिक निकला। यह बयान इस बात की भी पुष्टि करता है कि विनेश के सपोर्ट स्टाफ (कोच, फिजियो, डाइटिशियन) को अहसास था कि वजन को लेकर विनेश पर संकट आ सकता है। फिर ऐसा जोखिम क्यों उठाया गया जिससे न केवल विनेश बल्कि पूरे मुल्क को शर्मसार होना पड़ा। इसमें दो राय नहीं कि विनेश एक बेहतरीन और देश की सबसे कामयाब महिला पहलवानों में से है। वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक में उसने 48 किलोग्राम वर्ग की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भाग्य आजमाया था। टोक्यो ओलंपिक में विनेश 53 किलो कैटेगरी में उतरी और अब इस बार फिर श्रेणी बदल ली। सेमीफाइनल में क्यूबा की गुलजान लोपेजी पर जीत हासिल कर उसने ओलंपिक की महिला कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनने का गौरव भी हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती नियमों के अनुसार, मुकाबलों की प्रत्येक सुबह संबंधित भार श्रेणी के पहलवानों का वजन लिया जाता है। विनेश का मंगलवार को वजन सही पाया गया तभी वह सभी मुकाबलों में उतरी और जीती। सेमी-फाइनल रात को था। मुकाबले के बाद उसकी डाइट की जिम्मेदारी तो सपोर्ट स्टाफ की ही मानी जाती है।

विनेश के सपोर्ट स्टाफ को भी सवालों के कटघरे में खड़ा करना चाहिए। लापरवाही पाए जाने पर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा भी मिलनी चाहिए। इस पहलू की भी जांच होनी चाहिए कि विनेश के भार वर्ग में बार-बार बदलाव की वजह क्या है। जांच में दूध का दूध, पानी का पानी होना चाहिए ताकि भविष्य में किसी खिलाड़ी और देश को ऐसा दिन दोबारा न देखना पड़े।

**भारत छोड़ो आंदोलन :** वर्षगांठ पर विशेष

# जिसने हिला कर रख दी थी ब्रिटिश राज की नींव



**डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा**
सहायक निदेशक,
राष्ट्रीय अभिलेखागार
@patrika.com

भारत छोड़ो आंदोलन को स्वंतत्रता के लिए चले लंबे संघर्ष की कड़ी के रूप में देखा जाता है। इस आंदोलन के पूर्व देश ने अनेक आंदोलन देखे। सबसे पहले के प्रमुख आंदोलन की बात की जाए तो जंगल महल आंदोलन को अवश्य याद करना होगा जो 1857 की क्रांति से पूर्व किया गया। यह 1771 से 1809 तक चला। जल, जंगल और जमीन के लिए किए गए इस आंदोलन का नेतृत्व दुर्जन सिंह ने किया था।

1857 की क्रांति से पूर्व देखा जाए तो जंगल महल आंदोलन एवं संबलपुर विद्रोह को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। संबलपुर विद्रोह का नेतृत्व सुरेंद्र साय ने किया था। वह अंग्रेजों को लगातार परेशान करते रहे। 1857 की क्रांति ने अंग्रेजों को हिला कर रख दिया। इसके कुछ समय बाद देश में आंदोलनों की एक शृंखला प्रारम्भ हुई। आजादी की इस लड़ाई को हिंसक एवं अहिंसक आंदोलनों द्वारा लड़ा गया। 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में भारतीय राजनीति के पटल पर महात्मा गांधी का पदार्पण हुआ। 1885 में कांग्रेस की स्थापना के बाद आजादी के लिए किए जा रहे संघर्षों की दिशा बदली। इसके पूर्व जहां शक्ति के द्वारा ब्रिटिश सत्ता को उखाड़ फेंकना लक्ष्य था किन्तु अब अहिंसक एवं सविनय आंदोलनों का रास्ता अपनाया गया। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गांधी ने अपना सबसे बड़ा आंदोलन छेड़ने का निर्णय किया। 8 अगस्त 1942 को कांग्रेस वर्किंग कमेटी के बम्बई अधिवेशन में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा दिया गया।

भारत छोड़ो आंदोलन की घोषणा के पश्चात गांधी जी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन देश भर में युवा कार्यकर्ता इस आंदोलन को चलाते रहे। सभाएं चलती रहीं। जयप्रकाश नारायण भूमिगत होकर आंदोलन चलाते रहे। सतारा, मेदिनीपुर इत्यादि स्थानों पर स्वतंत्र सरकारें स्थापित हुईं। लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेताओं ने सम्पूर्ण आंदोलन को विशाल स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने 9 अगस्त 1942 को मुम्बई में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया किन्तु शीघ्र ही 19 अगस्त 1942 को उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की गिरफ्तारी के बाद राम मनोहर लोहिया, जय प्रकाश नारायण, अरुणा आसफ अली, बीजू पटनायक एवं सुचेता कृपलानी जैसे नेताओं ने भूमिगत रहकर इस आंदोलन को संचालित किया। इन नेताओं ने आगे चलकर भारतीय राजनीति में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आंदोलन का एक पहलू यह भी है कि इसमें महिलाओं की सशक्त भागीदारी रही। अरुणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी तथा उषा मेहता जैसी महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान रहा। उषा मेहता ने गुप्त रेडियो स्टेशन स्थापित किया और वह लगातार आंदोलनकारियों को संदेश देती रहती थीं। यद्यपि इस आंदोलन के सभी प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया और ब्रिटिश शासन द्वारा भी सख्त रुख अपनाया गया। फिर भी यह आंदोलन स्वतः स्फूर्त रूप से एक वर्ष तक चलता रहा। इस आंदोलन की बहुत चर्चा होती है और होनी भी चाहिए क्योंकि यह भारत के उन आंदोलनों में से एक था जो देश की आजादी की नींव बनें।

भारत छोड़ो आंदोलन ऐसे समय किया गया, जब द्वितीय विश्वयुद्ध चल रहा था और अंग्रेजों की जड़ें काफी कमजोर हो चुकी थीं। साथ ही आजाद हिंद फौज का दबाव और नौसेना विद्रोह से अंग्रेजों को यह आभास हो गया कि इस देश में अब ज्यादा दिन नहीं रुका जा सकता। इस आंदोलन ने ब्रिटिश सत्ता को सीधे चुनौती दी थी। इससे जनता काफी उत्साहित हुई और समानांतर सरकारों के गठन से उसका आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया। यह पहला आंदोलन था जिसमें जनता की सम्प्रभुता स्वीकार करने की बात की गई। यद्यपि कम्युनिस्ट पार्टी और मुस्लिम लीग जैसी पार्टियों ने इसमें हिस्सा नहीं लिया, फिर भी अपार जन समूह इस आंदोलन से जुड़ा। आगे चलकर 1947 में देश आजाद हुआ जिनकी नींव में थे भारत छोड़ो आंदोलन जैसे संघर्ष।

**डिजिटल अर्थव्यवस्था :** विशेषज्ञों की टीम आवश्यक

# कौशल विकास कार्यक्रमों से पाटें डिजिटल विभाजन



**प्रो. डी.पी. शर्मा**
अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन से जुड़े डिजिटल डिप्लोमेट एवं सूचना तकनीकी विशेषज्ञ
@patrika.com

हाल ही पेश किया गया केंद्रीय बजट यानी देश का एक वार्षिक आर्थिक खाका, भारत की क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी को प्रदर्शित करता है। इसमें डिजिटलीकरण और रोजगार पर ध्यान केंद्रित करते हुए सही दिशा में कदम उठाया गया है। हालांकि, स्थायी और दीर्घकालिक नौकरी के अवसर पैदा करने में इन उपायों की प्रभावशीलता पर एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठाते हैं कि कहीं यह सारी कवायद सिर्फ कागजी घोड़े और घोषणाओं के कर्मकांड तक सीमित तो नहीं है?

'डिजिटल इंडिया' सरकार के आर्थिक एजेंडे की आधारशिला रहा है। बजट में इस पहल पर लगातार जोर दिया जाना सराहनीय है। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे, कौशल और अनुसंधान में निवेश महत्त्वपूर्ण है। सरकारी समर्थन से प्रेरित बढ़ता स्टार्टअप इको सिस्टम भारत की डिजिटल शक्ति का प्रमाण है। हालांकि, इस डिजिटल उछाल को व्यापक रोजगार में बदलने के लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी होगा कि मल्टीनेशनल कंपनियों को एक्सपोर्ट एवं घरेलू उत्पादों पर और अधिक सहूलियतें दी जाएं ताकि वे अत्यधिक रोजगार सृजन कर सकें। जहां डिजिटल अर्थव्यवस्था नई नौकरियां पैदा कर रही है, वहीं यह पारंपरिक क्षेत्र की नौकरियां को भी बाधित कर रही है। रोबोटाइजेशन, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। सरकार को स्वचालन और डिजिटल परिवर्तन से प्रभावित श्रमिकों के लिए कोई ठोस योजना बनानी चाहिए। कौशल विकास के कार्यक्रम डिजिटल विभाजन को पाटने और एक कुशल कार्यबल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, मगर सिर्फ वैज्ञानिक सोच के साथ। इसके अलावा, सरकार को देश भर में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल उद्यमिता के लिए एक मजबूत और बेहतर वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

रोजगार सृजन योजनाओं के लिए बजट का आवंटन एक सकारात्मक कदम है। हालांकि, इन कार्यक्रमों की प्रभावशीलता उनके क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। रोजगार सुनिश्चित करने के लिए कौशल विकास पहल को उद्योग की मांगों के साथ और अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक तरीके से जोड़ा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां भारत की अधिकांश आबादी रहती है, स्थायी आजीविका के अवसर बढ़ाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए गांवों तक एक्सपोर्ट- इंपोर्ट पॉलिसी पहुंचाने के प्रयास होने चाहिए। इस पर खास ध्यान देने की जरूरत है।

सरकार का डिजिटल इंडिया का विजन सराहनीय है। हालांकि, सच्ची परीक्षा एक सामाजिक-आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की क्षमता में निहित है, जहां डिजिटलीकरण के लाभ समान रूप से साझा किए जाते हैं। कौशल, उद्यमिता और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करके, भारत अपनी डिजिटल क्षमता को रोजगार और समृद्धि के एक शक्तिशाली इंजन में बदल सकता है। मगर इसके लिए एक अंतरराष्ट्रीय अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों की टास्क फोर्स बनानी होगी। देश की ब्यूरोक्रेसी एवं टेक्नोक्रेसी दोनों को भूमंडलीकृत अवधारणाओं के मॉडल पर सोचना होगा।

बजट तो मात्र एक ब्लूप्रिंट है, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन और निरंतर मूल्यांकन पर निर्भर करती है। जैसे-जैसे भारत अपनी डिजिटल यात्रा पर आगे बढ़ रहा है, तकनीकी प्रगति और मानव विकास के बीच संतुलन बनाना अनिवार्य है। इसके लिए एक भूमंडलीकृत मॉडल और उसको लागू करने वाले विशेषज्ञों की टीम की जरूरत होगी जिसे भारत सरकार को ब्यूरोक्रेसी और टेक्नोक्रेसी से मुक्त रखना होगा।

**फैक्ट फ्रंट**

## चमकीले रंगों और बड़ी चोंच वाले टूकैन



मूलतः अमरीका के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रहने वाले टूकैन बड़ी और चमकीले रंगों वाली चोंच के कारण पूरी दुनिया में पहचाने जाते हैं। चोंच, शरीर के आकार की तुलना में असामान्य रूप से बड़ी होती है। टूकैन परिवार में 50 प्रजातियां शामिल हैं, जिनमें से 11 वैश्विक रूप से खतरे में हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। टूकैन ज्यादातर फल खाते हैं, पर कभी-कभी अवसर मिलने पर कीड़े, छोटे पक्षी और छिपकलियां भी खा लेते हैं। इन्हें बीज फैलाने में बहुत मददगार माना जाता है।

- **आहार :** सर्वाहारी
- **जीवनकाल :** 20 वर्ष तक
- **वजन :** 850 ग्राम तक

**प्रसंगवश**

## सेहत से खिलवाड़ के प्रयासों के खिलाफ सख्ती की जरूरत

**कीटनाशकों के इस्तेमाल से खाने में जहर मिल जाता है। यह सेहत के लिए खतरनाक साबित होता जा रहा है**

फलों पर लगे स्टीकर व इनके कोड का मतलब न तो फल विक्रेताओं को पता होता और न ही खरीदारों को। उधर केमिकल से उगाए और पकाए गए फल सेहत को खतरा बनते जा रहे हैं। हाल ही नेशनल क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने स्टीकर लगे फलों को लेकर चेतावनी दी है कि स्टीकर लगे फल सेहत बिगाड़ सकते हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भी एडवाइजरी जारी कर चुका है कि व्यापारी फलों को अच्छा दिखाने के लिए स्टीकरों का प्रयोग न करें। हैरत की बात यह है कि इसके बावजूद फलों पर स्टीकरों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। होना तो यह चाहिए कि यदि स्टीकर लगाना आवश्यक ही हो तो इन्हें फलों के बजाय इनकी पैकिंग बॉक्स पर लगाया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टीकर के पीछे लगा गोंद टॉक्सिक हो सकता है जो कैंसर जैसी कई घातक बीमारियों को न्योता दे सकता है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में साफ प्रावधान है कि फल और सब्जियों में मोम, खनिज तेल या फिर रंगों की पॉलिश नहीं की जा सकती। नियम-कायदों की अनदेखी कर फल-सब्जी मंडी के गोदामों में फलों को घातक केमिकल व गैस से पकाया जाना आम है। आम, केला समेत अन्य फलों को पकाने के लिए इनके बीच केमिकल की पुड़िया रखी जा रही हैं। कहा जाता है कि चीन में निर्मित केमिकल की इन पुड़ियाओं पर बहुत ही बारीक अक्षरों में चेतावनी भी लिखी होती है कि इनका इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए घातक है। खास तौर से इसे बच्चों की पहुंच से दूर रखा जाना चाहिए। दरअसल, प्राकृतिक रूप से फल को पकने में काफी समय लगता है। ऐसे में रसायनों का इस्तेमाल कर फल पकाए जा रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इनमें इस्तेमाल कई रसायन शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकते हैं। खेतीबाड़ी में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशकों से पहले ही हमारे खाने में जहर मिल रहा है। फलों को पकाने के लिए रसायनों का इस्तेमाल तो और भी खतरनाक है। यह मिलावट सेहत के लिए खतरा बन गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और स्वास्थ्य महकमे के अन्य जिम्मेदारों को समय-समय निरीक्षण करना चाहिए। सेहत से खिलवाड़ करने वाली किसी भी प्रक्रिया को रोकने की जरूरत है। किसानों व व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी इनसे होने वाले नुकसान को लेकर जागरूक किया जाना चाहिए। कार्रवाई भी ऐसी हो जो नजीर बने। **- आशीष जोशी**

ashish.joshi@epatrika.com

## चंद्रमा @ 708जीबी

## 81,000 छवियों से सामने आई सबसे दिलचस्प टोपोग्राफी!



*__एस्ट्रोफोटोग्राफी__ का शौक रखने वाले इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र की राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाले शहर एरबिल के निवासी दारया कावा मिर्जा ने हाल ही चंद्रमा की यह छवि अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की। एस्ट्रोफोटोग्राफी खगोलीय या आकाशीय पिंडों की तस्वीर लेने की कला है। मिर्जा ने इस छवि से जुड़े कुछ तथ्य भी साझा किए, जैसे कि शूटिंग में उन्हें चार दिन लगे, 81 हजार से अधिक छवियां जुटाईं, चंद्रमा के चार अलग-अलग चरणों और छाया क्षेत्र को मर्ज किया और कहीं भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल न करते हुए 708 जीबी के आकार की अपनी (मिर्जा की) अब तक की सबसे स्पष्ट चंद्रमा की टोपोग्राफी यानी स्थलाकृति बताने वाली छवि तैयार की।*

**राजनीतिक दलों की कथनी और करनी का अंतर खत्म हो** | अब आ गया है संकल्पों को उपलब्धियों में बदलने का वक्त

# न बनें ऐसे कारण जिनसे डगमगाए युवाओं का भरोसा

**सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री
@patrika.com



**बेरोजगारी और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के बीच नौकरियों की चयन प्रक्रिया में सेंध उन युवाओं के लिए झटका है जो परीक्षाओं की तैयारियों में काफी समय खपा देते हैं। परीक्षा व भर्ती प्रक्रियाओं में शुचिता तय करने वाली संस्थाएं भी मजाक बन कर रह गई हैं।**

लगभग प्रत्येक चुनाव में राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशी युवा मतदाताओं तक अपनी पहुंच बनाने में रात-दिन एक कर देते हैं। निश्चित रूप से ये प्रयास उनके लिए फायदा देने वाले भी होते हैं। राजनीतिक दलों और राजनीतिक लोगों की भी सबसे ज्यादा कोशिश युवाओं का समर्थन हासिल करने की रहती है। इसके लिए युवाओं से वादे भी किए जाते हैं पर सत्ता पाने के बाद इनको भुला दिया जाता है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए भी अब यह वक्त आ गया है जब वे अपने संकल्पों को उपलब्धियों में बदलें।

वर्ष 2014 का आम चुनाव आशाजनक संकेत लिए था जब कुल 66 फीसदी मतदान हुआ। मतदान करने वालों में भी 68 फीसदी युवा थे। तब तक यह माना जाता था कि कुल औसत मतदान की तुलना में युवा 3 से 5 फीसदी कम मतदान करते हैं। लेकिन दस साल बाद यानी इसी साल वर्ष 2024 के आम चुनावों में 1.8 करोड़ युवा पहली बार मतदाता बने। हालांकि चुनाव आयोग के अनुसार नए पात्र मतदाताओं में से बमुश्किल 40 प्रतिशत ने ही मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। यह सचमुच चिंता का विषय है। अगर हम युवा वोटर्स को चुनावी प्रक्रियाओं में पूरी तरह हिस्सेदार नहीं बना सके तो यह हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने के लिए कैंसर की तरह साबित होगा। ऐसे में जरूरत कुछ तात्कालिक कदम उठाने की है - (अ) सत्ता और संगठन में मुख्यधारा के नेतृत्व वाले पदों पर युवाओं को लाना होगा, (ब) पेपर लीक होने से रोकने के लिए जो भी करना पड़े, वह करना होगा, (स) अवसाद के कारण छात्रों की आत्महत्या की प्रवृत्ति से संबंधित समस्या का समाधान करने के लिए पूरे समाज को योगदान देना होगा, और (द) नौकरियों के अवसर शीघ्र प्रदान करने होंगे, कहीं बहुत देर न हो जाए।

सबसे पहले हमें जो करना चाहिए वह है - राजनीतिक ताने-बाने में युवा नेताओं के लिए पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना। युवा प्रतिनिधित्व की असली कसौटी वह प्रतिनिधित्व है जो पार्टी के युवा या छात्र इकाई के बाहर युवाओं को मिल पाता है। युवाओं की भूमिका केवल वाहन बाइक रैली या बैनर, पोस्टर और नारे लगाने तक ही सीमित नहीं है। सही मायने में उनको ऐसा अवसर देना होगा जिसमें हम उनके नेतृत्व को स्वीकार करने के साथ उनकी भावनाओं से भी सहमत हो सकें।

मेरी नजर में सबसे घृणित अपराध किसी व्यक्ति का पेपर लीक घटनाओं में लिप्त होना है। बेरोजगारी और सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के बीच नौकरियों की चयन प्रक्रिया में सेंध लगाना उन युवाओं के लिए झटका है जो इन परीक्षाओं की तैयारियों में अपना काफी समय खपा देते हैं। परीक्षा और भर्ती प्रक्रियाओं में शुचिता तय करने में लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं भी मजाक बन कर रह गई हैं। केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 अधिसूचित किया है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि व्यापक स्तर पर पेपर लीक और भ्रष्टाचार सिर्फ सेवा प्रदाता के जरिए नहीं हो सकता। सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण से जुड़े सदस्यों की संलिप्तता के बिना ऐसा संभव नहीं। ऐसे मामलों में निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों की मिलीभगत भी रहती है। ऐसे में नकल व पेपर लीक की रोकथाम के लिए सामूहिक रूप से समूची प्रक्रिया सुरक्षित बनानी होगी। अपराधों की अधिकतम सजा आजीवन कारावास तक करनी होगी। उन सबको कानून के दायरे में लाना चाहिए जो परीक्षाओं के आयोजन के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। आर्थिक दंड भी व्यापक होना चाहिए। यह सेवा प्रदाताओं के वार्षिक राजस्व का एक गुणक या परीक्षा के आवेदन शुल्क के एक अनुपात में हो सकता है। अनुचित साधनों के खिलाफ यह पहला कानून नहीं है। यह कानून भी इस बुराई से छुटकारा तब तक नहीं दिलाएगा जब तक कि समूचे सिस्टम में सार्थक बदलाव नहीं होगा।

भारत में आत्महत्याओं के आंकड़ों में चिंताजनक बिन्दु तो यह है कि इनमें 41 फीसदी युवा ऐसे हैं जिनकी उम्र 30 वर्ष से कम थी। वर्ष 2022 में 2,095 युवाओं ने परीक्षाओं में असफल होने के कारण आत्महत्या की। किसी भी रोजगार या शिक्षा का मूल्य जीवन से बढ़कर तो नहीं है। इस समस्या का एक झटके में कोई समाधान भी नहीं है। लेकिन सामाजिक आउटरीच शुरू कर घरों में डिनर टेबलों पर इस मुद्दे पर चर्चा को अहमियत दी जानी चाहिए। ऐसा माहौल उत्पन्न करना चाहिए जिससे उच्च शिक्षा और सरकारी नौकरी पर निर्भरता कम होने के साथ-साथ स्थायी विकल्प भी तैयार हों।

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 के अनुसार, देश के कुल बेरोजगारों में लगभग 83 प्रतिशत युवा हैं। वर्ष 2030 तक, भारत को नए गैर-कृषि क्षेत्र में कम से कम 9 करोड़ नौकरियां उत्पन्न करने की जरूरत है अगर 5.5 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं कार्यबल में शामिल होती हैं तो नौकरियों की मांग और बढ़ जाएगी।

पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का तब तक कोई मतलब नहीं है जब तक यह संदर्भ न हो कि यह ढांचा रोजगार पैदा करने वाला है या बेरोजगारी में इजाफा करने वाला। सरकार वाकई में इस मुद्दे का समाधान करना चाहती है तो उसे प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। रोजगार सृजन के मुद्दे पर विफलता से हमारी राजनीतिक और गवर्नेंस प्रणालियों में युवाओं का भरोसा तो डगमगाता ही है, हमारे सामाजिक सरोकार सुनिश्चित करने के उपायों की सफलता भी खतरे में पड़ जाती है।

**आपकी बात**

## जनता में बढ़ा रोष

**शेख** हसीना पर विपक्ष का दमन और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगे। अन्य कारणों से भी बांग्लादेश की जनता में रोष बढ़ा और उनको देश छोड़ना पड़ा। **-अनुराग गिरि,** रावतसर, हनुमानगढ़

**आज का सवाल**

**क्या विनेश फोगाट किसी षड्यंत्र का शिकार हुई हैं?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

## पाठकों की प्रतिक्रियाएं

इसे स्कैन करें

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'क्या बांग्लादेश का सियासी तूफान विपक्ष के दमन का नतीजा है?' ऑनलाइन भी देखें।
https://shorturl.at/1w85q

राज्य कैबिनेट की बैठक में गुरुघासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को मंजूरी

# छत्तीसगढ़ में बनेगा देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व

## इको-पर्यटन और रोजगार के अवसर को मिलेगा बढ़ावा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें गुरुघासीदास- तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व गठित करने का फैसला लिया गया। इसे टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित कर लिया गया है।

इसके साथ ही यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। इसका क्षेत्रफल 2829.387 वर्ग किलोमीटर होगा।

इससे प्रदेश में इको-पर्यटन और रोजगार के अवसर को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए राष्ट्रीय प्रोजेक्ट टाइगर अथॉरिटी से अतिरिक्त बजट भी प्राप्त होगा। अब छत्तीसगढ़ में टाइगर रिजर्व की संख्या 4 हो गई है।

**राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य को मिलाकर बनेगा टाइगर रिजर्व :** कैबिनेट की बैठक के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया, राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाया है। उन्होंने बताया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिलों में स्थित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला अभ्यारण्य के क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए गुरुघासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को मंजूरी दी गई है। इसके गठन की आगे की कार्रवाई के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को अधिकृत किया गया है।

**पहले भी हुए थे प्रयास :** प्रदेश में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने गुरुघासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला सेंचुरी को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाने का ड्राफ्ट राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को भेजा था। इसके बाद एनटीसीए ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व के रूप में मंजूरी दे दी थी, लेकिन कांग्रेस शासन में रिजर्व एरिया के कोल ब्लॉक, आइल ब्लॉक और मिथेन गैस ब्लॉक होने के कारण मामला अटक गया था। अब जब राज्य में पुनः भाजपा सरकार की वापसी हुई तो टाइगर रिजर्व बनने का रास्ता साफ हो गया।

**बढ़ेगी बाघों की संख्या :** राज्य सरकार के मुताबिक प्रदेश में बाघों की संख्या 19 है। इस टाइगर रिज़र्व के गठन से बाघों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि यह क्षेत्र उनकी सुरक्षा को तय करेगा। नया टाइगर रिज़र्व बाघों के प्राकृतिक आवास को संरक्षित करेगा और उनकी सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

### देश के बड़े टाइगर रिजर्व

| टाइगर रिजर्व | क्षेत्रफल |
|---|---|
| आंध्रप्रदेश का नागार्जुनसागर श्रीसैलम टाइगर रिजर्व | 3296.31 वर्ग किमी |
| असम का मानस टाइगर रिजर्व | 2837.1 वर्ग किमी |
| गुरुघासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व | 2829.387 वर्ग किमी |



### यह होगा फायदा

**बाघों का संरक्षण:** टाइगर रिजर्व बाघों के संरक्षण के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित क्षेत्र प्रदान करता है, जहां वे अपने प्राकृतिक आवास में रह सकते हैं।

**जैव विविधता का संरक्षण:** टाइगर रिजर्व जैव विविधता के संरक्षण में मदद करता है, क्योंकि यह विभिन्न प्रजातियों के पौधों और जानवरों के लिए एक सुरक्षित आवास होता है।

**पर्यावरण संरक्षण:** टाइगर रिजर्व पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है, क्योंकि यह वनस्पति और जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**पर्यटन को बढ़ावा:** टाइगर रिजर्व पर्यटन को बढ़ावा देता है, क्योंकि लोग बाघों और अन्य जानवरों को देखने के लिए आते हैं।

**रोजगार को बढ़ावा:** टाइगर रिजर्व स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करता है, जैसे कि गाइड, पर्यटक वाहन, रिसार्ट व अन्य स्टॉफ।

### प्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व

| टाइगर रिजर्व | क्षेत्रफल |
|---|---|
| इंद्रावती टाइगर रिजर्व | 2799.08 वर्ग किमी |
| उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व | 1842.54 वर्ग किमी |
| अचानकमार टाइगर रिजर्व | 553.286 वर्ग किमी |

**खुशखबर :** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर उद्योग मंत्री ने की घोषणा

# बुनकरों की मजदूरी में होगी 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**प्रदेश के 60 हजारों बुनकरों को मिलेगा सीधे तौर पर लाभ**


डिमांड घटने से चांपा के कोसे के कपड़ों की चमक पड़ी फीकी

7 अगस्त को 2024 को प्रकाशित

पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर. राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को बुनकर संवाद कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुनकरों के लिए बड़ी घोषणा की। मंत्री देवांगन ने बताया प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुनकरों की बुनाई मजदूरी में 20 फीसदी की वृद्धि की है, जो आज से प्रभावशील हो गई हैं। इससे 60 हजार से अधिक बुनकर परिवार को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

मंत्री देवांगन ने कहा, बुनकर विशेष तौर पर देवांगन समाज की श्रम शक्ति और ज्ञान शक्ति आज पूरे देश के साथ-साथ विदेशों में विख्यात हैं। बीते 5 साल में बुनकरों का बहुत अहित हुआ, लेकिन अब भाजपा की विष्णुदेव सरकार में बुनकरों को हरसंभव मदद की जाएगी। आज इसकी शुरुआत हो रही हैं। देवांगन समाज आज संगठित समाज है और सभी मिलकर अपने क्षेत्र, समाज के किए कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम को डिप्टी सीएम अरुण साव व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, रामगोपाल देवांगन, ओम प्रकाश देवांगन, कमल देवांगन, पदमा देवांगन सहित प्रदेशभर के बुनकर मौजूद थे। बता दें कि 07 अगस्त के अंक में पत्रिका ने जांजगीर-चांपा के बुनकरों पर केंद्रित समाचार 'डिमांड घटने से चांपा के कोसे के कपड़ों की चमक पड़ी फीकी' शीर्षक से प्रकाशित किया था। जिसमें बुनकरों को कोरोनाकाल के बाद रही समस्याओं को प्रमुखता से बताया गया था।

### 57 प्रकार के कार्यों में बढ़ी मजदूरी

राज्य सरकार ने बुनकरों को अलग-अलग 57 कार्यों के लिए मजदूरी देती है। इनमें से टाटपट्टी बुनाई को छोड़कर सभी कामों में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इसमें 2 से लेकर 69 रुपए तक की वृद्धि हुई है।

**चक्रधर समारोह**

## हेमा मालिनी, मीनाक्षी शेषाद्री व अनूप जलोटा देंगे प्रस्तुति

पत्रिका ब्यूरो @ रायगढ़. हर वर्ष गणेश चतुर्थी से शुरू होने वाला चक्रधर समारोह इस वर्ष नए कलेवर में होगा। इसमें देश के प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा आएंगे। वहीं हेमा मालिनी की शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देंगी। कलाकार चयन समिति ने कई नामों को अंतिम रूप दे दिया है। वहीं कुछ कलाकार की स्वीकृति मिलना शेष है। रायगढ़ के महाराजा चक्रधर सिंह की स्मृति में गणेश चतुर्थी से चक्रधर समारोह का आयोजन किया जाता है। कोविड के समय से इसकी व्यवस्था बिगड़ गई थी। समारोह में इस बार प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा, शास्त्रीय नृत्यांगना हेमामालिनी, मीनाक्षी शेषाद्री, राकेश चौरसिया का नाम लगभग फायनल है। वहीं पद्म विभूषण हरि प्रसाद चौरसिया, ओडिशा नृत्यांगना रंजना मौहर व त्रिधारा समूह के आरती सिंह के नाम भी शामिल है। वहीं कवि सम्मेलन में कुमार विश्वास की टीम भी आएगी। चक्रधर समारोह के साथ राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती व कबड्डी भी आयोजित होगी।


हेमा मालिनी


मीनाक्षी शेषाद्री


अनूप जलोटा

### लुंगी पहनकर नशे में स्कूल आने वाला प्रधानपाठक निलंबित

**जशपुरनगर.** लुंगी पहनकर शराब के नशे में स्कूल आने वाले प्रधानपाठक को डीईओ ने निलंबित कर दिया है। मामला फरसाबहार विकासखंड के खवसकानी प्राथमिक शाला का है। यहां प्रधानपाठक रोमानुष कुजूर का नशे में स्कूल में टहलने का वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर ने ये कार्रवाई की है।

पूर्व आईएएस खलको, पूर्व सीजीपीएससी अध्यक्ष सोनवानी, कांग्रेस नेता शुक्ला सहित अन्य के घर दबिश

# सीजीपीएससी घोटाले में सीबीआई ने 16 ठिकानों पर मारा छापा

### रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, बिलासपुर, धमतरी में कार्रवाई

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर / बिलासपुर/ भिलाई/ कुरूद/ महासमुंद/ धमतरी.** सीबीआई ने सीजीपीएससी फर्जीवाड़े की जांच करने रायपुर, भिलाई-दुर्ग, बिलासपुर, महासमुंद और धमतरी स्थित 16 ठिकानों में छापा मारा। यह कार्रवाई पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के रायपुर में स्वर्णभूमि, धमतरी स्थित सरबदा गांव, उनकी भांजी के महासमुंद के हरदा स्थित घर, सचिव जेके ध्रुव के भिलाई में, पूर्व आईएएस अमृत कुमार खलखो के भिलाई, बीएसपी कर्मी के 1 और कांकेर डीआईजी के रिसाली और बिलासपुर में कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ल के दोनों घर के साथ ही उक्त सभी के करीबी रिश्तेदारों और पीएससी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के ठिकाने पर की गई।


पूर्व आईएएस खलको के भिलाई स्थित निवास पर सीबीआई की कार्रवाई।

**इनके यहां छापा :** सीबीआई का पीएससी के पूर्व अध्यक्ष सोनवानी व उनके रिश्तेदारों, पूर्व राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलको, पूर्व सचिव जे.के. ध्रुव, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला, एक बीएसपी कर्मी और कांकेर डीआईजी।

### बोरों में दस्तावेज जब्त

**सीबीआई** की टीम सभी ठिकानों से दस्तावेजों को जब्त पर देर शाम को वीआईपी रोड स्थित दफ्तर पहुंची। बताया जाता है कि सीजीपीएस में सलेक्ट सभी लोगों का आपस में कनेक्शन मिलने की जानकारी हाथ लगी है। इसे देखते हुए सभी का बयान लेने के लिए सीबीआई दफ्तर बुलवाने की तैयारी भी चल रही है।

### कांग्रेस नेता की भूमिका की जांच

**सीबीआई** की टीम कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला के घर सीबीआई टीम ने पहली बार छापा मारा है। इस दौरान बड़ी संख्या में दस्तावेज जब्त किए गए है। बताया जाता है कि राजेंद्र शुक्ला के बेटे स्वर्णिम शुक्ला का चयन आदिम जाति कल्याण विभाग में डिप्टी डायरेक्टर का पद पर हुआ है। इसे देखते हुए कांग्रेस नेता की भूमिका को जांच के दायरे में लिया गया है। हालांकि छापेमारी के दौरान राजेन्द्र शुक्ला के बाहर होने के कारण पूछताछ नहीं हो सकी।

### प्रदेश के युवाओं को मिलेगा न्याय : सीएम

सीबीआई के छापे के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि युवाओं को न्याय मिलकर रहेगा। उन्होंने आगे लिखा है, छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार ने पीएससी जैसी स्वच्छ छवि वाले संस्थान में घोटाला कर उसको बदनाम किया।

**फुटबॉल फीवर :** बारिश-कीचड़ भरे मैदान में भी नहीं रुके खिलाड़ी


**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** खेल को लेकर खिलाड़ियों में गजब का जुनून देखने को मिलता है। खिलाड़ियों के हौसलों को बारिश और कीचड़ के मैदान भी नहीं रोक सकते। यह नजारा रायपुर के सप्रे शाला फुटबॉल मैदान में आयोजित शहीद वीके चौबे अंतर शालेय टूर्नामेंट में देखने को मिल रही है। सावन की झड़ी में मैदान की मिट्टी कीचड़ में बदल गई है। इसके बाद भी टूर्नामेंट में खिलाड़ी पूरे जोशो-खरोश से उतर रहे हैं। खिलाड़ी कीचड़ युक्त मैदान में केवल अपनी जीत के लक्ष्य को लेकर खेल रहे हैं। उनका उत्साह देखते ही बनता है।

इनमें से 441 प्रकरणों में सरकारी मुआवजा का इंतजार

## छत्तीसगढ़ में तीन साल में प्राकृतिक आपदा से 11 हजार से अधिक मौतें, कांकेर में सबसे अधिक

**रायपुर @ पत्रिका.** छत्तीसगढ़ में हर साल प्राकृतिक आपदाओं से सैकड़ों लोगों की मौतें हो रही हैं। वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक प्रदेश में 11 हजार 93 लोगों की मौत विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं की वजह से हुई है। इसमें सबसे अधिक 5355 लोगों की मौत नदी, नालों और तलाबों में डूबने के कारण हुई है। वहीं, सर्पदंश से 3048 और आकाशीय बिजली से 830 लोगों की मौतें हुई हैं। छत्तीसगढ़ में बारिश के समय प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं ज यादा बढ़ जाती हैं। ज्यादातर घटनाएं ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में होती हैं। इन सब मामले में पीड़ित के परिजनों को सरकार की तरफ से मदद दी जाती है। इसके बावजूद अब तक 441 प्रकरण ऐसे हैं, जिसमें सरकारी मुआवजे का इंतजार है।प्रदेश के सरगुजा और बिलासपुर संभाग में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं सबसे अधिक होती हैं। सूरजपुर जिले में सबसे अधिक 751 को अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा है। अच्छी बात यह है कि यहां सभी मृतकों के परिजनों को सरकार ने आर्थिक सहायता की राशि दी। इसके बाद दूसरे नंबर पर बिलासपुर जिला आता है। यहां 708 मौतें हुई है। यहां भी आर्थिक सहायता के लिए एक भी प्रकरण लंबित नहीं है। वहीं सबसे अधिक 111 प्रकरण बलरामपुर जिले में लंबित है।

बारिश के दौरान नदी व नालों में बाढ़ के हालात निर्मित हो जाते हैं। इसका सबसे ज्यादा नुकसान कांकेर जिले में देखने को मिला है। यहां बाढ़ से 5 लोगों की मौत हुई है। 4 मौत कोंडागांव, बलौदाबाजार, नारायणपुर व कबीरधाम में 3-3, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर व गरियाबंद जिले में 2-2 और महासमुंद, धमतरी व मुंगेली में 1-1 मौत बाढ़ या फिर अतिवृष्टि की वजह से हुई है।

**जिला न्यायालय** से हटाए गए कर्मचारी के मामले में हाईकोर्ट का फैसला

## सिर्फ ये कहकर नौकरी से नहीं हटा सकते कि सेवाओं की आवश्यकता नहीं

**पत्रिका ब्यूरो @ बिलासपुर.** हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि नियमित और स्वीकृत पद पर नियुक्त परिवीक्षाधीन कर्मचारी को केवल यह कहकर सेवाओं से नहीं हटाया जा सकता कि उसकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि हटाई गई अवधि के बकाया वेतन का 50 प्रतिशत कर्मचारी को दिया जाए। कोर्ट ने बकाया वेतन के साथ सेवा में बहाल करने का भी आदेश जारी किया है।



अभनपुर निवासी दिशान सिंह डहरिया को स्टेनोग्राफर के पद पर जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में नियुक्त किया गया था। आफिस कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता के मामले में दिसंबर 2019 को उसे पद से हटा दिया गया। इसमें कहा गया कि अपने खिलाफ की गई कार्रवाई की शिकायत अपीलकर्ता ने सीधे हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को भेज दी। इस मामले में नोटिस के बाद सही जवाब नहीं दिया जा सका। जारी आदेश में कहा गया कि इस आधार पर सेवाओं से हटाया जा रहा है कि याचिकाकर्ता की सेवाओं की आवश्यकता नहीं है और एक महीने के वेतन का उसे भुगतान किया गया।

### कार्रवाई को दी हाईकोर्ट में चुनौती

याचिकाकर्ता ने हटाने के आदेश पर आपत्ति जताते हुए हाईकोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया कि बिना जांच के उसे हटा दिया गया है जो कि गलत है। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि अस्थायी कर्मचारी के साथ परिवीक्षाधीन कर्मचारी को भी कार्रवाई के पहले सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता बकाया वेतन का 50 प्रतिशत पाने का हकदार है। कोर्ट ने बकाया वेतन के साथ सेवा में बहाल करने का आदेश जारी किया है।

**बस्तरिया हुनर** | सब जूनियर वेस्ट जोन नेशनल टीम में हुआ सलेक्शन

# टीम हॉकी इंडिया से एक कदम दूर बस्तर की बेटियां

पत्रिका एक्सक्लूसिव

**पुणे कैंप में बेहतर प्रदर्शन किया तो सीधे इंडियन हॉकी टीम में मिलेगी जगह**

शेख तैय्यब ताहिर
patrika.com

**जगदलपुर.** बस्तर की आदिवासी बेटियां इंडियन हॉकी टीम में सलेक्शन से बस एक कदम दूर हैं। बस्तर की जिज्ञासा कश्यप और विशाखा कश्यप ने अपनी मेहनत के दम इतिहास रच दिया है। कम संसाधनों के बीच मिट्टी में खेलकर दोनों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिज्ञासा और विशाखा ने हाल ही में नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन किया जिसके बाद अब उनका सलेक्शन पुणे के कैंप के लिए हुआ है। इन्हें सब जूनियर वेस्ट जोन की टीम में जगह मिली है। दोनों अगर यहां अपना अच्छा प्रदर्शन कर लेती हैं तो हॉकी इंडिया की अंतरराष्ट्रीय टीम यानी इंडिया टीम का हिस्सा बनेंगी।

### गुजरात में दिखाया टैलेंट, चयनकर्ता हुए प्रभावित

दरअसल हाल ही में दोनों ने हॉकी इंडिया की ओर से आयोजित सब जूनियर ओपन हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की तरफ से खेलते हुए गुजरात के सूरत में चल रही प्रतियोगिता में अपना टैलेंट दिखाया था। यहां उनका खेल देखकर चयनकर्ता काफी प्रभावित हुए। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर था। पहले नंबर पर मध्यप्रदेश और तीसरे पर महाराष्ट्र था। इस तरह छत्तीसगढ़ के हिस्से सिल्वर मेडल आया था। जिसमें बस्तर की दोनों आदिवासी बेटियों की अहम भूमिका थी।



### एक डिफेंडर और दूसरी गोलकीपर

जिज्ञासा कश्यप डिफेंडर हैं तो विशाखा कश्यप गोलकीपर की भूमिका निभाती हैं। जिज्ञासा को टीम की दीवार और विशाखा को गोल रक्षक तक का टाइटल दिया गया है। कोच गजेंद्र शर्मा बताते हैं कि जिला प्रशासन और खेल व युवा कल्याण विभाग की ओर से संचालित बस्तर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र पंडरीपानी में यह दोनों खिलाड़ी प्रशिक्षण हासिल कर रहीं है।

### अब देश की टॉप 96 प्लेयर्स से करना है मुकाबला

**बस्तर** की दोनों खिलाड़ी की इंडिया की टॉप 96 खिलाड़ियों में शामिल हो गई हैं, लेकिन इनका आगे का रास्ता कम मुश्किल भरा नहीं है। अब उन्हें देश के ईस्ट, साउथ और नॉर्थ जोन की टीम का सामना करना पड़ेगा। अच्छा प्रदर्शन करने वालों को चयनकर्ता अपनी एक्सीलेंसी टीम में शामिल करेंगे। जो टॉप 30 रहती है। यह टॉप 30 खिलाड़ी दो साल तक अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ रहती हैं और इंडिया कैंप में जरूरत के हिसाब से चयनकर्ता उन्हें खिलाते हैं।

**झोलाछाप** डॉक्टर ने शहर के अस्पताल जाने नहीं दिया

# पत्थलगांव में बुखार से दो बहनों की मौत

**पत्रिका ब्यूरो @ पत्थलगांव.** झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। बताया जाता है कि बच्चियों को तेज बुखार था जिसका इलाज गांव का झोलाछाप डॉक्टर कर रहा था। जब दोनों की हालत गंभीर हो गई तो उसने डॉक्टरों को पास भेज दिया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। बताया जाता है कि झोलाछाप डॉक्टर ने शुरू में ही बच्चियों के परिजनों को चिकित्सक के पास नहीं ले जाने दिया। जिससे दोनों की स्थिति बिगड़ गई। दोनों बच्चियों की मौत से माता-पिता गहरे सदमे में हैं।

जानकारी के अनुसार, तेजपुर के ढोढागांव निवासी रामलाल नाग की अंजनी नाग (छह) को बुखार था। अंजनी के साथ ही उसकी बड़ी बहन संजना (10) भी बुखार से पीड़ित हो गई। परिजन उसे गांव के एक झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गए लेकिन दोनों बहनों के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ। पिता ने कई बार बेटियों का इलाज शहर के डॉक्टरों के पास कराने की बात कही, पर झोलाछाप डॉक्टर ने उन्हें दूसरी जगह जाने नहीं दिया। जब दोनों ही बहनों की स्थिति बेकाबू हो गई तो मंगलवार को दोनों को शहर ले जाकर इलाज कराने की बात कही। परिजन दोनों बच्चियों को सिविल अस्पताल ले गए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया।

नर्सिंग होम एक्ट में ठोस नीति ना रहने के कारण कई बार बगैर रजिस्ट्रेशन के इलाज करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने में दिक्कत पैदा होती है। उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों तमता, चिकनीपानी जैसी जगहों में अवैध रूप से इलाज करने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई थी।
**डॉ. जेम्स मिंज,** बीएमओ, पत्थलगांव

### दूषित पानी पीने से साजा में डायरिया के 28 मरीज मिले

**बेमेतरा.** साजा ब्लॉक के ग्राम सैगोना में उल्टी दस्त के 28 मरीज मिले हैं। जिसमें से एक मरीज का उपचार कवर्धा के निजी अस्पताल व 3 मरीजों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर जांच व दवा वितरण कर रही है। गांव के लोगों ने पानी टंकी के पाइपलाइन में लीकेज होने की आशंका जाहिर की है। ग्राम सैगोना में दूषित पानी पीने के बाद 3 दिन के दौरान उल्टी दस्त के 30 मरीज मिल चुके हैं। गांव में बुधवार को भी स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले ने डोर टू डोर सर्वे कर संभावित मरीजों की जानकारी लेकर जांच व उपचार किया।

ऊपर की ओर बढ़ रही मानसून ट्रफ, आज भी पूर्वी मप्र में कुछ स्थानों पर हो सकती है तेज बारिश, राजधानी भोपाल में दिन भर रही धूप-छांव

# पूर्वी मप्र में बारिश, पश्चिम में राहत, अगले तीन-चार दिन आफत की बूंदें नहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में इन दिनों बारिश का दौर कमजोर हो गया है। इसकी वजह यह है कि मानसून ट्रफ ऊपर की ओर चली गई है। हालांकि झारखंड, उत्तरी ओडिशा की ओर बने एक सिस्टम के कारण प्रदेश के पूर्वी हिस्से में मध्यम से तेज बारिश हो रही है, जबकि पश्चिमी मप्र में बारिश का दौर कम हो गया है। पूर्वी मप्र के कुछ स्थानों को छोड़कर शेष प्रदेश में अगले तीन-चार दिन तेज बारिश के आसार कम हैं। प्रदेश में बुधवार को दमोह, जबलपुर, सीधी, खजुराहो सहित अनेक स्थानों पर बारिश दर्ज की गई।

भोपाल में दिन में धूप छांव की स्थिति रही, वहीं पश्चिमी मप्र में अनेक स्थानों पर बादल तो छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। इस समय कोई बड़ा सिस्टम नहीं है, लेकिन नमी के कारण फिलहाल हल्की से मध्यम बारिश का दौर चलता रहेगा।



| बारिश कहां | कितनी |
|---|---|
| दमोह | 24 |
| जबलपुर | 22 |
| सीधी | 22 |
| खजुराहो | 19 |
| मंडला | 17 |
| मलाजखंड | 10 |
| शिवपुरी | 6 |
| ग्वालियर | 2 |

बारिश 8.30 से 5.30 बजे तक

नर्मदा के ऊपरी कछार में हो रही बारिश और हंडिया व तवा बांध से छोड़े जा रहे पानी से नर्मदा का जलस्तर बढ़ गया। इस वजह से बुधवार को इंदिरा सागर के 12 और ओंकारेश्वर बांध के 9 गेट खोले गए।

### बड़ा सिस्टम नहीं

मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया, मानसून ट्रफ गंगानगर, पिलानी, आगरा से गुजर रही है। बंगाल की खाड़ी का सिस्टम झारखंड, उत्तरी ओडिशा की ओर है, इसलिए पूर्वी मप्र में बारिश हो रही है, इसके बाद यह उप्र की ओर बढ़ जाएगा, ऐसे में गुरुवार के बाद पूर्वी मप्र में बारिश में कमी आएगी।

## अचानक आई बाढ़, पिकनिक मना रहे तीन युवक पहाड़ के टीले में फंसे

**रीवा@पत्रिका.** पिकनिक मनाने गए तीन युवक पहाड़ में अचानक आई बाढ़ में फंस गए। सूचना पर पहुंची आपदा प्रबंधन टीम ने युवकों को सुरक्षित निकाला। करीब तीन घंटे वे फंसे रहे। बुधवार को रायपुर कर्चुलियान थाने के बरहदी गांव से तीन युवक यश सिंह (20), आयुष सिंह (22) और अनिलेश (23) घूमने गुढ़ थाने के भैरव बाबा आए थे। यहां पहाड़ की ओर घूमने चले गए। दोपहर में तेज बारिश हुई, जिससे युवक जिस नाले को पार कर पहाड़ पर गए थे, उसमें बाढ़ आ गई। युवकों ने निकलने का प्रयास किया, पर असफल रहे। थककर पुलिस को सूचना दी। टीम ने रस्सी बांधकर तीनों को सुरक्षित निकाल लिया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर किया बलात्कार

**ग्वालियर.** दोस्ती की आड़ में नाबालिग से उसके पड़ोसी ने बलात्कार कर दिया। अश्लील वीडियो भी बनाया। उसे वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। विश्वविद्यालय निवासी 17 वर्षीय युवती ने शिकायत में बताया, मोहल्ले के ही सुमित परिहार से दोस्ती थी। दो साल पहले सुमित होटल में ले गया। वहां कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर उसे पिलाई। नशा चढ़ने पर रेप किया और फोटो खींचे व वीडियो बनाया।

### ट्रक चालक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**जबलपुर.** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बुधवार दोपहर बाइक चालक को टक्कर मार दी। चालक बाइक समेत गिरा और ट्रक उसे कुचलता निकल गया। घटना में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने बताया, 14 मील हनुमान मंदिर निवासी प्रमोद (32) बुधवार को बाइक से बाजार से लौट रहा था। तभी 13 मील के पास ट्रक टक्कर मार दी। प्रमोद सड़क पर गिरा और ट्रक कुचलता हुआ निकल गया।

### कलेक्टर के नाम पर रिश्तेदार से ठगे 25 हजार

**जबलपुर.** कलेक्टर दीपक सक्सेना के नाम से उनके रिश्तेदार से 25 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने कलेक्टर की फोटो की डीपी लगाई और फिर रिश्तेदारों को मैसेज किए। एक रिश्तेदार झांसे में आ गया और 25 हजार रुपए वाट्सऐप पर ट्रांसफर कर दिए। बाद में इस बारे में बताया तो कलेक्टर हैरान रह गए। उन्होंने साइबर सेल को शिकायत भेजी है।

### एजेंट कथावाचक निराश, मुंह मोड़ गए नेता-अफसर

**ग्वालियर.** कथावाचन के झांसे में तबादलों का धंधा चलाने वाला पुष्पेन्द्र दीक्षित (शर्मा) अब हताश है। उसे उम्मीद थी तमाम नेता और अफसर उसके सामने नतमस्तक हैं। वे मदद करेंगे, लेकिन क्राइम ब्रांच की हवालात में पुष्पेन्द्र तीन दिन से बैठा है किसी ने सिफारिश तक नहीं की है। पुष्पेन्द्र के घर में जालसाजी के और सबूत मिल सकते हैं। इसलिए बुधवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे टेकनपुर (डबरा) ले जाकर घर की तलाशी ली।

### बांधों का जलस्तर

| बांध | भराव क्षमता | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|
| बाणसागर | 341 | 335 |
| गांधीसागर | 399 | 396 |
| बरगी | 422 | 420 |
| बारना | 348 | 344 |
| गोपीकृष्ण सागर | 434 | 429 |

भराव क्षमता एफआरएल में

पत्रिका अलर्ट : सांप डंसने पर झाड़-फूंक से बचें, उचित इलाज कराएं

# सर्पदंश से सबसे ज्यादा मौत मप्र में, अंधविश्वास भी बड़ी वजह

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**दमोह.** सांप के डंसने के बाद पीड़ित का उचित इलाज कराने की जगह अंधविश्वास का सहारा लेकर सपेरों की बीन बजवाई जा रही है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में हर साल सर्पदंश से होने वाली मौतें बढ़ रही हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़े के अनुसार, हर साल देश में करीब 60 हजार लोगों की मौत सर्पदंश से होती है। इसमें सबसे ज्यादा मौतें मध्य प्रदेश में होती हैं। एनसीआरबी के अनुसार, प्रदेश में साल 2022 में 2400 लोगों की मौत सर्पदंश से हुई थी, जबकि 2023 में संख्या 2700 से अधिक हो गई। मामले की गंभीरता को समझने सागर अंचल का उदाहरण काफी है, जहां पिछले एक साल में 224 से ज्यादा लोगों की मृत्यु सर्पदंश से हो चुकी है। हालांकि सबसे बड़ी वजह जागरूकता की कमी है। लोग सर्प दंश के शिकार व्यक्ति को अस्पताल की बजाय झाड़-फूंक कराने ले जाते हैं। अस्पतालों में लास्ट स्टेज पर पहुंचे ऐसे मरीजों के परिजनों ने बताया, वे सपेरों से बीन बजवा रहे थे। सच तो यह है कि सर्पदंश के शिकार व्यक्ति को अगर नजदीकी स्वास्थ्य सेंटर पर ले जाएं तो बचने की संभावना रहती है। शासन मृतक के परिजनों को 4 लाख का मुआवजा देता है।




### सागर संभाग के इन दो केसों से समझें मामला

**केस-1**

**पहले दिखना बंद हुआ फिर गई जान**

पड़रिया गांव की महिला को सांप ने डंस लिया। उसे अस्पताल की बजाय झाड़फूंक कराने ले गए। डेढ़ घंटे बीन बजाई गई। महिला ठीक हुई, लेकिन उसे दिखना बंद हो गया था। जिला अस्पताल लेकर गए, लेकिन दम तोड़ दिया।

**केस-2**

**परिक्रमा लगवाकर मंदिर में लिटा दिया**

केरबना गांव के गोविंद अहिरवाल (16) को सर्पदंश के बाद बगाज माता मंदिर ले गए। वहां परिक्रमा लगवाई और लिटा दिया। सुधार नहीं हुआ तो परिजन पथरिया अस्पताल पहुंचे। जहर जानलेवा नहीं था, इसलिए जान बच गई।

सर्पदंश के मामलों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। झाड़-फूंक पर अंकुश लगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इलाज की सुविधाएं हर जिले में उपलब्ध कराई गई हैं।
- **डॉ. ज्योति चौहान,** क्षेत्रीय संचालक सागर

### यह न करें

- झाड़-फूंक, नीम-हकीम के चक्कर में न पड़ें।
- भ्रांतियां हैं कि घरेलू उपाय मिर्च या नीम के पत्ते खा लेने से जहर नहीं फैलता।
- जहां सांप ने डंसा है, वहा पर कट लगा देते हैं, लेकिन इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

### सर्पदंश के लक्षण

- सांप डंसने पर काटने वाली जगह पर सूजन आ जाती है।
- जबड़े, घुटने पर दर्द शुरू हो जाता है। यह इंगित करता है कि शरीर में जहर फैलने लगा है।

### यह करें तुरंत उपाए

- पीड़ित व्यक्ति को गुनगुना पानी पिलाएं। उल्टी कराएं, जिस स्थान पर सांप ने काटा है, उस स्थान को साबुन और पानी से धो लें।
- सांप ने मरीज को पांव में डंसा है तो व्यक्ति के लिए चलना भी मना है। उसे स्ट्रेचर, खाट के माध्यम से अस्पताल लेकर जाएं।
- सांप डंसने के समय का ध्यान रखें, ब्लीडिंग होने के बाद खून को बहने दे।

## 'पत्नी के तानों से पति ने की खुदकुशी, यह कानून सम्मत नहीं'

**इंदौर@पत्रिका.** पत्नी के तानों से प्रताड़ित होकर पति के खुदकुशी करने और बेटी को मारने के मामले में हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के जस्टिस ह्वेश की खंडपीठ ने पत्नी को राहत देते हुए उन पर निचली अदालत में लगाए आरोप खारिज कर दिए। अधिवक्ता अनुराग बैजल ने बताया कि राजगढ़ (धार) निवासी संगीता की शादी अप्रेल 2022 में हुई थी। वे सरकारी स्कूल में टीचर थीं, जबकि उनका पति मजदूरी करता था। पति ने 27 दिसंबर 2023 को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी।

## अब रजिस्ट्री के 15 दिन के भीतर हो जाएगा नामांतरण

**ग्वालियर@पत्रिका.** जिले में साइबर तहसील का प्रारूप-2 लागू हो गया है। अब पंजीयन विभाग से रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रि या स्वतः शुरू हो जाएगी। ि ता को संपत्ति के नामांतरण के लिए राजस्व विभाग में आवेदन की जरूरत नहीं पड़ेगी। रजिस्ट्री के 15 दिन के भीतर नामांतरण उसके पास पहुंचा जाएगा। प्रारूप-2 शुरू होने से लोगों की काफी समस्या दूर हो जाएंगी। नामांतरण के लिए तहसीलों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और तहसीलदारों को प्रकरण का निराकरण भी ऑनलाइन करना होगा। वहीं दूसरी ओर पंजीयन विभाग में संपदा-2 सॉफ्टवेयर लागू होने पर नामांतरण और आसान होगा।

ग्वालियर : घूम रहे 10 हजार आवारा कुत्ते

## सावधान! ठेकेदार ने कुत्ते पकडना बंद कर दिया, आप खुद ही कीजिए बचाव

**ग्वालियर.** सावधान, यदि आप दिन में और रात में शहर की सड़कों से गुजर रहे हैं तो आवारा कुत्तों से अपना बचाव व सुरक्षा खुद ही करें, क्योंकि वे कभी भी आपको अपना शिकार बना सकते हैं। वहीं एक करोड़ में कुत्ता पकड़ने का ठेका लेने वाली सिद्धांत सोसायटी फॉर एनिमल केयर ने साढ़े तीन महीने का भुगतान नहीं होने पर एक अगस्त से कुत्तों को पकड़ना बंद कर दिया है। जबकि नगर निगम जुलाई महीने से ही कुत्ते नहीं पकड़ रही है। ऐसे में शहर की सड़कों पर 10 हजार से अधिक आवारा कुत्ते घूम रहे हैं, जो हर दिन लोगों को शिकार बना रहे हैं।

**पत्र लिखा, फिर भी सुनवाई नहीं :** नगर निगम अधिकारियों ने जून महीने में कुत्ते पकड़ने वाले कर्मचारियों की शिकायत आने पर आयुक्त ने उन्हें कुत्ते पकड़ने से हटाते हुए ट्रैक्टर को कार्यशाला में अटैच कर दिया था, लेकिन जुलाई में लगातार शिकायतें आने पर नोडल अधिकारी डॉ. अनुज शर्मा की ओर से कुत्ते पकड़ने आयुक्त व मदाखलत को पत्र भी लिखा गया, लेकिन उसके बाद भी अब तक कुत्ता पकड़ना शुरू नहीं किया गया। मामले में नगर निगम के अपर आयुक्त विजय राज का कहना है, अभी मेरे पास भुगतान की कोई फाइल नहीं आई है। इसलिए फर्म ने काम बंद कर दिया है। आवारा कुत्ते क्यों नहीं पकड़े जा रहे हैं। जानकारी लेता हूं।

### एक नसबंदी पर 837 रुपए, वह भी नहीं मिले

सिद्धांत सोसायटी फॉर एनिमल वेलफेयर की संचालक ने बताया कि उन्हें 15 मार्च को ठेका मिला था। उन्हें एक नसबंदी पर 837 रुपए मिलते है। साढ़े तीन महीने से उनका कोई भी भुगतान नहीं हुआ है और करीब 15 से 16 लाख रुपए रुका हुआ है। ऐसे में वह अब कर्मचारियों को वेतन भी नहीं दे पा रहे है, इसलिए उन्होंने काम बंद कर दिया है।

## ईडी का शिकंजा: 2 दिन सर्चिंग, 20 करोड़ की संपत्ति, निवेश व बैंक खाते फ्रीज

**इंदौर@पत्रिका.** नगर निगम महाघोटाले में ईडी ने 2 दिन 20 ठिकानों पर सर्चिंग की और आरोपियों के परिजन से पूछताछ लंबी की। घर की भी तलाशी ली। चर्चा है, मामले में बड़े अधिकारियों के नाम उजागर हो सकते हैं। बुधवार को औपचारिक जानकारी दी गई कि फर्जीवाड़े से जुड़े कई दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी बरामद हुई है। इसमें से 1.25 करोड़ जब्त किए गए हैं। बैंक खाते, एफडी, म्यूचुअल फंड और इक्विटी के रूप में कुल 20.8 करोड़ रुपए का निवेश फ्रीज कर दिया गया है।

पत्नी की रिहाई के लिए दायर की याचिका

## कोर्ट को याची के तथ्यों पर संदेह, युवती के माता-पिता को बुलाया

**ग्वालियर@ पत्रिका.** हाईकोर्ट की युगल पीठ ने नारी निकेतन में रह रही एक युवती की रिहाई से पहले उसके माता-पिता को बुलाया है। जिस युवक ने याचिका दायर की है, उसके द्वारा पेश किए गए तथ्यों पर संदेह है। अब याचिका की सुनवाई 9 अगस्त को होगी। याचिकाकर्ता ने ममेरी बहन से मंदिर में विवाह रचाया था।



देव नारायण ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। उसकी ओर से तर्क दिया गया कि उसकी पत्नी को नारी निकेतन में बंधक बनाया है। उसे रिहा नहीं किया है। दोनों ने मंदिर में विवाह किया था। पुलिस की ओर से तर्क दिया गया कि गुना थाने में पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस गुमशुदगी के आधार पर युवती को इंदौर से बरामद किया। एसडीएम के यहां पेश किया, लेकिन उसने अपने माता-पिता के साथ जाने से मना कर दिया, जिसके चलते नारी निकेतन में रह रही है। विधिवत उसे नारी निकेतन भेजा गया था। कोर्ट ने शासन का तर्क सुनने के बाद युवती के माता-पिता को बुलाया है।

## खजराना मंदिर की दानपेटी से निकले 2000 के नोट



**इंदौर.** खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों को मंदिर प्रशासक निगरानी में मंगलवार को खोला गया। पेटियों में 2 हजार के नोटों के साथ डॉलर, घड़ियां और चांदी के आभूषण भी निकले हैं। पैसों की गिनती सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई है। बुधवार तक कुल 34 दान पेटियां खुल चुकी हैं। अब तक 86 लाख की राशि प्राप्त हुई है।

ग्वालियर प्रशासन व खनिज विभाग की कार्रवाई

## 13 ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर से जब्त की 50 घनमीटर रेत

**ग्वालियर@पत्रिका.** प्रशासन व खनिज विभाग ने बुधवार को बड़ागांव हाईवे स्थित गणेशपुरा तिराहे पर अवैध रेत के भंडारण पर छापा मारा। यहां से 13 ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक लोडर जब्त किया गया। 50 घनमीटर रेत भंडारित थी, उसे भी जब्त कर लिया। इनके खिलाफ माइनिंग अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने बड़ागांव हाईवे पर गणेशपुरा तिराहे के समीप अवैध रूप से रेत का भंडारण देखा। वहां पर रेत से लोड ट्रैक्टर ट्रॉली भी खड़ी थी। कलेक्टर ने एसडीएम मुरार अशोक चौहान एवं जिला खनिज अधिकारी प्रदीप भूरिया को कार्रवाई के लिए भेजा। वहां पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली मिलीं। जिन्हें जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया। रेत के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है।

## ट्रेंडिंग न्यूज

**जबलपुर**

### बीए-बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा 12 अगस्त से

**जबलपुर.** रानी दुर्गावती विवि ने बीए-बीएससी अंतिम वर्ष ओल्ड कोर्स की परीक्षा का नया टाइम टेबल घोषित कर दिया है। परीक्षाएं 12 अगस्त से होंगी। बीएससी अंतिम वर्ष में 12 अगस्त को सीएस, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रथम और बीए अंतिम वर्ष में 12 अगस्त को हिंदी लिटरेचर सकेंड के पेपर होंगे।



**खरगोन**

### श्रद्धालुओं का पिकअप पलटा, 17 घायल

**खरगोन.** नागलवाड़ी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का पिकअप वाहन पलटा चढ़ाई में उतरते समय पलटा। 17 श्रद्धालु हुए घायल। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल खरगोन में कराया भर्ती। यात्री गोगावां जनपद के ग्राम भुलगांव के रहने वाले। हालांकि वाहन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को खाई में गिरने से पहले मोड़ दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**ग्वालियर**

### बंदरों के आतंक से पुलिस परिवार घरों में कैद

**ग्वालियर.** आजकल बंदरों के उपद्रव से पुलिस वालों का परिवार घरों कैद होने को मजबूर है। बंदरों का खौफ ऑफीसर्स रेजीडेंसी (आफीसर्स मैस के सामने ) में है। छह मंजिला इस इमारत में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के आवास हैं। इमारत के सिक्योरिटी गार्ड नेहरु बेग कहते हैं, मल्टी में करीब 200 से ज्यादा बंदरों ने डेरा जमा रखा है। बंदर खाने-पीने की जुगत में घरों में घुसते हैं।

रीडिंग हैबिट : तीन प्रदेशों के नौ हजार शिक्षकों की स्टडी में सामने आई बात

# किताबें पढ़ने में घटी रुचि, बच्चों का गैजेट्स पर भरोसा बढ़ा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्राइमरी स्कूल में ही मोबाइल, टेबलेट्स, ई-ब्लैकबोर्ड सहित दूसरे गैजेट्स का पढ़ाई में उपयोग बढ़ने की वजह से बच्चों में किताबें पढ़ने की आदत कम होती जा रही है। साथ में ही वे पेन और पेंसिल से लिखना छोड़ रहे हैं। इसका असर शिक्षकों पर भी दिख रहा है। यह निष्कर्ष करीब नौ हजार शिक्षकों की स्टडी में सामने आया है। बच्चों में लर्निंग हैबिट को विकसित करने के लिए प्रदेश स्तर पर काम शुरू किया जाएगा।

एनसीईआरटी और पाठ्यपुस्तक निगम विद्यार्थियों के लिए किताबों का प्रकाशन करता है। स्कूल शिक्षा विभाग हर साल किताबों के प्रकाशन पर करोड़ों रुपए खर्च करता है। लेकिन हाल के वर्षों में बच्चों में किताबें से पढ़ाई की रुचि में कमी आई है। इससे चिंतित होकर शिक्षक संदर्भ समूह ने तीन राज्यों मध्य प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में स्टडी की। इनमें मप्र भी शामिल था।

अध्ययन में पता चला कि कि अब बच्चे किताबों से ज्यादा मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग पढ़ाई में ज्यादा करने लगे हैं। इससे उनकी पढ़ने और लिखने की क्षमता कम हो रही है। इसका दुष्प्रभाव यह हुआ है कि उन्हें पेन और पेंसिल से लिखने की आदत छूटने से राइटिंग खराब हो रही है।



### जोड़-घटाव के लिए भी ऐप

सवालों का हल खोजने से लेकर कॉपी में नोट्स बनाने तक में डिजिटल तरीके बच्चे अपना रहे हैं। स्कूलों ने भी बढ़ावा दिया। जोडने-घटाने के लिए ऐप हैं। नोट बुक की जगह पेन ड्राइव, सबक की जगह पावर पाइंट के जरिए बच्चे पढ़ रहे हैं। शिक्षकों ने अपने निष्कर्ष में बताया कि कई स्कूलों में तो नोट बुक का उपयोग ही कम हो गया। इसकी जगह पेन ड्राइव ने ले ली। इससे बच्चे पेंसिल और पेन से लिखना भूल रहे हैं।

### लाइब्रेरी बनेगी...

शिक्षक संदर्भ समूह के प्रमुख और एनसीईआरटी के पूर्व सदस्य दामोदर जैन ने बताया, तीन साल से किताबों के उपयोग पर काम हो रहा है। बच्चों के साथ ही शिक्षकों पर भी असर देखने को मिला है। सुधार के लिए 8 से 15 अगस्त तक लर्निंग हेबिट बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे।

**क्या है शिक्षक संदर्भ समूह :** शिक्षक संदर्भ समूह पिछले एक दशक से काम कर रहा है। इसमें सरकारी और गैर सरकारी नौ हजार शिक्षक शामिल हैं। प्रदेश समेत तीन अन्य राज्यों के शिक्षक इसमें शामिल हैं।

इंदौर इछापुर नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार के परखच्चे उड़े, जयपुर के युवक की मौत, साथी घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**खंडवा.** इंदौर-इछापुर नेशनल हाईवे पर रोशिया फाटे के पास गलत साइड से आ रहे डंपर ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में जयपुर के एक युवक की मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।



घटना बुधवार दोपहर की है। दोनों युवक कार से इंदौर से खंडवा की ओर आ रहे थे। तभी सामने से गलत साइड से आए तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। कार का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर अंदर की तरफ धंस गया। एक युवक को लोगों ने बाहर निकाल लिया, लेकिन दुसरा युवक फंसा रहा। उसकी मौत हो चुकी थी। इस बीच यहां से गुजर रही 108 एंबुलेंस के पायलट स्टाफ ईएमटी ने तुरंत घायल को प्राथमिक उपचार दिया। चौकी प्रभारी नावड़े ने बताया, दोनों युवक जयपुर के रहने वाले हैं। मृतक की जेब में आधार कार्ड मिला है। इस पर सुरेश गुर्जर लिखा हैं। हालांकि मृतक की पहचान की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं घायल युवक कुशीराम पिता हनुमान हैं। घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया।

## विमानन क्षेत्र के लिए सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली पर कार्यकारी प्रशिक्षण

**अहमदाबाद.** वडोदरा. गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) की ओर से नई दिल्ली के परिवहन अनुसंधान एवं प्रबंधन केंद्र (सीटीआरएएम) में विमानन क्षेत्र के लिए पहला कार्यकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। तीन दिवसीय पाठ्यक्रम का शुभारंभ नागर विमानन मंत्रालय के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो के महानिदेशक ग्रुप कैप्टन जीवीजी युगांधर, एयर इंडिया उड्डयन अकादमी के निदेशक सुनील भास्करन ने किया। इस अवसर पर जीएसवी के कुलपति प्रो. मनोज चौधरी, डीन (कार्यकारी शिक्षा) प्रो. प्रदीप गर्ग मौजूद थे।

महानगर पालिकाओं, नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों में भी यह उत्सव

# राज्यभर में आज से हर घर तिरंगा अभियान, चार शहरों में निकलेगी तिरंगा यात्रा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** गांधीनगर. केन्द्र सरकार की ओर से 8 से 15 अगस्त के दौरान पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में राज्य के मुख्य चार महानगरों- राजकोट, सूरत, वडोदरा एवं अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। राज्य के खेल-कूद तथा युवक सेवा मंत्री हर्ष संघवी ने बुधवार को यह जानकारी दी।



हर घर तिरंगा अभियान की जानकारी देते मंत्री हर्ष संघवी।

उन्होंने कहा कि 10 अगस्त को राजकोट, 11 अगस्त को सूरत , 12 अगस्त को वडोदरा तथा 13 अगस्त को अहमदाबाद में 2 किलोमीटर के रूट पर तिरंगा यात्रा /मेगा परेड का आयोजन होगा। सूरत व अहमदाबाद में 1 लाख से अधिक, जबकि राजकोट व वडोदरा में 50 से 70 हजार नागरिक भाग लेंगे।

राज्य की महानगर पालिकाओं, नगर पालिकाओं और 14,292 ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्रा का उत्सव मनाया जाएगा। इस यात्रा में 2,200 से अधिक संस्थाएं हिस्सा लेंगी। सीमावर्ती गांवों में घरों पर तिरंगा फहरा कर तिरंगा यात्रा भी आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य के 75 आइकॉनिक स्थलों पर भी यह पर्व मनाया जाएगा। राज्य के सभी घरों, दुकानों, औद्योगिक घरानों व इकाइयों, सरकारी कार्यालयों, निजी कार्यालयों तथा ठेलों पर तिरंगा फहराया जाने वाला है।

राज्य के सभी जिलों में 40 से 50 लाख तिरंगा वितरित होगा। यातायात पुलिस की ओर से विभिन्न शहरों के चार मार्गों पर नागरिकों को तिरंगों का वितरण भी किया जाएगा। राज्य की एसटी बसों में भी यात्रियों को तिरंगा बांटा जाएगा।

### बैंड की प्रस्तुति

इस कार्यक्रम के तहत सशस्त्र बलों के बैंड, पुलिस बैंड, स्कूल बैंक तथा अन्य निजी बैंड की ओर से देश भक्ति पर आधारित धुनें प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की ओर से कुल 9 झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इस अभियान के तहत तिरंगा यात्रा, रैली, रन, कॉन्सर्ट, कैनवास, शपथ, तिरंगा सेल्फी, सम्मान तथा तिरंगा मेला जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### चित्र और रंगोली प्रतियोगिता भी

शिक्षा विभाग की ओर से राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में देश भक्ति की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, चित्र तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

निफ्ट ने मनाया हथकरघा दिवस

## मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया



निफ्ट-गांधीनगर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल व अन्य।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान- गांधीनगर (निफ्ट) ने बुधवार को 10वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और कुटीर, खादी उद्योग मंत्री बलवंत सिंह राजपूत ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने फैशन डिजाइन विभागों के संकाय का भी उद्घाटन किया।

इस मौके पर निफ्ट में हथकरघा प्रदर्शनी लगाई गई। हाथ से बुने कपड़ों की श्रृंखला प्रदर्शित की गई, जिसमें साड़ी, शॉल, परिधान, घर की सजावट शामिल हैं। प्रदर्शनी का उद्देश्य पारंपरिक हथकरघा शिल्प को बढ़ावा देना है। निफ्ट के निदेशक डॉ. समीर सूद के नेतृत्व में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें 25 से अधिक लकड़ी के कोयले के चित्र, रेखाचित्र और खादी उत्पाद भी हैं। इस अवसर पर गांधीनगर की महापौर मीरा पटेल, विधायक रीता पटेल, कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग आयुक्त प्रवीण सोलंकी समेत कई लोग मौजूद रहे।

गुजरात एटीएस की कार्रवाई

# महाराष्ट्र से 800 करोड़ की एमडी ड्रग्स के साथ दो जनों को पकड़ा

**दोनों आरोपी सगे भाई, ड्रग्स बनाने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले सामान भी बरामद**

**अहमदाबाद.** गुजरात आतंकवादी निरोधक दस्ते (एटीएस) ने मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स के मामले में बड़ी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सफलता हासिल की है। टीम ने महाराष्ट्र के थाणे जिले के भिवंडी में एक फ्लैट पर छापा मारकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से लगभग 800 करोड़ का मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स जब्त किया गया जो लिक्विड रूप में है। पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद युनूस उर्फ एजाज शेख (41) तथा मोहम्मद आदिल शेख (34) शामिल हैं। ये दोनों आरोपी सगे भाई हैं।

**सूरत के पलसाणा में पकड़ी गई ड्रग्स से जुड़े हैं तार:** एटीएस के मुताबिक गत 18 जुलाई को सूरत जिले की पलसाणा तहसील के कारेली गांव में अवैध रूप से मेफेड्रोन ड्रग्स बरामद की गई थी, जिसके तार इन आरोपियों से जुड़े हुए हैं। तब कारेली गांव से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

गुजरात एटीएस के अनुसार सूरत जिले के कारेली गांव से पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में सामने आया था कि इस मामले में युनूस तथा आदिल नामक दो आरोपी भी शामिल हैं। एटीएस के पुलिस उपाधीक्षक एस.एल. चौधरी को मिली इस सूचना के आधार पर जांच की गई। एटीएस के पुलिस निरीक्षक सी एच पनारा तथा बी एम पटेल के नेतृत्व में टीम सोमवार को भिवंडी (महाराष्ट्र) गई। यहां एक फ्लैट में छापा मारा गया। इस दौरान



मोहम्मद आदिल



मोहम्मद युनूस

एमडी ड्रग्स का अवैध रूप से उत्पादन भी जारी था। फ्लैट में 10.969 किलो सेमी-लिक्विड एमडी तथा बैरल में भरी 982.263 किलो लिक्विड एमडी ड्रग्स मिली। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 800 करोड़ रुपए आंकी गई है।

एमडी ड्रग्स बनाने में उपयोग लिए जाने वाले अन्य सामान भी जांच के लिए बरामद किए गए हैं। छापे के दौरान टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ा।



जब्त मेफेड्रोन व अन्य सामान।

### दुबई तक नेटवर्क तैयार करने की साजिश

आरोपियों से की गई पूछताछ में सामने आया है कि युनूस पूर्व में दुबई से गोल्ड तथा इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं की स्मगलिंग की गतिविधियों में शामिल था। दुबई में एक अज्ञात व्यक्ति से जानकारी हुई थी। दुबई में नेटवर्क स्थापित करने की साजिश के चलते उसने अपने भाई के साथ भिवंडी में एक फ्लैट किराए से लेकर लगभग आठ नौ माह पहले अवैध रूप से एमडी ड्रग्स का उत्पादन शुरू किया था। इसके लिए उसने कच्चा माल भी जुटा लिया था।

शॉर्ट सर्किट बना कारण, कोई हताहत नहीं

## साइंस सिटी के बेसमेंट में प्लेनेट अर्थ में लगी आग, 40 को बाहर निकाला



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर में साइंस सिटी के बेसमेंट स्थित प्लेनेट अर्थ में आग लगी। हालांकि इस मामले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग का कारण एसी में शॉट सर्किट बताया जा रहा है। अहमदाबाद फायर ब्रिगेड के अनुसार मंगलवार शाम को साइंस सिटी के बेसमेंट में धुंआ उठने की सूचना के आधार पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों के साथ टीम पहुंची। इस दौरान बेसमेंट में स्थित प्लेनेट अर्थ पर करीब 30 मिनट तक पानी का छिड़काव किए जाने पर आग नियंत्रण में आ गई।

धुएं के गुबार के कारण 40 लोगों को बाहर निकाला गया। माना जा रहा है कि एसी में हुए शॉर्टसर्किट के कारण आग लगी थी। इस घटना के दौरान साइंस सिटी को आगंतुकों के लिए बंद कर दिया गया था।

मंत्री भानू बाबरिया ने किया लोकार्पण

## गांधीनगर में बना पहला लाइट गेज स्टील फ्रेम तकनीक से युक्त नंदघर



कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री भानूबेन बाबरिया व अन्य।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** देश में पहली बार लाइट गेज स्टील फ्रेम तकनीक से युक्त नंद घर का निर्माण गांधीनगर के जाखोरा गांव में किया गया है। इस नंद घर का लोकार्पण महिला और बाल कल्याण मंत्री भानू बाबरिया ने किया गया। मंत्री ने कॉमन बेनिफिशियरी मैनेजमेंट सिस्टम और आंगनवाड़ियों की शिकायत निवारण व्यवस्था के लिए मोबाइल ऐप का लॉन्चिंग, जूनागढ़ तथा भावनगर में नवनिर्मित सखी वन स्टॉप सेंटर का भी लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मंत्री बाबरिया ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार की ओर से लाइट गेज स्टील फ्रेम तकनीक का उपयोग कर एक हजार आंगनवाड़ियों का निर्माण करने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य की 53 हजार आंगनवाड़ियों में तीन लाख से अधिक पौधे रोपे गए। जाखोरा की आंगनवाड़ी में किचन गार्डन का भी निर्माण किया गया है। यहां उगने वाली सब्जियों का उपयोग बच्चों को पोषक आहार देने के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य की किशोरियों को पूर्णा शक्ति योजना के माध्यम से स्वस्थ बनाया जा रहा है। गर्भवती, धात्री और पूरक माताओं को पोषण युक्त आहार किट भी वितरित किया जा रहा है। आंगनवाड़ी के बच्चों को पौधे अर्पण किए गए। गांव की गर्भवती, पूरक व धात्री माताओं और किशोरियों को पोषक आहार की किट का वितरण किया गया। इस मौके पर महिला व बाल कल्याण विभाग के सचिव के.के. निराला और आईसीडीएस कमिश्नर डॉ. रणजीतकुमार सिंह व अन्य उपस्थित थे।

राज्य सरकार दूध संजीवनी योजना बनी कारगर

## एक दशक में 88 लाख लाभार्थियों को मिला दूध

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**गांधीनगर.** राज्य सरकार की दूध संजीवनी योजना आदिवासी इलाकों की महिलाओं और बच्चों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। एक दशक में 87 लाख 89 हजार से अधिक लाभार्थियों को इस योजना के जरिए फोर्टिफाइड दूध मुहैया कराया गया। इस योजना का उद्देश्य आदिवासी इलाकों में महिलाओं और बच्चों को पोषणयुक्त आहार मुहैया कराना है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राज्य के 5 जिलों के केवल 10 आदिवासी घटकों में शुरू की गई पोषण सुधा योजना प्रारंभ की गई। मौजूदा समय में राज्य के सभी 14 आदिवासी जिलों के 106 घटकों में इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्ष 2023-24 में आदिवासी क्षेत्रों के 90,249 लाभार्थियों को पौष्टिक आहार का लाभ दिया गया है।

### माता और नवजात के लिए 'पोषण सुधा योजना' बनी वरदान

राज्य सरकार ने वर्ष 2022 को पोषण सुधा योजना अर्थात स्पॉट फीडिंग कार्यक्रम शुरू किया था। इसका उद्देश्य राज्य के सभी आदिवासी जिलों के आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं में पोषण की स्थिति में सुधार करना, एनीमिया रोग वाले तथा जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों की दर को कम करना, और प्रसव के परिणामों में सुधार लाना है।

इस योजना में 90,249 गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पौष्टिक भोजन का लाभ मिला। योजना की निगरानी और समीक्षा के लिए विशेष मोबाइल एप्लीकेशन भी बनाया गया है।

### वर्ष 2009 में शुरू हुई थी दूध संजीवनी योजना

तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 दिसंबर, 2009 को 'दूध संजीवनी योजना' शुरू की थी, जिसका उद्देश्य आदिवासी बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण स्तर में सुधार करना है। इस योजना में आंगनवाड़ी केंद्र के 6 महीने से 6 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन 100 मिलीलीटर, जबकि गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को सप्ताह में 2 दिन 200 मिली फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध दिया जाता है।

## विमान के शौचालय में धूम्रपान के आरोप में एक को पकड़ा

**अहमदाबाद @ पत्रिका.** शहर के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विमान के शौचालय में धूम्रपान करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार जयपुर-अहमदाबाद फ्लाइट में इमरान सुलेमान सैय्यद यात्रा कर रहा था। वह शौचालय जाने के बाद वापस अपनी सीट पर आ गया। क्रू मेंबर की टीम को इस व्यक्ति पर सिगरेट पीने का संदेह हुआ। धुएं की गंध के आधार पर शौचालय की जांच की गई। इसमें धूम्रपान की पुष्टि होने पर अहमदाबाद एयरपोर्ट पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की जांच के दौरान सिगरेट का पैकेट और माचिस भी मिली।

कल विश्व आदिवासी दिवस

# एक करोड़ से ज्यादा की स्क्रीनिंग में 32000 को सिकल सेल एनीमिया

### आदिवासी बाहुल्य जिलों में 1.04 करोड़ को आयुष्यमान कार्ड का लाभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** गुजरात में एनीमिया कंट्रोल प्रोग्राम के तहत आदिवासी क्षेत्र बहुल जिलों में 1.03 करोड़ लोगों की गई निःशुल्क स्क्रीनिंग में 32 हजार सिकल सेल एनिमिया रोग के मरीज सामने आए। वहीं 7.36 लाख सिकल सेल वाहक पाए गए। केंद्र सरकार की ओर से एक जुलाई 2023 को 17 राज्यों में नेशनल सिकल सेल एनीमिया मिशन 2047 की शुरुआत की गई थी। हालांकि गुजरात में वर्ष 2006 से ही सिकल सेल कंट्रोल प्रोग्राम कार्यरत हो गया था। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुजरात में 2.56 करोड़ आयुष्मान कार्ड धारकों में से आदिवासी बहुल बस्ती वाले 14 जिलों में 1.04 करोड़ लाभार्थी हैं।

वर्ष 2023-24 में 14 जिलों के कुल 4.13 लाख लाभार्थियों को योजना के माध्यम से 1139.8 करोड़ रुपए की राशि चुकाई गई थी। इन जिलों में 2776 उप स्वास्थ्य केंद्र, 421 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 85 सामुदायिक केंद्र हैं। 14 में से नौ जिलों में मेडिकल कॉलेजों की कुल 2000 मेडिकल सीट हैं। शेष पांच जिलों में भी मेडिकल कॉलेज शुरू करने की योजना है।

### आदिवासी बहुल 14 जिले

आदिवासी बहुल 14 जिलों में अरवल्ली, बनासकांठा, भरुच, छोटाउदेपुर, दाहोद, डांग, महिसागर, नर्मदा, नवसारी, पंचमहाल, साबरकांठा, सूरत, वलसाड, तापी जिले शामिल हैं। इनमें नेशनल सिकलसेल एनिमिया मिशन 2047 के तहत कार्य किया जा रहा है। इस मिशन के अंतर्गत 40 वर्ष के लोगों को शामिल किया गया है।

आफत | इस मानसून के सीजन में 40 से ज्यादा गड्ढे

# सड़कों पर गड्ढों से बढ़ी परेशानी, मंडरा रहा हादसों का खतरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर में बारिश के दौरान जगह-जगह हो रहे गड्ढे, पाइप लाइन व सीवरेज लाइन की मरम्मत जैसे कार्य इन दिनों परेशानी का कारण बन रहे हैं। खुदी हुई सड़कों पर छोटे बड़े गड्डों में पानी भरने के कारण दुपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा भी सता रहा है।

मानसून के इस सीजन में अब तक 40 से ज्यादा गड्ढे पाए गए हैं। शहर में कहीं एक जगह नहीं बल्कि जगह-जगह ये समस्या देखी जा सकती है। रखियाल क्षेत्र में पटेल मिल के निकट बीआरटीएस कॉरिडोर में पिछले कई दिनों खुदाई की जा रही है। जिसके कारण न सिर्फ स्थानीय नागरिक परेशान हैं बल्कि बार-बार ट्रैफिक भी जाम होने की समस्या है। इसी रोड पर कुछ आगे बीआरटीएस बस अड्डे के निकट सड़क पर छोटे-बड़े गड्ढों की भी भरमार है।

### अमदुपुरा में थोड़ी बारिश में ही जल-जमाव

अमदूपुरा में थोड़ी ही बारिश में जहां पानी भर जाता है वहीं दूसरी ओर इन दिनों सड़कों पर गड्ढों से वाहन चालकों की समस्या बढ़ गई है। पानी के बीच में जब वाहन चलते हैं तो गड्ढों से दुर्घटना होने की आशंका भी सताती है।

बापूनगर, गोमतीपुर, सरसपुर, बापूनगर, वस्त्राल, अमराईवाडी, मणिनगर के विविध क्षेत्रों में कुछ-कुछ जगहों पर इस तरह की समस्या देखी जा सकती है। शहर के कई पॉश इलाकों में भी इसी तरह की स्थिति है। नारणपुरा में मनीष सोसाइटी के सामने सड़क धंस सी गई है। साथ ही जगह-जगह गड्ढे भी हो रहे हैं। इधर राणिप इलाके में गड्ढे ही गड्ढे दिखे।



मणिनगर



शहर के राणिप इलाके में खस्ताहाल सड़क।

## ईवी बैटरी में विस्फोट से मकान में आग, तीन लोगों को बचाया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** शहर के पालडी इलाके में बैरेज रोड स्थित अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर एक फ्लैट में बुधवार सुबह उस दौरान भीषण आग लग गई जब घर में इलेक्ट्रिक वहान (ईवी) की बैटरी में चार्ज के दौरान विस्फोट हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग में फंसे घर के तीन सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया।

अहमदाबाद फायर ब्रिगेड के अनुसार फ्लैट में ईवी की बैटरी को चार्ज किया जा रहा था। उस समय अचानक बैटरी में विस्फोट के साथ आग लग गई। कुछ ही देर में यह आग पूरे कमरे में फैल गई। धुंआ भी बहुत उठने लगा। घर के तीन सदस्य आग से बचने के लिए दूसरे रूम में पहुंच गए और उन्होंने दरवाजा बंद कर लिया।

इसके चलते वे धुएं से बचे रहे थे। समय रहते पहुंची जमालपुर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया और तीनों सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पत्रिका
विस्तृत खबरों और फोटोग्राफ्स के लिए देखें...
patrika.com

टेनिस

## निशिकोरी ने तीन साल बाद पहली जीत दर्ज की



केई निशिकोरी, जापान।

**मॉन्ट्रियाल @ पत्रिका.** जापान के केई निशिकोरी ने यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। जापानी खिलाड़ी की एटीपी मास्टर्स 1000 में तीन साल बाद यह पहली जीत है। 34 वर्षीय निशिकोरी ने अंतिम-64 में अमरीका के 19 वर्षीय एलेक्स मिशेलसन को 3-6, 7-5, 6-4 से मात दी। अगले दौर में अब उनका सामना यूनान के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास से होगा।

**अजारेंका आगे बढ़ीं:** टूर्नामेंट के महिला एकल में बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका ने रूस की अनास्तासिया पाब्लुचेंकोवा को एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-2 से हराया। अजारेंका ने इस टूर्नामेंट में 11 बार हिस्सा लिया है और दो बार अंतिम-4 में पहुंच चुकी हैं। इस बार भी वे अच्छी फॉर्म में हैं।

**तीसरा वनडे :** मेजबान ने अंतिम मैच में 110 रन से दी मात, तीन मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम की

# पहली परीक्षा में फेल कोच गंभीर, श्रीलंका ने 27 साल बाद भारत को वनडे सीरीज में हराया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोलंबो.** मुख्य कोच गौतम गंभीर के कार्यकाल में भारतीय टीम को पहली ही वनडे सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। श्रीलंका ने बुधवार को यहां भारतीय टीम को तीसरे व अंतिम मुकाबले में 110 रन के बड़े अंतर से शिकस्त देकर तीन मैचों की वनडे सीरीज पर 2-0 से कब्जा कर लिया। दोनों टीमों के बीच पहला वनडे मैच टाई समाप्त हुआ था।

27 साल बाद यह पहला मौका है जब श्रीलंका ने वनडे सीरीज में भारत को हराया है। अंतिम बार वर्ष 1997 में अर्जुन रणतुंगा की कप्तानी में श्रीलंका ने भारत को हराया था

***जीत के हीरो बने अविष्का:*** श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 248 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच बने ओपनर अविष्का फर्नांडो ने नौ चौकों और दो छक्कों के साथ 96 रन ठोके। जवाब में भारतीय टीम 26.1 ओवर में 138 रन बनाकर सिमट गई।

***टीम इंडिया के स्टार फ्लॉप:*** भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद लचर रहा। कप्तान रोहित शर्मा (35) ने सर्वाधिक स्कोर बनाया। विराट कोहली 20, ऋषभ पंत 06, श्रेयस अय्यर 08, रियान पराग 15 और शुभमन गिल 06 रन ही बना सके।




श्रीलंका के ओपनर अविष्का फर्नांडो अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद और भारत के लिए पदार्पण करने वाले रियान पराग जश्न मनाते हुए।

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | 50 ओवर 248/07 |
|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| निसंका कॉ पंत बो अक्षर | 45 65 05 02 |
| फर्नांडो एलबीडब्ल्यू बो पराग | 96 102 09 02 |
| कुशल कॉ गिल बो कुलदीप | 59 82 04 00 |
| असलंका एलबीडब्ल्यू बो पराग | 10 12 00 01 |
| समरविक्रमा एलबीडब्ल्यू बो सिराज | 00 01 00 00 |
| लियानगे बो सुंदर | 08 12 01 00 |
| वेल्लालागे बो पराग | 02 03 00 00 |
| कामिंदु नॉट आउट | 23 19 00 01 |
| तीक्षणा नॉट आउट | 03 04 00 00 |

**अतिरिक्त:** 02. **विकेट पतन:** 1-89, 2-171, 3-183, 4-184, 5-196, 6-199, 7-235.
**गेंदबाजी:** सिराज 9-0-78-1, शिवम 4-0-9-0, अक्षर 10-1-41-1, सुंदर 8-1-29-1, कुलदीप 10-0-36-1, रियान 9-0-54-3.

| भारत | 26.1 ओवर 138/10 |
|---|---|
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| रोहित कॉ मेंडिस बो वेल्लालागे | 35 20 06 01 |
| गिल बो फर्नांडो | 06 14 00 00 |
| कोहली एलबीडब्ल्यू बो वेल्लालागे | 20 18 04 00 |
| पंत स्टंप मेंडिस बो तीक्षणा | 06 09 01 00 |
| श्रेयस एलबीडब्ल्यू बो वेल्लालागे | 08 07 02 00 |
| अक्षर बो वेल्लालागे | 02 07 00 00 |
| रियान बो वेंडरसे | 15 13 02 00 |
| शिवम एलबीडब्ल्यू बो वेंडरसे | 09 14 01 00 |
| सुंदर कॉ वेंडरसे बो तीक्षणा | 30 25 02 03 |
| कुलदीप एलबीडब्ल्यू बो वेल्लालागे | 06 30 00 00 |
| सिराज नॉट आउट | 00 00 00 00 |

**अतिरिक्त:** 1. **विकेट पतन:** 1-37, 2-53, 3-63, 4-71, 5-73, 6-82, 7-100, 8-101, 9-138, 10-138. **गेंदबाजी:** फर्नांडो 5-0-29-1, तीक्षणा 8-0-45-2, वेल्लालागे 5.1-0-27-5, वेंडरसे 5-0-34-2, असलंका 3-1-2-0.

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7069...



**बाएं से दाएं...** 1. योद्धा, लड़ाई लड़ने वाला, युद्ध में प्रवीण (2-2), 4. खुली हुई चौकोर और चौरस जगह (4), 7. गंदा (3), 8. बराबरी, तुल्यता, संतुलन (3), 9. थूक, लुहाब (2), 10. नयनपट, आंख के ऊपर का पतला आवरण (3), 11. राय, वोट, सिद्धांत (2), 12. आघात, धक्का, चोट (3), 13. पवित्र, स्वच्छ (2), 14. विवाह सम्बन्ध विच्छेद (3), 15. शारीरिक कौशल, बाजीगरी (4), 17. आश्रय, शरण (3), 19. पाठ, सीख, नसीहत (इड3), 20. कारिंदा, कर्मचारी (2-2), 21. कपि, मर्क ट, बंदर (3), 23. चर्चा, जिरह (3), 25. लीन, तन्मय (2), 26. मृत्युशोक, गमी (3)

**ऊपर से नीचे...** 1. वन विभाग (4), 2. सैनिक विद्रोह (3), 3. कम उम्र की कन्या, युवती (2), 4. आभा, कांति, रोशनी (3), 5. सामर्थ्य, शक्ति, दम (2), 6. सहायता, चैन, आराम (3), 8. सोने-चांदी का रुपहला तार, बादला (3), 10. मैडल, तमगा (3), 11. पाठशाला (4), 12. परामर्शदाता, राय देने वाला (5), 13. लोहे का सोना बनाने वाला कल्पित पत्थर (3), 14. पेड़ का शाखा रहित भाग (2), 16. व्यर्थ की बात (4), 17. नाव के पीछे लगी तिकोनी लकड़ी (4), 18. विद्रोह, विप्लव (4), 22. विनीत, झुका हुआ (2), 24. शर्म, लज्जा (2)

हल 7068



## SUDOKU 6804...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 9 | |
| | | | | | | 4 | | |
| | | | | | 4 | 1 | 5 | |
| 4 | | 3 | | 7 | | | 6 | |
| 5 | | | 8 | | | | | 9 |
| 1 | | | | 6 | | | | |
| 3 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 5 | | 4 | | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | 8 |

हल 6803

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 8 | 4 | 9 |
| 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |

**कैसे खेलें:** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**2 से 9 नवंबर तक होगा आयोजन :** पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने लगातार चौथी बार किया क्वालीफाई

## स्विटेक लगातार चौथी बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पहुंची

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**फ्लोरिडा.** विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी पोलेंड की इगा स्विटेक 2 से 9 नवंबर तक सऊदी अरब के रियाद में होने वाले सीजन के आखिरी डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। डब्ल्यूटीए ने बुधवार को यह जानकारी दी। पोलैंड की 23 वर्षीय खिलाड़ी की नजरें महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने पर होंगी।




**इस साल जीते 5 खिताब**

**पोलैंड** की खिलाड़ी ने इस सीजन पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक के अलावा पांच खिताब जीते हैं और वह लगातार चौथी बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हिस्सा लेंगी। स्विटेक ने कहा, लगातार चौथे साल डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाइ करना सुखद एहसास है। उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष आठ खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

**टेस्ट क्रिकेट :** बाबर, अफरीदी व रिजवान बरकरार

## बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम घोषित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लाहौर.** बांग्लादेश के खिलाफ 21 अगस्त से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 17 सदस्यीय पाकिस्तान टीम का ऐलान बुधवार को किया गया है। शान मसूद को कप्तान और सऊद शकील को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं बाबर आजम, शाहीन अफरीदी व मोहम्मद रिजवान को बरकरार रखा है।

**पाकिस्तान टीम:** शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उप-कप्तान), आमिर जमाल (फिटनेस पर निर्भर), अब्दुला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, कामरान गुलाम, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद अली, मोहम्मद हुरैरा, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, साईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीदी।

### कर्नाटक | रात एक बजे तक खुले रहेंगे बार

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** राजधानी में अब बार, होटल व क्लब रात 1 बजे तक खुले रहेंगे। कांग्रेस सरकार ने इसकी इजाजत दे दी है। नाइटलाइफ को बढ़ावा देकर राजस्व बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार ने हाल में एक आदेश जारी कर समय सीमा को बढ़ाकर प्रतिदिन रात 1 बजे कर दिया है। हालांकि, यह आदेश बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका के अधिकार क्षेत्र में आने वाले बार, होटल व क्लब पर लागू होगा।

### गुजरात | 7.15 करोड़ से अधिक पौधे लगाए

**अहमदाबाद@ पत्रिका.** पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत गुजरात ने अब तक 7.15 करोड़ पौधे लगाए हैं। देश में पौधे लगाकर राज्य में ग्रीन कवर को बढ़ाने का कीर्तिमान स्थापित करने में गुजरात दूसरे नंबर का राज्य रहा है। अभियान में जनसंख्या-क्षेत्रफल की दृष्टि से उत्तर प्रदेश 8.88 करोड़ पौधरोपण के साथ देश में प्रथम स्थान पर है।

### उत्तराखंड | प्रतिबंध के साथ होगा मक्खन उत्सव

**नैनीताल @ पत्रिका.** उत्तरकाशी में होने वाले ऐतिहासिक मक्खन उत्सव या अंधुरी त्योहार को हाईकोर्ट ने कुछ प्रतिबंध के साथ अनुमति दे दी है। उत्सव में ग्रामीण दूध, छांछ और मक्खन की होली खेलते हैं। कोर्ट ने प्रतिभागियों की संख्या 1500 तक सीमित कर दी है। साथ ही एक बार में 200 से अधिक लोग नहीं जुट सकेंगे। कोर्ट ने पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए 2018 में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने पर रोक लगाई थी।

### जर्मनी | होटल ढहने से दो मरे, कई फंसे

**फ्रैंकफर्ट @ पत्रिका.** जर्मनी में मोसेल नदी के तट के पास स्थित एक होटल की इमारत के कुछ हिस्से ढह जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं। पुलिस के अनुसार इमारत के और अधिक ढहने के जोखिम के चलते आपातकालीन सेवाएं इमारत में प्रवेश करने में असमर्थ हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, लगभग नौ लोग भीतर फंसे हुए हो सकते हैं।

### पाक | 12 अरब डॉलर की कर्ज चुकौती में राहत

**इस्लामाबाद @ पत्रिका.** चीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के 12 अरब डॉलर के कर्ज को एक साल के लिए आगे बढ़ाने पर सहमति जता दी है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) इस महीने के अंत तक पाकिस्तान के लिए 7 अरब डॉलर के राहत पैकेज को मंजूरी दे सकता है।

### अमरीका | बॉल्ड ईगल को राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** अमरीका की सीनेट ने एक विधेयक पारित कर बॉल्ड ईगल को आधिकारिक तौर पर देश के राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा दे दिया है। चील की इस प्रजाति को 200 साल से भी ज्यादा से देश के प्रतीक के रूप में माना जाता रहा है।

**राज्यसभा :** गृह राज्य मंत्री ने दी जानकारी

## नार्को अपराधियों पर राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस पोर्टल बनाया

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** देश में नशे के खिलाफ लड़ाई को धार देते हुए मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने कई पहल की है। केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के लिए नार्को समन्वय पोर्टल बनाया गया है। यह जानकारी गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में दी है। उन्होंने बताया कि जांच एजेंसियों की सहायता के लिए गिरफ्तार नार्को-अपराधियों पर राष्ट्रीय एकीकृत डेटाबेस (निदान) पोर्टल विकसित किया गया है। यह नारकोटिक्स और (एनडीपीएस) अधिनियम- 1985 के तहत मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में शामिल नार्को-अपराधियों का डेटा प्रदान करेगा। मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) तंत्र के तहत डार्कनेट और क्रिप्टो-करेंसी पर एक कार्य बल गठन किया गया है।

यह प्रमुख रूप से नार्को-तस्करी को सुविधाजनक बनाने वाले सभी मंचों की निगरानी करने, एजेंसियों, एमएसी सदस्यों के बीच मादक पदार्थ की तस्करी पर इनपुट साझा करने में मदद करेगा। मादक पदार्थ के नेटवर्क पर रोक लगाने, नियमित डेटाबेस अपडेट के साथ कार्य प्रणाली को सुदृढ़ करने में सहायक होगा।

**मध्यप्रदेश :** हाईकोर्ट ने खारिज की अधिसूचना

## संरक्षित स्मारक पर वक्फ बोर्ड दावा नहीं कर सकता

**जबलपुर @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश के बुरहानपुर स्थित मुगल शासकों से जुड़े स्मारकों को वक्फ सम्पत्ति होने के दावे पर हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया की बेंच ने कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने वक्फ बोर्ड के अधिवक्ताओं से सवाल किया कि तीनों स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वे ने संरक्षित घोषित किया है। यह पहले से केंद्र सरकार की सम्पत्ति है। फिर वक्फ बोर्ड ने किस आधार पर अपनी सम्पत्ति का दावा करते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी। कोर्ट ने कहा कि कल को ताजमहल व लाल किला को भी वक्फ सम्पत्ति होने का दावा करते हुए अधिसूचना जारी कर दोगे!

**यह है मामला**

हाईकोर्ट पुरातत्व सर्वे विभाग द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें मुगल शासक शाहजहां की बहू की कब्र सहित तीन स्मारकों को वक्फ सम्पत्ति होने का दावा करते हुए जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि जो स्मारक पहले से संरक्षित घोषित है, उस पर वक्फ का दावा नहीं हो सकता। वक्फ अधिसूचना निरस्त कर दी गई।

### 78 लोगों के साथ 12.60 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**सूरत @ पत्रिका.** आवास योजना में मकान दिलवाने का झांसा देकर 78 लोगों के साथ 12.60 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में उधना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पंचानंद प्रधान ने 2013 में 78 लोगों के साथ ठगी की थी। उस समय वह पांडेसरा में एक मंत्री के कार्यालय के निकट बैठा रहता था। उसने लोगों से कहा कि वह उन्हें सरकारी आवास योजना में मकान दिलवा सकता है। उसने ओडिशा के प्रवासियों से 10-10 हजार रुपए लेकर कुल 12.60 लाख रुपए ऐंठ लिए।

**भू अवलोकन उपग्रह को कक्षा में करेगा स्थापित**

## 15 अगस्त को आखिरी परीक्षण उड़ाने भरेगा स्वदेशी छोटा रॉकेट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बेंगलूरु.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) 15 अगस्त को तीसरी और आखिरी तकनीकी परीक्षण उड़ान भरेगा। यह रॉकेट श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 9.17 बजे उड़ान भरेगा और इसरो के नवीनतम भू अवलोकन उपग्रह (ईओएस-08) को लॉन्च करेगा। लगभग 175.5 किलोग्राम वजनी यह उपग्रह पर्यावरण निगरानी से लेकर आपदा प्रबंधन और विभिन्न वैज्ञानिक तथा व्यावहारिक क्षेत्रों में कीमती डेटा का योगदान देगा।

**एक वर्ष काम करेगा**

यह उपग्रह तीन पेलोड ले जाएगा, जिन्हें मिट्टी की नमी के आकलन से लेकर आपदा प्रबंधन तक के विविध क्षेत्रों में उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है। यह अंतरिक्ष यान 475 किमी की ऊंचाई पर पृथ्वी कक्षा में लगभग एक वर्ष तक काम करेगा।

### अमरीका के स्पॉन्सर वीजा के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**सूरत.** संयुक्त राज्य अमरीका का स्पॉन्सर वीजा दिलवाने का झांसा देकर 23 लाख की ठगी करने वाले को कतारगाम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कार्तिक पारेख ने चार जनों के साथ ठगी की थी। उसने किसी परिचित के मुलाकात में पीड़ितों को बताया था कि अमरीका में उसकी दुकानें व मॉटेल हैं और उसकी पत्नी मॉल खोलने वाली हैं। उसने पीड़ित को वीजा दिलवाने का झांसा दिया और उनसे रुपए ले लिए। उसके बाद उसने गांधीनगर में उसके घर के मुहुर्त के बहाने पीड़ितों को वहां बुलाया और महंगे होटल में ठहराया।

**राज्य में यूट्यूब प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने की भी इच्छुक**

## गूगल ने अमरावती में मीडिया सिटी में निवेश की रुचि दिखाई



**अमरावती @ पत्रिका.** गूगल ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में मीडिया सिटी में निवेश करने और राज्य में यूट्यूब प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने में रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को यूट्यूब के ग्लोबल सीईओ नीलमोहन और गूगल के एशिया पेसिफिक डिवीजन (एपीएसी) के प्रमुख संजय गुप्ता के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने राज्य में स्थानीय भागीदारों के साथ कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रबंधन और 'ग्रो विद गूगल' जैसे प्रमाणन कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने यूट्यूब संचालन शुरू करने और अमरावती में मीडिया सिटी में निवेश करने के चंद्रबाबू के सुझाव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' मंच पर इस बारे में जानकारी देते हुए कहा नीलमोहन और संजय गुप्ता से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने आंध्रप्रदेश में एक यूट्यूब अकादमी स्थापित करने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को बढ़ावा देने, सामग्री विकास, कौशल विकास और प्रमाणन कार्यक्रमों पर स्थानीय भागीदारों के साथ काम करने में रुचि व्यक्त की।

## ब्रेस्ट कैंसर : जागरूकता बढ़ाने गुलाबी छतरियों के साथ मार्च



**चेन्नई.** क्वीन मैरी कॉलेज की छात्राओं ने ब्रेस्ट कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए बुधवार को चेन्नई के कामराज सालै के पास गुलाबी छतरियों के साथ मार्च निकाला।

पेज 1 का शेष

### भारत का...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) ने इस स्थिति पर खेद व्यक्त किया है। इस घटनाक्रम से देश भर में करोड़ों लोगों को गहरा झटका लगा है। यह मुद्दा संसद में भी गूंजा और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन को स्थिति से अवगत कराया।

**विनेश ने की खेल न्यायालय में अपील:** विनेश फोगाट ने खेल पंचाट न्यायालय में खुद को अयोग्य करार दिए जाने के खिलाफ अपील की है। विनेश ने कहा कि उन्हें रजत पदक दिया जाए। बताया गया कि कोर्ट गुरुवार सुबह 11.30 बजे तक सुना सकता है। यदि कोर्ट से विनेश के पक्ष में फैसला आता है तो इन्हें संयुक्त रूप से रजत पदक दिया जाएगा।

**कुश्ती फेडरेशन ने की अपील:** भारतीय कुश्ती फेडरेशन ने विनेश को अयोग्य ठहराने के फैसले पर फिर से विचार करने के लिए यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से अपील दायर की है और आइओए इस पर हर संभव तरीके से अमल कर रहा है। आइओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा कि मैं विनेश, डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व वाली मेडिकल टीम और शेफ-डी-मिशन गगन नारंग द्वारा रात भर किए गए अथक प्रयासों से अवगत हूं। सभी ने यह सुनिश्चित किया कि वह प्रतिस्पर्धा से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। आइओए यह सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठा रहा है कि दल का मनोबल ऊंचा रहे।

**काफी कोशिश की लेकिन वजन नहीं घटा सके : टीम डॉक्टर:** आइओए की अध्यक्ष पीटी ऊषा और टीम के डॉक्टर ने कहा कि पूरी रात काफी मेहनत की गई लेकिन हम वजन कम करने में विफल रहे। टीम डॉक्टर ने कहा, एक दिन में तीन बाउट लड़ने के कारण विनेश को पानी, प्रोटीन और डाइट दी गई ताकि वह डिहाइड्रेशन से बच सकें। रात को पता चला कि उनका वजन 2.700 किग्रा ज्यादा पाया गया। हमारे पास सिर्फ 12 घंटे का समय था। पूरी टीम ने पूरी रात काम किया और जितना मेडिकली संभव हो सकता था, वो भी किया। एक्सरसाइज की, बाल भी काटे लेकिन काफी कोशिश के बावजूद उनका वजन 100 ग्राम बाकी रह गया।

**पूरी रात कोई नहीं सोया :** वजन घटाने के लिए डॉक्टर और सपोर्ट स्टाफ की पूरी टीम विनेश का वजन घटाने के लिए कोशिश करती रहीं लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वजन घटाने के लिए विनेश ने अपने बाल और नाखून कटवाए। पूरी रात एक बूंद पानी नहीं पिया और भूखे पेट रहीं। उन्होंने पूरी रात साइक्लिंग की और जंपिंग भी की। लेकिन इसके बावजूद उनका वजन सिर्फ 50 ग्राम ही कम हो सका।

### वैज्ञानिकों ने ...

इनमें से 30 ऐसे पाए गए, जो दुनिया में हेल्थ सेक्टर के लिए इमरजेंसी के हालात पैदा कर सकते हैं। इनमें इंफ्लूएंजा-ए, डेंगू और मंकीपॉक्स फैलाने वाले नए वायरस शामिल हैं। अमरीका में हाल ही इंफ्लूएंजा-ए वायरस के कई स्ट्रैन मिले थे। डब्ल्यूएचओ की सूची में बैक्टीरिया के पांच ऐसे नए स्ट्रैन शामिल हैं, जो कोलरा, प्लेग, डिसेंटरी, डायरिया और निमोनिया फैला सकते हैं।

**पेरिस ओलंपिक 2024 :** वजन बढ़ने के कारण विनेश फोगाट को फाइनल से पहले अयोग्य घोषित किया गया, भारतीय खेलप्रेमियों में निराशा

# हमारे पहलवानों को न जाने किसकी नजर लगी...

## 100 ग्राम वजन ने विनेश के सपने को चकनाचूर किया

विशेष संवाददाता
patrika.com

**पेरिस @ पत्रिका.** पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत को कुश्ती में पहलवानों से पदक की काफी उम्मीद थी। लेकिन ऐसा लगता है कि भारतीय पहलवानों को किसी की नजर लग गई और इसी कारण दो पदक आते-आते हमारे हाथ से फिसल गए। विनेश फोगाट 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंची। रजत पदक पक्का हो गया था, लेकिन ऐसी अनहोनी हुई, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। बुधवार सुबह उनका वजन 50 किलो से 100 ग्राम ज्यादा निकला और वह अयोग्य घोषित कर दी गई। इससे पहले, निशा दहिया 68 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में जीत के करीब थीं, लेकिन चोटिल होने के कारण वह हार गई थी। इन दो परिणाम से ना सिर्फ पहलवानों बल्कि करोड़ों देशवासियों का दिल टूट गया है।



***हिम्मत और नैतिकता की मिसाल:*** विनेश तुम हिम्मत और नैतिकता की मिसाल व गोल्ड मेडलिस्ट हो। माटी की बेटी हो इसलिए यह मेडल भी माटी का है। आज सुबह जो हुआ, उसपर भरोसा करना मुश्किल हैं। **-बजरंग पुनिया**

## कड़ी मेहनत की, संघर्ष किया लेकिन किस्मत से हार गईं विनेश

**विनेश फोगाट** ओलंपिक पदक हासिल करने के लिए पिछले 10 सालों से जूझ रही थीं। अपने सपने को पूरा करने के लिए विनेश ने कड़ी मेहनत और संघर्ष किया, लेकिन जब वह अपने तीसरे ओलंपिक में पदक के बेहद करीब थीं, तब किस्मत दगा दे गई।

**2016 रियो ओलंपिक:** विनेश पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही थीं। पहली बाउट में वह 1-0 से आगे थीं, तभी एक दांव के ***बचाव में उनका दाएं घुटना मुड़ गया और वह ओलंपिक से बाहर हो गई।***

**2020 टोक्यो ओलंपिक** चोट से वापसी करने के बाद विनेश टोक्यो में उतरीं। अभ्यास के दौरान पुरानी चोट उभर आई। ***अनफिट विनेश पहले ही दौर में हार गई। भारतीय कुश्ती फेडरेशन के तत्कालीन अध्यक्ष ने विनेश की आलोचना कर उन्हें खोटा सिक्का कहा।***

**2024 पेरिस ओलंपिक** डॉक्टर ने विनेश को कुश्ती से दूर रहने के लिए कहा और वह काफी समय नहीं खेलीं। डिप्रेशन और चोट से उबरने के बाद 2022 कॉमनवेल्थ खेलों में गोल्ड जीता। इसके बाद ***पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और जब वह गोल्ड जीतने के करीब थी, तब अयोग्य घोषित कर दी गई।***

### भावुक हुए ताऊ महावीर बोले, सबकुछ खत्म हो गया



**द्रोणाचार्य** अवॉर्डी कोच और विनेश फोगाट के ताऊ महावीर फोगाट भावुक हो गए। उन्होंने कोच और सपोर्ट स्टाफ पर अंगुली उठाते हुए कहा कि इसके लिए वे जिम्मेदार हैं। उन्हें विनेश का ध्यान रखना चाहिए था लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। उन्हें विनेश का ध्यान रखना चाहिए था। सबकुछ खत्म हो गया।

निशा और विनेश, आपके साहस और दृढ़संकल्प ने पूरे देश को प्रेरित किया है। अयोग्यता के बावजूद आपकी फाइनल तक की यात्रा अविश्वनीय रही।**-सचिन तेंदुलकर,** पूर्व क्रिकेट कप्तान

मैं यह सोचकर परेशान हो जाती हूं कि वह किस तकलीफ से गुजरी होगी। बार-बार मेरे मन में उसे लेकर ख्याल आते हैं।**-साक्षी मलिक,** पूर्व पहलवान

### अंतिम पंघल पहले ही राउंड में मिली शिकस्त



**एशियन** गेम्स की कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघल से पदक की उम्मीद थी। लेकिन बुधवार को 53 किग्रा वर्ग के पहले ही राउंड में वह चीन की येटगिल झेनेप के खिलाफ 0-10 से हार गई।

### निशा दहिया चोट से जीती हुई बाजी हारीं



**68** किग्रा वर्ग में निशा दहिया क्वार्टरफाइनल में 8-1 से आगे थीं, लेकिन अचानक उनका हाथ मुड़ गया। इसका फायदा विपक्षी पहलवान ने उठाया और चोटिल निशा को 8-10 हरा दिया।

## इन 05 मौकों पर फिसला पदक...

**पेरिस ओलंपिक** गेम्स 2024 भारत के लिए अभी तक उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे। पहलवान विनेश फोगाट से पहले कई ऐसे मौके आए, जब भारतीय एथलीटों के हाथ से पदक आते-आते फिसल गया।

**1. तीरंदाजी**

**अंकिता और धीरज:** भारतीय **जोड़ी सेमीफाइनल** में पहुंचकर **हारी। इसके** बाद कांस्य पदक **के मुकाबले** में अमरीकी जोड़ी **से हार गई।**

**2. निशानेबाजी**

**मनु भाकर:** निशानेबाजी में दो कांस्य जीतने वाली मनु भाकर 25मीटर एयर पिस्टल में अपना तीसरा कांस्य जीतने से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं।

**3. निशानेबाजी**

**अर्जुन बाबूता:** पुरुषों की 10मीटर **एयर राइफल** इवेंट में अर्जुन बाबूता एक समय दूसरे स्थान पर पहुंच गए थ और रजत पदक जीतने के दावेदार थे, लेकिन अंतिम राउंड में एक खराब शॉट के कारण वह चौथे स्थान पर फिसल गए।

**4. निशानेबाजी**

**अनंत और महेश्वरी चौहान:** शूटिंग के स्कीट मिस्क्ड टीम इवेंट में अनंतजीत नरूका और महेश्वरी चौहान की जोड़ी कांस्य पदक मुकाबले में चीन के खिलाफ एक अंक से हार गई।

**5. बैडमिंटन**

**लक्ष्य सेन:** युवा शटलर लक्ष्य सेन पहले सेमीफाइनल में हारे। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में पहला गेम जीतने के बावजूद मलेशियाई खिलाड़ी जिया से हार गए।

---

**आज का पोल**

**क्या विनेश फोगाट का फाइनल से अयोग्य किया जाना सही फैसला है?**

YES NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

बुधवार का जवाब

हां **52**% नहीं **48**%

***पिछला सवाल:*** क्या अंतिम पंघल महिला कुश्ती में भारत के लिए पदक जीत सकती हैं?

**पेरिस ओलंपिक :** भारतीय टीम कांस्य पदक मुकाबले में स्पेन के खिलाफ खेलने उतरेगी, भालाफेंक में खिताब बचाने की कवायद

# अब देश की उम्मीदें हॉकी और नीरज चोपड़ा से

**पेरिस @ पत्रिका.** पहलवान विनेश फोगाट के हाथ से पदक फिसलने के बाद अब भारतीय खेलप्रेमियों को पुरुष हॉकी टीम और टोक्यो ओलंपिक के चैंपियन भालाफेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से पदक की उम्मीदें है। ***हॉकी टीम कांस्य पदक के लिए स्पेन के खिलाफ मैदान पर उतरेगी।***



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में भी कांस्य जीता था।

***लगातार दूसरी बार पदक जीतने का मौका:*** भारतीय हॉकी टीम के पास लगातार दूसरी बार ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने का मौका है। भारतीय टीम का सामना स्पेन से होगा, जिसे सेमीफाइनल में नीदरलैंड्स के खिलाफ 0-4 से हार झेलनी पड़ी थी। ओलंपिक खेलों में भारत ने स्पेन से कुल 10 मैच खेले हैं। इसमें भारत ने सात जीते, एक हारा और दो ड्रॉ खेले हैं।

**10** मैच भारतीय टीम ने **ओलंपिक इतिहास में स्पेन से कुल खेले**

**07** मुकाबले भारतीय टीम ने जीते, **01 हारा और दो ड्रॉ रहे**

### दिग्गज को देंगे विदाई गोलकीपर श्रीजेश का आखिरी मैच

**यह दिग्गज** भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश का आखिरी मुकाबला है। वह पहले ही संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। भारतीय टीम 36 वर्षीय श्रीजेश को जीत के साथ विदाई देना चाहेगी।



नीरज चोपड़ा।

### नीरज इतिहास बनाने से सिर्फ एक जीत दूर

**पेरिस @ पत्रिका.** टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के पास लगातार दूसरी बार चैंपियन बनकर खिताब बचाने का शानदार मौका है। नीरज मंगलवार को क्वालीफाइंग राउंड में 89.34 मीटर के साथ शीर्ष पर रहे थे। यदि नीरज लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत लेते हैं तो वह ओलंपिक इतिहास में दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले पहले भारतीय एथलीट बन जाएंगे।

**ओलंपिक पदक तालिका**

| स्थान | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमरीका | 24 | 31 | 31 | 86 |
| 2. | चीन | 22 | 22 | 16 | 60 |
| 3. | ऑस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 10 | 36 |
| 4. | फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| 5. | ब्रिटेन | 12 | 15 | 19 | 46 |
| 59 | भारत | 00 | 00 | 03 | 03 |

*तालिका बुधवार रात तक की है*

**08** स्वर्ण पदक अमरीका ने ***अब अब तक तैराकी में जीते हैं,*** **05 एथलेटिक्स में हासिल किए**

**भाला फेंक**

### अनु रानी हुई बाहर, 15वें स्थान पर रहीं



अनु रानी, महिला भालाफेंक।

**पेरिस @ पत्रिका.** महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में भारत की अनु रानी क्वालीफाइंग राउंड में ही बाहर हो गई। अनु ग्रुप-ए में 15वें स्थान पर रहीं और फाइनल में नहीं पहुंच सकीं। साल 2022 में 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाने वाली एशियाई खेलों की चैंपियन को सीधे क्वालीफाई करने के लिए 62.00 मीटर या दोनों ग्रुपों में शीर्ष 12 में रहने की जरूरत थी। ग्रुप-ए में 15वें स्थान का मतलब है कि वह पेरिस 2024 से बाहर हो गई हैं। रानी ने बुधवार को पहले प्रयास में 55.81 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। उनके अगले दो प्रयास 53.22 और 53.55 मीटर रहे। दक्षिण अफ्रीका की जो-एन वैंन 64.22 मीटर के सर्वश्रेष्ठ स्कोर संग ग्रुप ए में शीर्ष पर रहीं।

**पुरुष हॉकी**

### ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पुलिस हिरासत में

**पेरिस @ पत्रिका.** ऑस्ट्रेलिया के पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग ड्रग्स खरीदने के आरोप में फंस गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें पेरिस में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। इसकी ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक समिति ने पुष्टि की है। 28 वर्षीय टॉप को पुलिस ने पेरिस के थियेटर और शॉपिंग के लिए मशहूर एक इलाके में नशीली दवाओं का लेन-देन करते हुए देखा और फिर गिरफ्तार किया।

**एथलेटिक्स :** 100मी बाधा दौड़ में 7वें स्थान पर

## ज्योति याराजी सेमीफाइनल में नहीं बना सकीं जगह



ज्योति याराजी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस.** भारतीय एथलीट ज्योति याराजी पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 100 मी बाधा दौड़ के पहले राउंड में हीट-5 के सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही। वह रेपेचेज राउंड में हिस्सा लेंगी। ज्योति 13.16 सेकेंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहीं। ज्योति के पास कल रेपेचेज राउंड के जरिए क्वालीफाई करने का एक और मौका होगा।

***ऊंची कूद में कुशारे नहीं कर सके सुधार:*** भारतीय एथलीट सर्वेश कुशारे पुरुषों की ऊंची कूद क्वालिफिकेशन राउंड में 2.15 मीटर के अपने शुरुआती प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सके और फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। कुशारे 2.15 मीटर के अपने पहले प्रयास में सफल रहे लेकिन 2.20 मीटर के लिए अपने तीन प्रयासों में से किसी भी प्रयास में सफल नहीं हुए। वहीं, क्वालिफिकेशन मानक 2.29 मीटर था।

**टेबल टेनिस में भारतीय चुनौती खत्म** पेरिस ओलंपिक की टेबल टेनिस स्पर्धा में बुधवार को भारत का अभियान समाप्त हो गया। टीम स्पर्धा में भारत को जर्मनी ने 3-1 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारते की ओर से सिर्फ अर्चना कामथ ही संघर्ष कर पाईं।

**एथलेटिक्स:** 100 मीटर की चैंपियन जूलियन अल्फ्रेड ने 22.08 सेकेंड के समय के साथ जीता रजत पदक

## अमरीका की गैबी थॉमस बनीं 200 मीटर में चैंपियन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस.** अमरीका की गैबी थॉमस ने शानदार फर्राटा भरते हुए पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। थॉमस ने 21.83 सेकेंड के समय के साथ यह उपलब्धि हासिल की। वहीं सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड 22.08 सेकेंड के साथ रजत और अमरीका की ही ब्रिटनी ब्राउन ने 22.20 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता।




***दूसरा पदक*** थॉमस ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। वहीं गत वर्ष विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वे रजत पदक विजेता रही थीं। इस बार उन्होंने कोई गलती नहीं की।

**वेटलिफ्टिंग**

### मीराबाई चानू पदक जीतने से चूकीं

**पेरिस @ पत्रिका.** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने निराश किया और वह चौथे स्थान पर रहकर पदक जीतने से चूक गई। मीराबाई ने कुल 199 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 88 और क्लीन एंड जर्क में 111 किग्रा वजन उठाया। चीन की झेहियुई होउ ने कुल 206 किग्रा के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। रोमानिया की मिहाएला वेलेनटीना ने 205 किग्रा के साथ रजत व थाइलैंड की सुरोदोचना (200 किग्रा) ने कांस्य जीता।

**मील का पत्थर** // क्यूबा के पहलवान ने 2008 बीजिंग ओलंपिक से 2024 पेरिस ओलंपिक तक लगातार ग्रीको रोमन कुश्ती में जीते स्वर्ण पदक

# मिजैन लोपेज : लगातार 5वां स्वर्ण जीत कर लिया संन्यास, जूते मैट पर ही छोड़े

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पेरिस.** क्यूबा के पहलवान मिजैन लोपेज ने कुश्ती में एक ऐसा मील का पत्थर स्थापित किया है, जिस तक पहुंचना आसान नहीं होगा। मिजैन ग्रीको रोम कुश्ती में लगातार पांच ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले एथलीट बन गए हैं। उन्होंने यहां पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 130 किग्रा भार वर्ग में चिली के यास्मानी कोस्टा को एकतरफा अंदाज में 6-0 से हरा कर इतिहास रच दिया। वे ओलंपिक में एक ही इवेंट में लगातार पांच स्वर्ण जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी बन गए हैं। मिजैन ने 2004 एथेंस ओलंपिक में पदार्पण किया था, लेकिन तब वे क्वार्टरफाइनल में हार गए थे। उसके बाद से मिजैन अजेय रहे हैं।

**रहा दबदबा...**

**2008, बीजिंग**
स्वीडन के जेमार जोबर्ग को 4-0, 5-0 से हराया

**2012, लंदन**
एस्टोनिया के हेइकी नेबी को 2-0, 2-0 से हराया

**2016 रियो डी जिनेरियो**
तुर्किये के रिजा कायाल्प को 6-0 से हराया

**2020 टोक्यो**
जॉर्जिया के आकोबी कजाइया को 5-0 से हराया

**2024 पेरिस**
चिली के यास्मानी कोस्टा को 6-0 से दी मात

**नोट:** 2008, 2012 में 120 किग्रा, शेष तीन में 130 किग्रा में उतरे।



क्यूबा के मिजैन लोपेज संन्यास के बाद अपने जूते मैट पर रखते हुए।

**41 साल** की उम्र में स्वर्ण पदक जीतने वाले ***सबसे उम्रदराज ओलंपियन***

**01 खिलाड़ी** हैं ओलंपिक में एक ही इवेंट में ***पांच स्वर्ण पदक जीतने वाले***

**06 ओलंपिक** में उतरे मिजैन अपने करियर में

**23 बाउट लड़ी मिजैन ने ओलंपिक में**

**22** मुकाबलों में जीत दर्ज की

**01** मैच हारा अपने ओलंपिक करियर में

**कहा अलविदा...**

**मिजैन** ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने बाउट जीतने के बाद प्रतीकात्मक रूप से अपने जूते मैट पर ही छोड़ दिए, जिसका सीधा अर्थ था कि वे आगे इस मैट पर बाउट करने नहीं उतरेंगे।

***फाइनल में पूर्व साथी से भिड़े:*** फाइनल में लोपेज का सामना राष्ट्रीय टीम के उनके पूर्व साथी कोस्टा से हुआ था, कोस्टा 2017 में क्यूबा छोड़कर चिली चले गए थे। हालांकि कई सालों तक कोस्टा के साथ खेलने का फायदा मिजैन को मिला।

### 16 साल तक रहा मैट पर जलवा

**मिजैन** की यह महान उपलिब्ध है, 16 साल से अधिक वर्षों तक ओलंपिक में उनका दबदबा रहा। उन्होंने एक ही इवेंट में लगातार पांच ओलंपिक स्वर्ण पदक जीत कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। उनसे पहले लगातार चार ओलंपिक में माइकल फेल्प्स (विभिन्न शैलियों में 200 मीटर), केटी लेडेकी (800 मीटर फ्रीस्टाइल), कार्ल लुईस (लंबी कूद), अल्फ्रेड ओर्टर (डिस्कस थ्रो), पॉल एल्वस्ट्रॉम (नौकायन), और काओरी इचो (कुश्ती) यह उपलब्धि हासिल की थी। मिजैन ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है।

**पत्रिका पोल**

Q विनेश फोगाट को फाइनल में अयोग्य ठहराए जाने के पीछे क्या कोई साजिश हो सकती है?

**कल का सवाल था**
क्या तख्तापलट के बाद नई सरकार बांग्लादेश में शांति और स्थिरता दे पाएगी?
जवाब
27% हां 73% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया@ शॉर्ट रीड

### तमिलनाडु पम्बन ब्रिज पर रेलवे का ट्रायल सफल

**रामनाथपुरम @ पत्रिका.** लिफ्ट स्पैन मैकेनिज्म का काम पूरा होने के साथ ही दक्षिण रेलवे ने अरब सागर में बने नए पंबन रेलवे सी ब्रिज पर मंडपम से ब्रिज के दूसरे छोर तक और फिर वापस मंडपम तक ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) टावर कार चलाकर सफलतापूर्वक ट्रायल रन किया। अब एक घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा।

### महाराष्ट्र पुणे में जीका वायरस के 66 मामले

**पूणे @ पत्रिका.** महाराष्ट्र के पुणे शहर में पिछले दो महीनों में जीका वायरस संक्रमण के कम से कम 66 मामले सामने आए हैं। नगर निगम अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इनमें से चार मरीजों की मौत हो गई है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि संक्रमित लोगों में 26 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश का स्वास्थ्य ठीक है। शहर में जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला 20 जून को एरंडवाने इलाके में 46 वर्षीय एक डॉक्टर में संक्रमण के साथ आया था।

### दिल्ली कोचिंग सेंटर में मौत, सीबीआइ जांचेगी

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में सिविल सेवा की परीक्षा देने वाले तीन अभ्यर्थियों की मौत की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली है। 27 जुलाई को उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव, तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नेविन डेल्विन (24) भारी बारिश के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर में राव के आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में पानी भर जाने से डूब गए थे। सीबाआइ की टीम बुधवार को कोचिंग सेंटर पहुंची।

### दिल्ली 4 साल की बच्ची पर श्वान गिरा, मौत

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** एक चार वर्षीय लड़की की उस समय जान चली गई जब एक श्वान एक इमारत की पांचवीं मंजिल से उसके ऊपर गिर गया। यह अजीबोगरीब दुर्घटना मंगलवार को शाम करीब 4:30 बजे मुंब्रा इलाके की एक भीड़भाड़ वाली संकरी गली में हुई। दुर्घटना के वायरल हो रहे वीडियो में कुत्ते को लड़की पर गिरते देखा जा सकता है। टक्कर के बाद, लड़की के साथ चल रही एक महिला ने उसे उठाया और लेकर अस्पताल की ओर भागी। पर उसे बचाया नहीं जा सका।

### पंजाब तरनतारन में पाक ड्रोन बरामद

**जालंधर @ पत्रिका.** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने पंजाब के जिला तरनतारन में एक ड्रोन बरामद किया है। सुरक्षा टीम को सीमापार से आए एक ड्रोन की सूचना मिली थी। तलाशी अभियान के दौरान जवानों ने तरनतारन जिले के पल्लोपाटी गांव से सटे एक खेत से एक ड्रोन बरामद किया। बरामद ड्रोन की पहचान चीन निर्मित डीजेआइ माविक-3 क्लासिक के रूप में की गई है।

### बंगाल कैफे में तेज धमाका, एक घायल

**कोलकाता @ पत्रिका.** दक्षिण कोलकाता के एक कैफे में विस्फोट के बाद एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय नगर पार्षद मौसमी दास ने बताया कि जोधपुर पार्क स्थित कैफे में काम करने वाला एक लड़का विस्फोट के बाद झुलस गया। झुलसे हुए व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। धमाका इतना तेज था कि शटर उड़ गया और खिड़कियां टूट गईं। घटना की जांच की जा रही है।

### कर्नाटक काली नदी पर 40 साल पुराना पुल ढहा



**बेंगलूरु.कारवार.** उत्तर कन्नड जिले में कारवार के पास काली नदी पर बना चार दशक पुराना पुल मंगलवार मध्य रात्रि के बाद ढह गया। इससे कारवार और गोवा के बीच यातायात बाधित हो गया। पुल ढहने से एक ट्रक भी नदी में गिर गया, लोगों ने चालक मुरुगन को बचा लिया।

## वर्ल्ड@ शॉर्ट रीड

### लाओस कॉल सेंटर से 14 भारतीयों को छुड़ाया

**वियांगचान@ पत्रिका.** लाओस में भारतीय दूतावास ने गोल्डन ट्राइंगल विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में स्थित साइबर सुरक्षा धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर से 14 भारतीय युवकों को बचाया है। नौकरी के नाम पर यहां इनकी स्थिति बंधकों जैसी थी। इनकी सुरक्षित वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं। दूतावास ने फर्जी नौकरी ऑफर को लेकर सावधान रहने की सलाह दी है। अब तक 548 युवाओं को बचाया गया है।

### नाइजीरिया यूक्रेन से तोड़े राजनयिक संबंध

**नियामी @ पत्रिका.** नाइजीरिया की सैन्य सरकार ने 'तत्काल प्रभाव से' यूक्रेन के साथ राजनयिक संबंध तोड़ लिए हैं। सरकार के प्रवक्ता अमादौ अब्द्रमाने ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर यह जानकारी देते हुए कहा कि यूक्रेन माली के 'आतंकवादी संगठनों को समर्थन' दे रहा है, इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से यूक्रेन की 'आक्रामकता' पर निर्णय लेने का आह्वान किया।

**अस्थिर बांग्लादेश:** नई सरकार के मुखिया होंगे यूनुस, नए पुलिस प्रमुख ने मांगी जनता से माफी

# पड़ोस में आज बनेगी अंतरिम सरकार, उत्तर बंगाल सीमा पर घुसपैठ नाकाम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**ढाका.** शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश से भागने के बाद बांग्लादेश में गुरुवार को अंतरिम सरकार बनने की संभावना है। इस बीच, सैकड़ों बांग्लादेशी भारत की सीमा पर शरण लेने के लिए जमा हो गए हैं। बांग्लादेश में सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि करते हुए कहा कि गुरुवार को अंतरिम सरकार गठित कर दी जाएगी व नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस नई सरकार का नेतृत्व करेंगे। यूनुस गुरुवार को दुबई से ढाका पहुंच जाएंगे। यूनुस ने युवाओं से शांत रहने की अपील करते हुए कहा कि हम एक नया बांग्लादेश बनाएंगे।

इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया ने अपना पहला वर्चुअल सार्वजनिक भाषण देते हुए शांति की अपील की। उन्हें बुधवार को ही जेल से रिहा किया गया था। भ्रष्टाचार के आरोपों में 2018 में जेल की सजा सुनाए जाने के साढ़े छह साल बाद यह उनका पहला सार्वजनिक भाषण था। उधर, बांग्लादेश के नए पुलिस प्रमुख मोहम्मद मैनुल इस्लाम ने विरोध प्रदर्शन में हुई हत्याओं पर माफी मांगते हुए 'निष्पक्ष' जांच का वादा किया। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों से ड्यूटी पर लौटने का आग्रह किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले दो दिन में भीड़ ने 400 थानों पर हमले किए हैं, 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मारे गए। अधिकांश थाने खाली पड़े हैं।



**बांग्लादेश** में जाने-माने गायक राहुल आनंद का 140 साल पुराना घर जला दिया गया। आनंद के घर से 3 हजार म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स भी चुरा लिए या जला दिए। आनंद, उनकी पत्नी और बेटा बचकर भागने में कामयाब रहे।

### सीमा पर बांग्लादेशियों का हुआ जमावड़ा

**करीब** 500 बांग्लादेशी बुधवार को जलपाईगुड़ी में भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एकत्र हो गए। घटना झापोरतला सीमा चौकी क्षेत्र के दक्षिण बेरुबारी गांव के पास हुई। कोई भी भारत में प्रवेश नहीं कर सका क्योंकि सीमा पूरी तरह से सील थी। उधर, बांग्लादेश सीमा रक्षक बल ने हाई अलर्ट लागू कर दिया है ताकि पूर्व मंत्री, सांसद और हसीना की अवामी लीग के नेता बेनापोल सीमा के जरिए अवैध रूप से भारत न जा सकें। भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भी सीमा पर गश्त कड़ी कर दी है।

### अवामी लीग के नेताओं पर हमले जारी

**बांग्लादेश** में जमीनी हालात अस्थिर बने हुए हैं। राष्ट्रीय स्मारकों, सरकारी इमारतों और घरों में लूटपाट जारी है। पिछली सरकार के करीबी माने जाने वाले अधिकांश वरिष्ठ अधिकारी भूमिगत हो गये हैं। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को लालमोनिरहाट जिले में अवामी लीग के दो सांसदों और 100 से अधिक समर्थकों के घरों पर हमले किये। अवामी लीग के दो सांसदों मोताहर हुसैन व मोतिहार रहमान सहित कई नेताओं के घरों में लूटपाट की गई। अवामी लीग के एक पदाधिकारी के घर से छह शव बरामद किए गए हैं।

### ब्रीफ अपडेट...

- **दिल्ली** में बांग्लादेश उच्चायोग ने 15 अगस्त को शेख मुजीबुर रहमान की 1975 में हुई हत्या की बरसी पर मनाए जाने वाले समारोह को 'स्थगित' कर दिया है।
- सैकड़ों बैंक अधिकारियों के विरोध प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश सेंट्रल बैंक के 4 डिप्टी गवर्नरों को भी देना पड़ा इस्तीफा।
- **ढाका** स्थित भारतीय उच्चायोग के गैर-आवश्यक कर्मचारी बुधवार को भारत लौट आए। वहीं, वहां पढ़ाई कर रहे 25 छात्र भी बुधवार को भारत लौटे।
- **रिपोर्ट** के अनुसार बांग्लादेश नेशनल पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान, जिन्हें इस वर्ष के प्रारंभ में 'इंडिया आउट' अभियान के पीछे का व्यक्ति माना जाता है, ढाका लौटने वाले हैं।

**कई जगहों पर भिड़े दंगाई और पुलिस**

# ब्रिटेन में प्रवासी विरोधी हिंसा की चपेट में भारतीय

**लंदन @ पत्रिका.** ब्रिटेन के साउथपोर्ट में मशहूर सिंगर टेलर स्विफ्ट की थीम वाली डांस पार्टी में तीन बच्चियों की चाकू से गोदकर हत्या के बाद वहां के कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहे। दक्षिणपंथी संचार तंत्र पर नजर रखने वाले एक समूह ने दावा किया है कि बुधवार को नस्लवादी भीड़ ने कम से कम 30 स्थानों को निशाना बनाया। आगे और हिंसा की तैयारी कर रही पुलिस, अब तक 400 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। देश भर में प्रवासियों का समर्थन करने वाले एडवोकेट समूहों के साथ ही आव्रजन केंद्र और मस्जिदें निशानें पर रहीं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक इन समूहों के निशाने पर मुस्लिम ही बने हुए थे, लेकिन अब यह दंगे प्रवासी विरोधी रूप लेते जा रहे हैं और कई भारतीयों को भी निशाना बनाया गया है।

दंगाइयों की चपेट में आने से बचाने के लिए ब्रिटेन के नार्थम्पटन में विंडो पर ब्रिटिश होने का बोर्ड लगाते हुए हुए स्थानीय दुकानदार।



### प्रवासी समर्थक व विरोधी भी भिड़े

**हिंसक** प्रदर्शनों में कई जगह प्रदर्शनकारी आमने-सामने हो गए। प्रवासी जहां, शरणार्थियों का स्वागत है, तथा नाजी कचरे हमारी सड़कों से दूर हो जाओ जैसे नारे लगा रहे थे। वहीं, प्रवासी विरोधी लोग ब्रिटेन में ब्रिटिश ही रहेंगे, चाहे हमें जान ही क्यों देनी पड़े के नारे लगा रहे थे।

### मस्क ने पुलिस पर उठाए सवाल

**इस** बीच, मस्क ने ब्रिटिश सरकार पर हमले और तेज करते हुए कहा है कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली श्वेत दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं के मुकाबले अल्पसंख्यक मुसलमानों से अधिक नरमी से पेश आती है। मस्क ने पीएम कीर स्टार्मर को भी घेरा कि उन्हें सिर्फ मुस्लिमों की चिंता है।

**अमरीका:** एफबीआइ ने कहा- ईरान से जुडे हैं तार

# ट्रंप को मारने की साजिश, एक पाकिस्तानी गिरफ्तार

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** अमरीका ने ईरान से संबंध रखने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक पर अमरीकी राजनेताओं की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। संघीय अभियोजकों ने कहा कि 46 वर्षीय आसिफ मर्चेंट ने अमरीकी धरती से किसी राजनेता या अमरीकी सरकारी अधिकारियों की हत्या की साजिश रची। आपराधिक शिकायत में पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया गया है लेकिन मीडिया के अनुसार साजिश के लक्षित लक्ष्यों में से एक ट्रंप थे। जिन पर जुलाई में हमला हुआ था। एफबीआइ ने आसिफ के तार ईरान से जुड़े होने की बात कही है।



***कौन है आसिफ:*** पाक नागरिक आसिफ ईरान होते हुए जून में अमरीका आया था। यहां ट्रंप पर हमले से एक दिन पहले 12 जुलाई को उसे गिरफ्तार किया गया, जब वह देश से बाहर जाने के लिए उड़ान भरने वाला था।

**कांग्रेस नेता बोले**

### बांग्लादेश की तरह मोदी के घर भी घुस जाएगी जनता

**भोपाल @ पत्रिका.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी को पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे बांग्लादेश में गलत नीतियों के कारण शेख हसीना के निवास प्रधानमंत्री आवास में जनता घुस गई। छह माह पहले श्रीलंका की जनता प्रधानमंत्री आवास में घुस गई थी। वैसे ही पीएम मोदी की गलत नीतियों से आक्रोशित जनता उनके आवास में घुस जाएगी। भाजपा ने पूर्व मंत्री के बयान की आलोचना की है। राज्य सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल ने वर्मा के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि वर्मा पर देशद्रोह का मामला दर्ज हो।

**प. एशिया:** इजरायल पर हमले के समय का मिला संकेत

# 'ईरान के हवाई स्पेस से सुबह 6.30 से 9.30 तक दूर रहें'

**तेहरान @ पत्रिका.** इजराइल और ईरान में तनाव के बीच मिस्र ने अपनी सभी एयरलाइन्स को गुरुवार की सुबह तीन घंटे के लिए ईरानी हवाई क्षेत्र से बचने का निर्देश दिया है। 'नोटिस टू एयरमैन' में कहा गया है कि यह समय सुबह 6.30 से 9.30 बजे (भारतीय समयानुसार) तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान यहां से कोई भी उड़ान योजना स्वीकार नहीं की जाएगी। उधर, सऊदी अरब और जॉर्डन ने ईरान से कहा है कि इजरायल पर हमला करने के लिए उसके एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं करे। साथ ही जॉर्डन ने कहा है कि अगर इजरायल और हमास में युद्ध विराम नहीं हुआ तो पश्चिम एशिया में तबाही आ सकती है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने इजरायल को अपने हमले के टारगेट की सूची भी दी है।

### ईरानी राष्ट्रपति और सर्वोच्च नेता में मतभेद

उधर, मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और सर्वोच्च नेता अली खामेनेई में इजरायल पर हमले को लेकर मतभेद उभर कर आए हैं। ईरानी राष्ट्रपति चाहते हैं कि इजरायल पर हमले से पहले ईरान को अपने देश में इजरायली जासूसों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

**अमरीकी चुनाव**

### अरबपति मस्क सोमवार रात को ट्रंप का इंटरव्यू करेंगे

**वॉशिंगटन @ पत्रिका.** अमरीकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वे सोमवार रात को टेक दिग्गज एलन मस्क को एक इंटरव्यू देंगे। ट्रुथ सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा करते हुए ट्रंप ने कहा, 'सोमवार की रात में एलन मस्क के साथ एक प्रमुख साक्षात्कार करूंगा। हालांकि, मस्क ने अभी तक अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस इंटरव्यू को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। ट्रंप का ये फैसला ऐसे समय में आया है जब डेमोक्रेट पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने टिम वाल्ज को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए चुन लिया है।

**आइएस भर्ती मामला**

### चार आरोपियों के खिलाफ एनआइए ने दायर की चार्जशीट

**चेन्नई @ पत्रिका.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने चेन्नई की एक विशेष अदालत में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उनको आतंकवादी संगठन आइएसआइएस में भर्ती करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। आरोपियों की पहचान जमील बाशा, मोहम्मद हुसैन, इरशाद और सैयद अब्दुर्रहमान के रूप में हुई है। चेन्नई की एक विशेष एनआइए अदालत में आइपीसी और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धाराओं के तहत आरोप-पत्र दायर हुआ है।

**उफनी गंगा-डूबे घाट:** महाश्मशान मणिकर्णिका घाट में छतों पर हो रहा शवों का अंतिम संस्कार, गलियों में पानी





**उत्तर** प्रदेश में गंगा के उफान में अस्सी घाट डूब गया है। वाराणसी के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर शवों का अंतिम संस्कार छत पर किया जा रहा है. वहीं हरिश्चंद्र घाट में गलियों में शवदाह शुरू हो गया है। गंगा का पानी गलियों की ओर बढ़ रहा है। प्रयागराज में संगम तट पर जलस्तर बढ़ने के कारण लोग अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर ले जाते हुए नजर आ रहे हैं।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### सिनवार को भी जल्द खत्म कर देंगे

**हमास** ने अब इजरायल पर सात अक्तूबर को हुए हमले के मास्टरमाइंड याह्या सिनवार को अपना प्रमुख नेता चुना है। इसके बाद इजरायली विदेश मंत्री काट्ज ने कहा, वे याह्या को भी जल्द खत्म कर देंगे।

### श्रीलंका: नमल भी लड़ेंगे राष्ट्रपति चुनाव

**श्रीलंका** में 21 सितंबर को होने वाला राष्ट्रपति चुनाव अब चतुष्कोणीय हो गया है। महिंदा राजपक्षे के बेटे नमल राजपक्षे को भी उम्मीदवार बनाया गया है। दौड़ में राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे, नेता विपक्ष साजिथ प्रेमदासा और वामपंथी नेता एके दिसानायके भी हैं।



### भयानक है हिंदुओं के खिलाफ हिंसा

**बांग्लादेश** में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का मुद्दा अब यूरोप तक पहुंच गया है। नीदरलैंड के शीर्ष राजनेता गीर्ट वाइल्डर्स ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को भयानक बताते हुए इस जल्द समाप्त करने का भी आह्वान किया है।



# यूपीएससी की तैयारी करने वाले ढूंढ रहे महफूज ठिकाने, हॉस्टल-पीजी पर दलालों का राज

**पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट**

*दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर की बेसमेंट लाइब्रेरी में पानी भरने से यूपीएससी के तीन अभ्यर्थियों की 27 जुलाई को हुई मौत के बाद छात्र-छात्राएं प्रदर्शन कर रहे हैं। समस्याएं एक नहीं कई हैं...पत्रिका की ग्राउंड जीरो रिपोर्ट...*

रूपेश मिश्रा
patrika.com

**दिल्ली.** राजीव चौक मेट्रो स्टेशन दिल्ली के उन स्टेशनों में है, जहां लाइन में खड़े हो जाने मात्र से आम जनता धक्का दे-देकर आपको मेट्रो के डिब्बे के अंदर कर देती है। मैं भी वहां से द्वारका जाने वाली मेट्रो पकड़कर चंद मिनटों में करोल बाग पहुंच गया।

मेट्रो स्टेशन में लगे कोचिंग सेटरों के बड़े-बड़े बोर्ड दूसरे मेट्रो स्टेशन से अलग अहसास करवा रहे थे। करोल बाग मेट्रो स्टेशन से यूपीएससी छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन वाली जगह की ओर बढ़ा ही था कि 50 कदम की दूरी में 5 'लपके' मेरे पास आ गए। कहने लगे यूपीएससी की तैयारी करनी है.. आ जाओ.. देख लो..अच्छी कोचिंग है.. एक सप्ताह डेमो लेकर देख लो। इनसे बचकर प्रदर्शन वाली जगह पहुंचा तो देखा सड़क के दोनों ओर पुलिस बैरिकेड लगी है। छात्र-छात्राएं बीच में प्रदर्शन कर रहे हैं। कई के परिजन भी यहां नजर आए। पूछने पर बताया कि बच्चों की चिंता यहां खींच लाई।



**राजधानी** में हालात से परेशान डेरा डालकर बैठे प्रदर्शनकारी छात्र।

### बगैर दलालों के नहीं मिलते कमरे

**छात्र-छात्राओं** से बात करना शुरू किया तो कई बातें सामने निकलकर आईं। इन सबके बीच किराए के मकान यानी हॉस्टल-पीजी का खेल अलग ही नजर आया। कई ने बताया कि पहली बार में 40,000 रूपए तो चाहिए ही चाहिए। पहला किराया, एक महीने का एडवांस और एक महीने की दलाली...आपके पास देने के लिए इतने रुपए नहीं है तो कमरा भूल जाइए।

### डिपॉजिट के 21000 लौटाने को तैयार नहीं हो रहा मकान मालिक

**मुंबई** की रहने वाली अर्चना जादौन के बेटी इस इलाके में रहकर यूपीएससी की तैयारी करती हैं। अब, अर्चना भी दिल्ली में अपनी बेटी के पास रहेंगी इसलिए बेटी का पीजी बदलकर नई जगह जाना चाहती हैं। लिहाजा, शुरू में डिपॉजिट किए अपने 21000 रुपए मांगने पहुंची तो मना कर दिया गया। अर्चना की पीड़ा थी कि हम बेटी को पढ़ाने के लिए आए हैं या थाने के चक्कर लगाने। सरकार ऐसे माफिया पर नकेल क्यों नहीं कसती है?

***12000 रुपए की दलाली दी, तब मिला कमरा...*** यूपी के बरेली से आए रामपाल राठी ने बताया कि पहले बेटी जहां रहती थी, वहां व्यवस्था व सुरक्षा अच्छी नहीं थी। आसपास बहुत पीजी देखे लेकिन सीधे कोई देने को तैयार नहीं हो रहा था। दलालों से ही संपर्क किया। एक को 12000 रुपए की दलाली दी, तब इससे दोगुने किराए पर कमरा मिला।

***रेल के डिब्बे जैसा कमरा, किराया 15-20 हजार...*** मेरठ से दिल्ली आई छात्रा आस्था ने कहा कि पहले मैं इसी इलाके में रहती थी लेकिन सुरक्षा और सफाई दोनों नहीं थी। मैंने अब दूसरी जगह कमरा लिया है। लेकिन हर जगह हालात एक जैसे हैं। ट्रेन के केबिन से थोड़ा बड़े साइज का कमरा यहां कम से कम 15 से 20 हजार का मिलेगा।

***अश्लील चैट कर परेशान करते हैं दलाल...*** कुछ छात्राओं ने बताया कि कई दलाल परेशान तक करते हैं। उनके पास आसानी से हमारा नंबर पहुंच जाता है। बेवजह मैसेज और कॉल करते हैं। अभी एक छात्रा से दलाल ने अजीबगरीब डिमांड तक की थी। जिसकी चैट भी सबके सामने आई है। साइबर पुलिस जांच कर रही है। ऐसे कई मामले हैं।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारी: सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''

✅ **Get 🆓 access of all National newspaper of India E-books & Magazine** 

🏅 **Simplifying your Carrier Goal** 🎖

नीचे लिंक पर जॉइन करें 👉

**Click here** 👉
**https://t.me/E_Library_For_Aspirants**

**UPSC,BPSC, SSC,UPPSC , RO/ARO And other Exam** 🔷 ➕

नीचे लिंक पर जॉइन करें

**click here**
👉 **https://t.me/mission_Government_job_2**